e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 16
गुरुवार
16.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अगर आपको अच्छे बदलाव देखने है, तो पहले आपको खुद में बदलाव लाना होगा!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### रूस ने किया कीव पर भीषण हवाई हमला, यूक्रेन के सभी राज्यों में रेड अलर्ट जारी

**कीव:** रूस ने यूक्रेन बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया किया है। इस कारण यूक्रेन अंधेरे में डूब गया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि रूसी हमले के चलते देश भर में एहतियातन बिजली कटौती करनी पड़ी है। कीव पर बड़े पैमाने पर हमले के बीच यूक्रेन में बुधवार सुबह सभी जगह रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस हवाई हमले के अलर्ट से लोगों को यह संकेत दिया गया है कि रूस अभी और संभावित हमला कर सकता है, इसलिए उससे सावधान रहें। रूसी युद्धक विमान अभी भी वहा में उड़ान भरते देखे जा रहे हैं। इससे यूक्रेन पर एक और संभावित हमले के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

### निलंबित खनन अधिकारी के लिए जांच पैनल का गठन

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर सरकार ने कठुआ के पूर्व जिला खनिज अधिकारी नवीन कुमार के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति नियुक्त की है जिन्हें दिसंबर 2024 में निलंबित कर दिया गया था। एक आदेश के अनुसार पैनल में सरकार की विशेष सचिव डॉ. नरगिस सुरैयो, वित्त निदेशक रेयाज हुसैन और भूविज्ञान एवं खनन उप निदेशक डॉ. राज कुमार शामिल हैं। समिति को 30 दिनों के भीतर अपने निष्कर्ष और सिफारिशें प्रस्तुत करने का काम सौंपा गया है। यह कदम उपमुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देशों का पालन करता है।

### प्रधानमंत्री ने तमिल कवि तिरुवल्लुवर को नमन किया

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिल कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर को याद करते हुए कहा कि उनकी कविताएं तमिल संस्कृति और हमारी दार्शनिक विरासत का सार दर्शाती हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा,तिरुवल्लुवर दिवस पर हम अपने देश के महानतम दार्शनिकों, कवियों और विचारकों में से एक, महान तिरुवल्लुवर को याद करते हैं। उनकी कविताएं तमिल संस्कृति और हमारी दार्शनिक विरासत का सार दर्शाती हैं। उनकी शिक्षाएं धार्मिकता, करुणा और न्याय पर जोर देती हैं। उनकी कालातीत रचना, तिरुक्कुरल, प्रेरणा की किरण के रूप में खड़ी है, जो कई मुद्दों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। हम अपने समाज के लिए उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने आज खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य क्षेत्र स्पिनवाम में चार आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने इसकी पुष्टि की। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षाबलों को यह कामयाबी 14/15 जनवरी की रात खुफिया आधारित अभियान में मिली। जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ठिकाने को घेरकर ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इस दौरान चार आतंकवादी मारे गए। आतंकियों के ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। इससे पहले मंगलवार को सुरक्षा बलों ने प्रांत के टैंक और खैबर जिलों में दो खुफिया आधारित अभियानों में आठ आतंकवादियों को मार गिराया था।

### छत्तीसगढ़ पहुंचे उप राष्ट्रपति धनखड़, राज्यपाल ने किया स्वागत

**रायपुर :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। वे गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान उनका छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना पर राजकीय गमछा पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, गृह मंत्री छत्तीसगढ़ विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित होंगे आईएएस अनुराग श्रीवास्तव

**लखनऊ :** जल जीवन मिशन की परियोजनाओं में सोलर पावर का अभिनव प्रयोग करने के लिए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 के लिए चुना गया है।केंद्र सरकार द्वारा उन्हें इनोवेशन स्टेट की कैटेगरी में सम्मानित किया जाएगा। वे 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस पुरस्कार से उन्हें 10 अप्रैल को नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोलर तकनीक के इस्तेमाल से गांवों में की जाने वाली जलापूर्ति की लागत में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्युनतम | $13^0$ |


### पीएम मोदी ने दो युद्धपोत व एक पनडुब्बी देश को किया समर्पित

# मजबूत भारत बनेगा: पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने कहा कि 15 जनवरी के दिन को सेना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले प्रत्येक जांबाज को मैं नमन करता हूं। मां भारती की रक्षा में जुटे हर वीर-वीरांगना को मैं बधाई देता हूं। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और विजन दिया था।**

#### फ्रांसीसी नौसेना के सहयोग से वाघशीर का निर्माण

आईएनएस वाघशीर पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी है। आईएनएस वाघशीर पनडुब्बी निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका निर्माण फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से किया गया है।



#### अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है भारत

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, भारत विकासवाद की भावना से काम करता है। 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, ये देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, समुद्र की गहराई हो या फिर असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर रिफॉर्म किए जा रहे हैं।

#### समुद्री मार्गों की रक्षा करना जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तटीय समुद्री क्षेत्र, नौवहन की स्वतंत्रता और सुरक्षित व्यापार आपूर्ति लाइनों एवं समुद्री मार्गों की रक्षा करना महत्वपूर्ण है। हमें समुद्र को नशीले पदार्थों, हथियारों और आतंकवाद से बचाने में वैश्विक साझेदार बनना चाहिए और इसे सुरक्षित एवं समृद्ध बनाना चाहिए।

#### दुनिया के विध्वंसक जहाजों में शुमार आईएनएस सूरत

आईएनएस सूरत 15बी श्रेणी के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम जहाज है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक जहाजों में शुमार है। इसमें 75 फीसदी स्वदेशी सामग्री है, जो अत्याधुनिक हथियार, सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है।

#### समुद्र में लंबे समय तक रह सकता है आईएनएस नीलगिरी

आईएनएस नीलगिरी 17ए स्टील्थ फ्रिगेट प्रोजेक्ट का पहला जहाज है। इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। इसे बढ़ी हुई क्षमता, समुद्र में लंबे समय तक रहने व स्टील्थयुक्त उन्नत सुविधाओं के साथ नौसेना में शामिल किया गया है। यह स्वदेशी फ्रिगेट की अगली पीढ़ी को दर्शाता है।

एजेंसी
**मुंबई :** भारतीय नौसेना के युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को बुधवार को नौसेना की गोदी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में बल में शामिल किया गया।
नौसेना ने तीनों बड़े युद्धपोतों के शामिल होने को एक ऐतिहासिक अवसर करार दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है। भारत को विश्व में, विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साझेदार के रूप में मान्यता मिल रही है।
भारत विस्तारवाद के लिए नहीं, विकास के लिए काम कर रहा है। भारत ने हमेशा एक मुक्त, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है।
पीएम मोदी ने कहा कि 15 जनवरी के दिन को सेना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले प्रत्येक जांबाज को मैं नमन करता हूं। मां भारती की रक्षा में जुटे हर वीर-वीरांगना को मैं बधाई देता हूं। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं।

### कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन का हुआ उद्घाटन

# देश की चुनाव प्रणाली में है गंभीर समस्या : राहुल गांधी



एजेंसी
**नई दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा समेत हालिया विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए बुधवार को चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए और दावा किया कि देश की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद यह दावा भी किया कि आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान करने वालों के नाम और पते के साथ मतदाता सूची उपलब्ध कराने से इनकार कर रहा है, जबकि पारदर्शी होना उसका कर्तव्य है। राहुल गांधी ने कहा, यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष स्थिति वाली लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि आप मानते हैं कि हम सिर्फ भाजपा नाम के राजनीतिक संगठन और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं, तो ऐसा नहीं है। उन्होंने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस के लोग सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि व्यवस्था से भी लड़ रहे हैं।उन्होंने दावा किया कि मैंने साफ तौर पर कहा है कि महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गलत हुआ है। हम चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से खुश नहीं हैं।

**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा समेत हालिया विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए बुधवार को चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए और दावा किया कि देश की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद यह दावा भी किया कि आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान करने वालों के नाम और पते के साथ मतदाता सूची उपलब्ध कराने से इनकार कर रहा है, जबकि पारदर्शी होना उसका कर्तव्य है।**

# अब वंदे भारत में भी फ्री यात्रा कर सकेंगे केंद्रीय कर्मचारी



एजेंसी
**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़े तोहफे का ऐलान किया है। केंद्र ने अपने कर्मचारियों को अवकाश यात्रा रियायत के तहत अब वंदे भारत एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस से यात्रा करने की अनुमति दे दी है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को एलटीसी के तहत अलग-अलग प्रीमियम ट्रेनों की स्वीकार्यता के बारे में अलग-अलग ऑफिसो,व्यक्तियों से कई सुझाव मिले थे, जिसके बाद केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को एलटीसी के तहत वंदे भारत और तेजस से भी यात्रा करने की मंजूरी देने का फैसला किया। जारी किए गए एक आदेश में कहा गया कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने व्यय विभाग के परामर्श से इस मामले को जांचने और परखने के बाद ये फैसला लिया गया है कि अब सरकारी कर्मचारियों की पात्रता के अनुसार एलटीसी के तहत तेजस एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस और हमसफर एक्सप्रेस ट्रेनों में भी यात्रा की अनुमति होगी। बताते चलें कि इस फैसले से पहले केंद्र सरकार के कर्मचारियों को एलटीसी के तहत राजधानी एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस और दुरंतो एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनों में एलटीसी के तहत यात्रा करने की अनुमति थी।बताते चलें कि लीव ट्रैवल कन्सेशन के तहत, केंद्र सरकार के पात्र कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ उठाने पर पेड लीव के अलावा उनके द्वारा अन्य यात्राओं के लिए टिकट पर किए गए खर्च के पैसे भी वापस मिल जाते हैं।

### नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 से लौटे प्रतिभागियों को मंत्री ने किया सम्मानित

# झारखंड में भी युवा महोत्सव का आयोजन कराएगी सरकार : सुदिव्य

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** पर्यटन,कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने नई दिल्ली में 10 जनवरी से 12 जनवरी 2025 में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों को बुधवार को सम्मानित किया। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने युवाओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। वे हर क्षेत्र में परचम लहराने की क्षमता रखते हैं। बस जरूरत है उन्हें बेहतर मार्गदर्शन की और सरकार उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।मंत्री ने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका किताबें हैं,उनसे चीजों को परखने की क्षमता आती है। आज की पीढ़ी बहुत तेज है।युवा तर्क करने की क्षमता को विकसित करें।सवाल पूछने की आदत को विकसित करें। युवाओं का जोश और ऊर्जा राज्य और देश के विकास की नींव है। उन्होंने कहा कि शहर,गांव,राज्य मजबूत होगा तभी देश भी मजबूत होगा। बिना राज्य के विकास के हम देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते हैं। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में भी राज्य स्तर पर युवा महोत्सव कराएगी। जहाँ पूरे राज्य से प्रतिभागी भाग लेगें और उनके विचार, उनकी प्रतिभा राज्य के विकास में सहायक होगी।उन्होंने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों को बधाई दी। कहा कि आपने न केवल हमारे राज्य का नाम रोशन किया है। बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बनें हैं। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा, आपकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि हमारे राज्य के युवा किसी से कम नहीं हैं।



# महाकुंभ में वेद मंत्रों का बनेगा विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी
**प्रयागराज :** महाकुंभ मेला क्षेत्र में बुधवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से 9 एकड़ में बसे शिविर का उद्घाटन किया गया. सेक्टर-9 गंगेश्वर बजरंगदास चौराहे पर स्थित इस शिविर में कई तरह के विश्व रिकार्ड बनाने वाले कार्यक्रम आयोजित होंगे.

शिविर में 33 दिनों तक विभिन्न आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होंगे. जिसमें सनातन परंपराओं को आधुनिकता के साथ चित्रित किया जाएगा. कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्म ज्ञानी वेद पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रों के बीच होगी.साध्वी तपेश्वरी भारती ने बताया कि शिविर में भारत और विदेशों से लगभग 15 से 20 लाख लोगों के आने की उम्मीद है. 33 दिनों के दौरान 150 से अधिक कार्यक्रम जैसे कथाएं, युवा उत्सव, कार्यशालाएं, वैदिक मंत्र, यज्ञ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.



जिसमें दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सौ से अधिक श्रम सेवकों और सन्यासियों की भागीदारी होगी.साध्वी भारती के मुताबिक 33 दिनों के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, लोकसभा सांसद अभिनेता रवि किशन, सांसद अनुराग ठाकुर, कृष्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता राज जैन भी शामिल होंगे. महाकुंभ के दौरान संस्थान के वेद मंदिर द्वारा एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड और इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के लिए अखंड रुद्री पाठ और सतत ध्यान का रिकॉर्ड बनाने का प्रयास है.

# अरविंद केजरीवाल ने किया नामांकन

एजेंसी
**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव के लिए नई दिल्ली सीट से आज बुधवार को नामांकन कर दिया। नामांकन दाखिल करने के बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा,मैंने नामांकन दाखिल कर दिया है। मैं दिल्ली के लोगों से कहना चाहता हूं कि कृपया काम के लिए वोट करें, एक तरफ काम करने वाली पार्टी है।दूसरी तरफ एक ऐसी पार्टी है जो गाली देती है।इसलिए काम, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क इन चीजों के लिए वोट करें, अभी भी बहुत काम बाकी है। किया जाना है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि लोग कड़ी मेहनत के लिए वोट करेंगे। बीजेपी के पास न तो कोई सीएम है, न ही विजन, न ही नैरेटिव। बता दें कि केजरीवाल नामांकन करने के लिए अपनी पत्नी के साथ पहुंचे। इससे पहले मंगलवार को सीएम आतिशई ने कालकाजी सीट से नामांकन किया था।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
सतर्क रहे! ठंड में हार्ट अटैक का खतरा 30% ज्यादा होता है
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# आग से झूलसी बच्ची को उपायुक्त ने निजी रूप से किया आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त रंजन ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व सिविल सर्जन उपस्थित रहे।

**हरिहरगंज के उम्मे हबीबा नामक बच्ची को किया आर्थिक सहयोग, मुआवजा राशि के लिये छत्तरपुर एसडीएम को किया फोन**

जनता दरबार में हरिहरगंज के अर्ररूआ से आये एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले दिनों घर में गैस लीक के कारण आगलगी की घटना में उनकी 8 वर्षीय बच्ची झूलस गयी।उन्होंने कहा कि आपदा के तहत मिलने वाले मुआवजा को लेकर कई बार सीओ कार्यालय में आवेदन दिया है लेकिन अबतक उचित कार्रवाई नहीं की गयी है।इस मामले पर डीसी श्री रंजन ने छत्तरपुर एसडीएम को ऑनस्पॉट कॉल कर मामले पर पर्सनल इंटरेस्ट लेते हुए त्वरित रूप से निष्पादन करने की बात कही।इसके अलावे डीसी ने उक्त बच्ची के अभिभावक को निजी स्तर से आर्थिक सहयोग भी प्रदान की।बच्ची के पिता ने आरटीई अंतर्गत अपनी बच्ची के पढ़ाई का भी अनुरोध किया, इसपर उन्हें सुनिश्चित किया गया कि बच्ची को आरटीई के तहत मुफ्त शिक्षा प्रदान की जायेगी।

**कई मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन**

जनता दरबार में प्राप्त कई मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। विकास से जुड़े आवेदन को उप विकास आयुक्त को सौंप उसका निष्पादन करने की बात कही गयी, वहीं जमीन से जुड़े मामले को अपर समाहर्ता को कार्रवाई हेतु दिया गया। इसमें जो मामले ऑनस्पॉट निष्पादन के नेचर के थे, वैसे आवेदनों का ऑनस्पॉट निष्पादन कर दिया गया।जनता दरबार में आये आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन संबंधित मामले, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले थे। उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

# दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो की मौत, दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर थान क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।मकर संक्रांति पर लगे पहाड़ी गांव के पास टूई मेला में घूमने गए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार के शाम मेला से एक बाइक छतरपुर की तरफ और दूसरी बाइक हुसैनाबाद की तरफ जा रही थी। खेंद्रा गांव के करीब में दोनों बाइक की आपस में टक्कर हो गई। दुर्घटना में खेंद्रा के ही रहने वाले 17 वर्षीय धीरज कुमार व छतरपुर के मंदेया के रहने वाले 19 वर्षीय सरीकुस अंसारी की मौत हो गई। बाइक की टक्कर में दो अन्य युवक खेंद्रा का छोटू कुमार व मुनकेरी का मुबारक अंसारी जख्मी हुए हैं। मृतक के परिजनों के रो रो कर बुरा हाल है।

## उतरी पुतुर क्रिकेट टीम पहला मैच जीत कर अगले चक्र में किया प्रवेश



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा प्रखंड में सोनडीहा गांव के छपरा फील्ड मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ स्थानीय विधायक अनन्त प्रताप देव व झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट का पहला मैच पुत्तुर व कधवन क्रिकेट टीम के बीच खेला। 12 -12 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें कधवन क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10, विकेट के नुकसान पर 78, रन बनाकर सिमट गया। जबकि जबाबी पारी खेलने उतरी पुतुर क्रिकेट टीम ने 4 विकेट नुकसान कर 79 रन बनाकर अगले चक्र में प्रवेश किया। इस अवसर पर विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हारने वाले को जीतने के लिए तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिए खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दरमियान में आस्था और प्रेम देखने को मिला। मैं सारा कार्यक्रम को रद्द करते हुए सबसे पहले सोनडीहा आने का काम किया।उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक दस साल तक विधायक रहकर भ्रष्टाचार का बढ़ावा दिया है। थोड़ा समय लगेगा लेकिन एक न एक दिन भ्रष्टाचार जरूर हटेगा। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से इस क्षेत्र में काम होगा भ्रष्टाचार मिटेगा। गरीबो को रहने के लिए छत मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेवारी हमें दी गई है। उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा।झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी ने कहा कि गांव क्षेत्र में इस तरह का टूर्नामेंट का आयोजन होने से खिलाड़ियों में अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जो वादा किये हैं उसे एक-एक करके पूरा किया जाएगा। मौके पर डॉ हरिदास यादव, मोहम्मद गुलाम नबी, योगेंद्र यादव, बसंत पाल, यासीन अंसारी जोगेंद्र यादव अभिमन्यु यादव, सुभाष यादव रामाशंकर यादव, आशिक अंसारी, कपिल देव पासवान, अमरनाथ पांडेय, विश्वनाथ पाल, शशि यादव, सोनू, मुन्ना पासवान, जीवराखन यादव, मुरली पासवान, मनोज प्रजापति, मंगलेश यादव,चंद्रकांत यादव, उपाध्यक्ष राहुल कुमार, सचिव इरशाद अंसारी,तिलकधारी यादव, तिरंगा क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष जीवखारन यादव,सचिव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रोटरी स्कूल चैनपुर का छात्र प्रियांशु सिंह मुम्बई के लिए किया प्रस्थान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा चयनित प्रेरणा छात्र परीक्षा पर चर्चा हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रोटरी स्कूल चैनपुर का छात्र प्रियांशु सिंह विद्यालय के शिक्षक नंदन तिवारी के साथ रांची एयरपोर्ट से जहाज के द्वारा मुम्बई के लिए 15/01/2025 को शाम 4:45 बजे प्रस्थान किया। हवाई जहाज से यात्रा करने एवं सभी सुविधाओं की व्यवस्था भारत सरकार के द्वारा की गई है। जिसका प्रतिनिधित्व नवोदय विद्यालय पलामू वन के प्राचार्य स्वतंत्र सिंह के द्वारा की गई है। चयनित 9 छात्रों में प्रियांशु सिंह मुम्बई में झारखंड राज्य का एक मात्र चयनित छात्र है जो पूरे झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। ज्ञातव्य हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय में 22/04/2024 को जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें पलामू जिला के विभिन्न विद्यालयों से चयनित लगभग 150 छात्र छात्राओं में से रोटरी स्कूल चैनपुर का छात्र प्रियांशु सिंह को प्रेरणा प्रोग्राम के लिए सात दिवसीय कार्यशाला हेतु बाड़नगर गुजरात भेजा गया था। वही छात्र झारखंड प्रदेश से इकलौता प्रतिनिधित्व करने हेतु मुम्बई के लिए प्रस्थान किया साथ ही विद्यालय के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि हमें प्रियांशु सिंह पर गर्व है।हमारा उद्देश्य और सपना साकार हो रहा है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय ने प्रफुल्लित होते हुए कहा कि हमारे विद्यालय का छात्र प्रियांशु सिंह मुम्बई में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा।

# चित्रकला प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों का स्थान अव्वल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा मौसम विभाग कार्यालय डाल्टनगंज में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। मालूम हो कि मौसम विज्ञान विभाग के 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्कूली छात्रों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जहां संत मरियम के 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें मौसम व जलवायु चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुकृति कुमारी, द्वितीय सचिन कुमार व तृतीय स्थान शांभवी स्वराज ने हासिल किया। वही मौसम विभाग के लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में संत मरियम के आदर्श कुमार प्रथम स्थान व पीयूष कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयोजित प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के चित्रकला प्रशिक्षिका रुखसार प्रवीण मौजूद थे जिनके द्वारा प्रशिक्षित छात्रों ने प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किये छात्रों व प्रशिक्षिका को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने शुभकामनाएं दिया और कहा कि बहुत खुशी की बात है कि मौसम विभाग द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों ने उत्कृष्टता से कला को प्रदर्शित करते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया, यह विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।

## सिनीयर वर्ग का चैम्पियन बना गोविंद उच्च विद्यालय, स्कूली क्रिकेट का महाकुंभ संपन्न



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूली बच्चों के क्रिकेट का महाकुंभ 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सिनीयर वर्ग के फाइनल मैच के साथ संपन्न हो गया। स्थानीय फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मुकाबले में गोविंद हाई स्कूल ने ज्ञान निकेतन बेलचंपा को एकतरफे मुकाबले में 55 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियन बना। पुरस्कार वितरण समारोह में उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय उपस्थित थे। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अनुशासन और कड़ी मेहनत ही सफलता का असली मार्ग है। यदि आपमें हुनर है तो आपसे कोई चूक नहीं होगी। गढ़वा जिला खेल के क्षेत्र में काफी आगे है। उन्होंने कहा कि आप लोग भी अपने लक्ष्य को लेकर कड़ी मेहनत करें। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि जीवन में अनुशासन का पालन कर ही व्यक्ति सफल और महान बनाता है। किसी भी क्षेत्र में आप सफलता चाहते हैं तो अनुशासन के साथ मेहनत करें आपको सफलता जरूर मिलेगी। संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि इस बार स्टेडियम में आयोजन होने के बाद यह लगा कि खेल पहली बार बेहतर तरीके से हुआ है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए मैच में गोविंद स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन बेलचंपा 69 रनों पर ही सिमट गई। पुरस्कार वितरण समारोह में तीनों ग्रुप के विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी के साथ-साथ व्यक्तिगत पुरस्कार से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

# दो मोटरसाइकिल की टक्कर में 32 वर्षीय महिला की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मनातू थाना क्षेत्र के पदमा गांव के पास दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि लातेहार जिला के शासन गांव निवासी रुस्तम अंसारी और उनकी पत्नी खतीजा बीबी बुधवार की सुबह बाइक पर सवार होकर मनातू पदमा अपने किसी रिश्तेदार के घर जा रहे थे।इसी बीच रास्ते में पदमा गांव के पास उनकी बाइक की टक्कर एक दूसरे बाइक से हो गई। जिसमें बाइक से गिरकर रुस्तम अंसारी की पत्नी खतीजा बीबी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी मनातू थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वही घटना के बाद पुलिस दोनों वाहनों को जप्त कर थाना ले गई है।

## मनरेगा कार्यो में हो रहे धांधली को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर चैनपुर प्रखंड के मनरेगा के कार्यो में हो रहे अनियमितता को लेकर ध्यानाकर्षक कराया! उन्होंने पत्र में लिखा कि चैनपुर प्रखंड अन्तर्गत मनरेगा द्वारा संचालित सभी योजनाओं में घोर अनियमितता बरती जा रही है!मनरेगा के कार्यो के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर भारी- भरकम पैसों की प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक लूट मची हुई है! योजनाओं में कुल लगभग लाभुकों से पच्चास प्रतिशत की राशि कमिशन के तौर पर उगाही अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है!उचित मानक अनुरूप न तो पूरे प्रखंड में कूप निर्माण व उसकी पक्कीकरण का कार्य बिना एम0 आर0 (मस्टर रोल) के अनुरूप कार्य किया जा रहा है! बिना ईट एवं बोलडर का प्रयोग कर पैसों का निकासी कर लिया जा रहा है! गाय शेड निर्माण में भी भारी अनियमितता बरती गई हैं। मनरेगा वेंडर को सामाग्री भुगतान करने में भी प्रखंड के मनरेगा पदाधिकारी द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है! साथ ही साथ प्रखंड स्तर पर वित्तीय जाँच रिपोर्ट (Social Audit) के कार्यो में भी बड़े पैमानों पर लीपापोती का कार्य पंचायत स्तर पर कर रही टीम के द्वारा मोटी रकम लेकर के बड़े मामलों को लीपापोती कर दिया जाता है।उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से आग्रह किया है कि चैनपुर प्रखंड स्तर में चल रहे मनरेगा कार्यो की जाँच राज्यस्तरीय टीम बनाकर कराने का कष्ट करें तथा संलिप्त दोषी पदाधिकारियों पर विधिसम्मत कार्रवाई करने का कष्ट करे।

## मकर संक्रांति के अवसर पर चित्री घाघ मेला में सूर्य उत्तरायण महायज्ञ का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला सन्हा प्रखंड के अंतर्गत चित्री घाघ मेला में बुधवार को वैदिक विश्व मंगल न्यास एवं आर्य समाज लोहरदगा के संयुक्त तत्वाधान में सूर्य उत्तरायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस महायज्ञ के ब्रह्मा-युवा विद्वान डॉ अशोक आचार्य के द्वारा मंत्र पाठ कर मकर संक्रांति से संबंधित वेद के मंत्रों के द्वारा यजमान-उदय सिंह शाह धर्मपत्नी, दीपक कर्मकार, शीतल कर्मकार से आहुति दिलवाएं। मेला में आए बहुत से भक्तों ने आहुति प्रदान कर मेला क्षेत्र एवं पूरे प्रदेश में सुख शांति के लिए प्रार्थना किये। आचार्य अशोक ने मकर संक्रांति के वैज्ञानिक महत्व को वेद के माध्यम से बताएं की किस तरह सूर्य उत्तरायण में प्रवेश करते हैं और इस दिन यज्ञ का विशेष महत्व है,इस दिन जो भी आहुति प्रदान किया जाता है,वह सभी वायुमंडल में फैल जाते हैं जिससे प्रकृति का संरक्षण होता है एवं पर्यावरण की शुद्धि होती है। यज्ञ के द्वारा हानिकारक विषाणु नष्ट हो जाते हैं,अलौकिक शक्तियों का प्रादुर्भाव होता है,वर्षा की कमी दूर होती है यज्ञ करने वाले व्यक्ति की सार्वभौमिक उन्नति होती है,और संक्रांति के बाद सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। यज्ञ के मुख्य प्रबंधक आर्य समाज के प्रधान नीरज आर्य जी थे। यज्ञ के बाद भंडारा का व्यवस्था ग्राम वासियों की ओर से किया गया था जिसमें मुख्य सहयोग उदय सिंह, रोहित साहू, विकास साहू, सकल सिंह, विशाल सिंह मनीष अग्रवाल लोगों का रहा सराहनीय योगदान।

# बिश्रामपुर विस क्षेत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों ने किया संयुक्त प्रेस वार्ता, कहा

## सक्रिय राजनीत में बने रहेंगे पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों ने एक स्वर में पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के राजनीत से संन्यास लेने के बातों को अफवाह करार दिया.मंडल अध्यक्षों ने अफवाहों पर विराम लगाते हुये कहा कि चंद्रवंशी भाजपा के प्रादेशिक व विश्रामपुर विस क्षेत्र के सर्वमान्य नेता हैं. वे अभी सक्रिय राजनीत में बने रहेंगे. इनके नेतृत्व में ही कार्यकर्ता अगले पांच वर्षो तक क्षेत्र में संगठन को और मजबूत करने का कार्य करेंगे. अगला विधानसभा चुनाव भी इनके नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा. सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष बुधवार को विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे. यहां बताते चलें कि क्षेत्र में यह अफवाह फैल रहा था कि पूर्व मंत्री सह बिश्रामपुर विस क्षेत्र से चार बार के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी चुनावी राजनीत से संन्यास ले रहे हैं.ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने कहा कि हम सब अगले पांच वर्षो तक श्री चंद्रवंशी के नेतृत्व में मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा कर पायेंगे. सही कार्यो का समर्थन करेंगे और गलत कार्यो का विरोध करेंगे. आगामी विस चुनाव भी इन्हीं के नेतृत्व में लड़ेंगे और भारी अंतर से जीतेंगे भी. प्रेसवार्ता में भाजपा के ऊंटारी रोड मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह, नावा बाजार अध्यक्ष महादेव यादव, मझिआंव नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, मझिआंव ग्रामीण अध्यक्ष दीपक चौहान, बरडीहा अध्यक्ष संजय यादव, कांडी अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे, जिला कार्यसमिति सदस्य उमा यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के इदरीश हवारी, उपेन्द्र तिवारी, संजय तिवारी, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

# कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ जल यात्रा से किया गया। मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला से वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा का नेतृत्व भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, यजमान चंदन कुमार सिंह व अजीत सिंह कर रहे थे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल महिला पुरुष ने नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण के बाद देवरी स्थित सोन नदी घाट तक गए। सोन नदी घाट से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी की गई। जलभरी के बाद पुनः यज्ञशाला पहुंचे। कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ की शुरुआत हो गई है। मां तारा शक्ति मंदिर महायज्ञ कमेटी के संरक्षक, भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह, मिथलेश पाठक, संयोजक सूर्या सिंह, अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। पूर्व मंत्री सह यज्ञ कमेटी के संरक्षक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि 15 जनवरी 2025 को अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद स्थित मां तारा शक्ति मंदिर परिसर से भव्य जल यात्रा से महायज्ञ की शुरुआत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय महायज्ञ की 19 जनवरी को पूर्णाहुति एवं भंडारा के बाद यज्ञ कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के धर्मप्रेमियों से यज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बनने का आह्वान किया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी पुलिस और फर्जी बाबा से रहे सावधान डीआईजी

**रांची।** पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा ने कहा कि सभी लोग फर्जी पुलिस और फर्जी साधु, बाबा से सावधान रहें घर में घूमने नहीं दे। तुरंत पुलिस को सूचित करें। बता दे कि बीते दिनों धुर्वा इलाके में रहने वाली एक महिला के घर पांच से छह लोग सादे लिबास में पुलिस की तरह आए थे। उनके हाथ में केवल पुलिस वाला डंडा था और वे महिला के घर में रेड करने का दावा कर रहे थे। महिला को जब शक हुआ तो उन्होंने इसका विरोध किया, क्योंकि उनके घर के किसी भी सदस्य के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं था। महिला के विरोध करने पर वे फर्जी पुलिसकर्मी वहां से भाग गए। रांची पुलिस को अब जानकारी मिली है कि ऐसे फर्जी पुलिसकर्मी कई इलाकों में घूम रहे हैं।

### सतीघाट सबसे प्राचीन प्रसिद्ध टुसू मेला है देवेन्द्र नाथ महतो

**रांची :** विगत 11 जनवरी को अल्बर्ट एक्का चौक रांची में आयोजित राजधानी टुसू महोत्सव में पारम्परिक रीति रिवाज अनुसार थापी गई टुसू का पारम्परिक विदाई की गई। किसानों का धान कार्य खत्म होने के साथ ही झारखंड का सबसे लंबे समय तक मनाया जानेवाला टुसू परब का धूम चारों तरफ है, मेला में मौत कुआं, पारम्परिक हथियार का दुकान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। पांच परगना क्षेत्र का प्रसिद्ध सतीघाट टुसू मेला में जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो भी पहुंचे। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि मकर के दूसरे दिन अखाईन यात्रा के शुभ अवसर पर रांची जिला के सोनाहातू प्रखंड अंतर्गत राढ़ू, स्वर्णरेखा और कांची नदी त्रिसंगम महातीर्थ स्थल में लगने वाला सतीघाट टुसू मेला सबसे प्राचीन मेला है जो झारखंड और बंगाल राज्य को प्रेम से जोड़ता है। सतीघाट मेला में दूर दराज से लाखों लोग पहुंचते हैं।

# बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी को 1-0 से हराया



**कैथरीन मोलन ने दूसरे क्वार्टर में खेल के 23वें मिनट में गोल कर टाइगर्स को बढ़त दिलाई**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शाची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने वुमेन्स हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, रांची में दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ 1-0 की रोमांचक जीत दर्ज की। कैथरीन मोलन ने दूसरे क्वार्टर में खेल के 23वें मिनट में गोल कर टाइगर्स को बढ़त दिलाई, जिसे उन्होंने अंत तक बनाए रखा। खेल की शुरुआत में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। टाइगर्स ने सबसे पहले सर्कल एंट्री की, लेकिन दिल्ली एसजी पाइपर्स की दीपिका ने तुरंत जवाब दिया और गेंद को लेकर एम्मा पुत्रेज को सर्कल में पास दिया, लेकिन यह पास इंटरसेप्ट हो गया।
पहले क्वार्टर के आखिरी पांच मिनट में पाइपर्स ने दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन दीपिका के प्रयासों को ग्रेस ओ हैनलन ने रोक दिया। वहीं, क्वार्टर के अंतिम मिनट में टाइगर्स को भी एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सके।
दूसरे क्वार्टर में दिल्ली एसजी पाइपर्स ने पहल की और शुरूआती मिनटों में ही पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन स्टेफनी डी ग्रूफ का शॉट ग्रेस ओ हैनलन ने एक बार फिर रोक दिया।
पाइपर्स ने लगातार आक्रमण जारी रखा, लेकिन दीपिका और प्रीति दुबे के शॉट्स को भी टाइगर्स की रक्षापंक्ति ने विफल कर दिया। खेल के 23वें मिनट में टाइगर्स ने एक काउंटर अटैक किया, जहां कैथरीन मोलन ने गेंद को तेजी से आगे बढ़ाते हुए एलोडी पिकार्ड के ऊपर से उठाकर शानदार गोल कर दिया। इसके बाद, पाइपर्स ने बराबरी के लिए जोर लगाया, लेकिन टाइगर्स ने अपनी 1-0 की बढ़त को बरकरार रखा। अंततः शाची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 1-0 की संकरी बढ़त के साथ जीत दर्ज की।

# हिंदपीढ़ी की लापता दो सगी बहनों को पुलिस ने कर्नाटक से किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र से 11 जनवरी 2025 को दो सगी बहनें रहस्यमय तरीके से अचानक गायब हो गयी थीं। दोनों की रांची पुलिस द्वारा कर्नाटक से बरामद करने की खबर है। लेकिन, रांची पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बता दें कि परिजनों ने दोनों बहनों के अपहरण की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी थी। मामले में अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी थी।इस मामले में रांची रेंज के आईजी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्पेशल पुलिस टीम का गठन कर दिया था। इसके बाद से पुलिस टीम मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों को जुटाने में जुट गयी थी। इस बीच तकनीकी सेल की मदद से दोनों लड़कियों को कर्नाटक से रांची पुलिस की टीम ने बरामद कर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आज देर शाम तक दोनों को रांची लाया जा रहा है। रांची पुलिस की विशेष टीम दोनों नाबालिग बहनों को लेकर रांची एयरपोर्ट पर पहुंचेगी। एक दिन पूर्व ही 14 जनवरी को सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दोनों लड़कियों के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की थी। उन्होंने लापता लड़कियों के परिजनों को भरोसा दिलाया था कि दोनों को जल्द बरामद कर लिया जायेगा। वहीं बुधवार को राज्यसभा सांसद डा महुआ माजी भी परिजनों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया। बताया जा रहा है कि रांची पुलिस की स्पेशल टीम भी दोनों बहनों की सकुशल बरामदगी के प्रयास में पूरी तरह जुटी हुई थी, जिसके बाद दोनों को कर्नाटक के बेंगलुरु शहर से सकुशल बरामद कर लिया गया है।

### क्या है पूरा मामला

11 जनवरी को दोनों नाबालिग बहनें आधार कार्ड में सुधार कराने की बात कह कर अपने घर से निकली थीं। दोपहर करीब 1 बजे कांटाटोली के मंगल टावर स्थित सेंटर से आधार कार्ड में सुधार कराने के बाद दोनों ऑटो पकड़ कर अपने घर वापस लौट रही थीं। इस बीच ऑटो घर वाले रास्ते में जाने की जगह दूसरे मार्ग जाने लगा। ऑटो चालक पर संदेह होने पर दोनों लड़कियों ने अपने पिता को फोन किया। पिता-बेटी में बातचीत शुरू ही हुई थी कि ऑटो चालक ने उनका फोन छीन कर कॉल डिसकनेक्ट कर दिया। इसके बाद उनकी बेटियों से बात नहीं हुई और फिर परिजनों ने थाने पहुंच कर दोनों बहनों के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।वहीं इस पूरे मामले अब देखना होगा कि अपहरण हुआ था या फिर दोनों ने अपहरण की साजिश रची थी यह अब जांच के दायरे में आ गया है। वहीं अफवाह फैलाने वाले पर पुलिस कार्रवाई करगी ऐसी तैयारी करने की बात सामने आ रही है।

# डीसी मंजूनाथ स्मार्ट डिस्प्ले का फीता काट कर किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कमरा संख्या- 608 के एन आईसी सभागार में स्मार्ट डिस्प्ले का फीता काट कर शुभारंभ किया।यह स्मार्ट डिस्प्ले में बहुत सारी फीचर्स से लैस है। जिससे कॉन्फ्रेंस के वक्त उच्च क्षमता के वीडियो के साथ कॉन्फ्रेंस किया जा सकता है। साथ इसमें स्प्लिट स्क्रीन है। जिससे एक साथ दो फीचर्स उपयोग किया जा सकता है। ये स्क्रीन अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इस दौरान अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रांची, राजीव कुमार, अतरिक्त जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रांची, रिमा कुजूर एवं जिला खनन पदाधिकारी रांची, अबु हुसैन उपस्थित थे।

# फेस्ट पलाश - 2025 एनुअल कल्चरल फेस्ट में शिरकत करने आये स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी अपने नाम के आगे डॉक्टर लिखते हैं। दावा करते हैं कि उन्होंने रूस से एमबीबीएस की पढ़ाई की है।
संयोगवश, मंत्री बनने पर झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी भी उन्हें मिल गई है। रिम्स ऑडिटोरियम में मेडिकल छात्रों की ओर से आयोजित एनुअल कल्चरल फेस्ट पलाश - 2025 में शिरकत करने आये मंत्री इरफान अंसारी ने उक्त बातें कही, जिसे सुनकर भविष्ट के डॉक्टर्स झूम उठे। बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि मैं भी आपके बीच का एक डॉक्टर हूं। मैं



भी कभी आपकी तरह तालियां बजाया करता था।
आज इरफान अंसारी झारखंड का हेल्थ मिनिस्टर नहीं बना है, जबकि राज्य के हर डॉक्टर हेल्थ मिनिस्टर बने हैं। मंत्री इरफान अंसारी ने इस बात पर आपत्ति जताई कि कुछ लोग हमारे प्रोफेशन को बदनाम करते हैं। उनको बाज आना होगा, डॉक्टरवा कहां है ये नहीं चलेगा, इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता, उन्होंने कहा कि बहुत जल्द डॉक्टर्स के हित में कुछ बड़े फैसले लेने जा रहा हूं। हमारे डॉक्टर्स को तंग मत कीजिएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि अगर कहीं 19-20 हो तो सबको पास कर दीजिएगा।
यह सुनते ही मेडिकल स्टूडेंट्स खुशी से झूम उठे। साथ ही इरफान अंसारी ने घोषणा कर दी कि मेधावी छात्रों के सामने अगर आर्थिक परेशानी आए तो उनसे सीधे संपर्क करें। वहीं दूसरी तरफ मेडिकल छात्र-छात्राओं ने पलाश इवेंट की जमकर तारीफ की।

# रांची पुलिस का सराहनीय कार्य : मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी ने कहा कि रांची पुलिस द्वारा हींडपीढ़ी की दो बच्चियों को सुरक्षित ढंग से खोज निकालने की खबर वास्तव में बहुत हर्षित करने वाली है। यह एक बड़ी उपलब्धि है और इसके लिए झारखंड पुलिस की प्रशंसा की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गहरी संवेदना और निर्देश की भी सराहना की जा रही है, जिससे घटनास्थल पर त्वरित कार्रवाई हो सकी।सरकार के द्वारा की गई कोशिशें भी सराहनीय हैं, जिसमें मै राजेश ठाकुर एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी की टीम के साथ मिलकर परिवार वालों से मिले और उन्हें धैर्य रखने के लिए प्रेरित किया। यह एक सामूहिक प्रयास का परिणाम है और इसके लिए प्रशासन को कोटि कोटि धन्यवाद ।

# उप प्रशासक ने 150 मेट्रिक टन के दो बायोगैस प्लांट का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** शहर के रिंग रोड स्थित झिरी में दो बड़ी क्रियाशील योजनाओं यथा गेल इंडिया द्वारा 150 मेट्रिक टन के दो बायोगैस प्लांट तथा लगभग 33 एकड़ में डंप 18 लाख मैट्रिक टन Legacy Waste का निष्पादन, की कार्य प्रगति का निरीक्षण उप प्रशासक रविंद्र कुमार के द्वारा किया गया।सर्वप्रथम उनके द्वारा झिरी में गेल इंडिया द्वारा लगाए गए बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया गया एवं सेकेंडरी वेस्ट कलेक्शन के लिए कार्यरत एजेंसी मेसर्स जोंटा से गीला कूड़ा की मात्रा से संबंधित जानकारी ली गई। जिसमे संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि रांची नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों द्वारा स्त्रोत पृथककरण को बढ़ावा दिया जा रहा है एवं वर्तमान में लगभग 40 टन गीला कूड़ा गेल को दिया जा रहा है। उप प्रशासक द्वारा संबंधित टीम को गीले कूड़े की क्वांटीटी बढ़ाने तथा निगम क्षेत्रांतर्गत स्त्रोत पृथक्करण को बढ़ावा देने हेतु लोगों को और जागरूक करने हेतु निर्देश दिया गया।
इसके पश्चात् उनके द्वारा Legacy Waste के निष्पादन हेतु चयनित कंपनी मेसर्स गुरु रामदास कंस्ट्रक्शन के कार्यों एवं पूरे प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया, जिसपर प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि बायोरेमेडिएशन तकनीक के माध्यम से Legacy Waste का निस्तारण करते हुए Refuse Derived Fuel एवं Compost तैयार करने हेतु प्रक्रिया का कार्य किया जा रहा है तथा इस प्रक्रिया में ड्डब्श-ह्यश्ब्द्य भी अलग किया जा रहा है। उप प्रशासक द्वारा एजेंसी के प्रतिनिधियो को Legacy Waste के निस्तारण प्रक्रिया में गति लाते हुए समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया। इस दौरान सहायक प्रशासक श्रीमती निहारिका तिर्की, नगर प्रबंधक, एजेंसी मेसर्स गुरु रामदास कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि, पीएमसी की टीम व अन्य कर्मी उपस्थित थे , सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि स्त्रोत पृथक्करण को बढ़ावा दे और अपने घरों/प्रतिष्ठानों में गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखे।

# हथियार लेकर घूम रहा था, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बुंडू थाना अंतर्गत मौसी बड़ी के पास हथियार लेकर किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए इधर-उधर घूम रहा है। इस सूचना का सत्यापन के लिए एसडीपीओ ओम प्रकाश को जानकारी दी गई, उनके नेतृत्व में टीम गठित की गई और फिर मौसी बड़ी स्थित के पास पुलिस पहुंची । जैसे ही पुलिस पहुंची उसे देखते हुए



एक व्यक्ति भागने लगा। पुलिस उसे खदेड़ कर पकड़ी। पकड़े गए व्यक्ति के कमर में खोसा हुआ एक पिस्तौल बरामद हुआ और उसके पास से जिंदा गोली भी बरामद की गई । पूछताछ में उसने अपना नाम मुकेश बताया । एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया की विधिवत रूप से उसके गिरफ्तारिक कर ली गई है ।
उसके पास से हथियार भी बरामद कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है , कि वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था या फिर लूटपाट करने के नियत से वहां पर घूम रहा था। पुलिस अपने स्तर से पूछताछ कर रही है, इसे छापेमारी में बुंडू पुलिस एवं थाना प्रभारी राज कुमार वर्मा भी शामिल थे।

# रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, के. एम. रोड में बाहरी छात्रों के लिए एक भव्य ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आसपास के अन्य स्कूलों में पढ़ने वाले तथा शिक्षा से वंचित स्लम एरिया के कई बच्चों ने भाग लिया।
इस प्रतियोगिता में तीन आयु वर्गों के छात्रों ने हिस्सा लिया- ग्रुप ए (3-4 वर्ष), ग्रुप बी (5-6 वर्ष), और ग्रुप सी (7-8 वर्ष)। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कागज पर उतार कर सबको प्रभावित किया। ड्रॉइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और नकद राशि से देकर सम्मानित किया गया।
प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले को 1000 नकद, मोमेंटो, प्रमाणपत्र, और मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्राचार्या सोनी सितारा केरकेट्टा ने बताया कि ड्रॉइंग प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पठन-पाठन और किताब कॉपी से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करना है। सोनी सितारा केरकेट्टा, निजामुद्दीन, तनवीर अहमद, अली की अहम भूमिका रही, साथ ही तमन्ना, खुशनुमा, सादिया, सना, किरन, कुलसुम, नीलू, सदफ, कशिश, मनौवर, शशी, अतिका, नाज, चंदा, सजरा और शहमा सर सहित सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं**
**ग्रुप ए:** प्रथम स्थान - अनाबिया एजाज द्वितीय स्थान - अज़ान कुरैशी, तृतीय स्थान - मोहम्मद अरीस
**ग्रुप बी :** प्रथम स्थान - आयशा अलीफिया, तृतीय स्थान - आयशा हुमैरा
**ग्रुप सी :** प्रथम स्थान - अक्शा परवीन, तृतीय स्थान - मोहम्मद सुफियान

### आईआई सीएम श्रमिक संघ की बैठक संपन्न

**रांची:** आई.आई सीएम कांके रोड रांची में आज आई.आई सीएम श्रमिक संघ की बैठक अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कैंपस के अंदर कार्य कर रहे कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव के संबंध में चर्चा की गई। अजय राय ने कहा, ÷कैंपस के अंदर कार्य कर रहे कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी कर्मचारियों को समान अधिकार और सुविधाएं प्रदान की जाएं। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इस मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किए और इस समस्या का समाधान निकालने के लिए सुझाव दिए।

# नेशनल पारा बोशिया चैंपियनशिप में सुमन प्रजापति ने जीता रजत पदक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विशाखापट्टनम में आयोजित आठ दिवसीय नेशनल पारा बोशिया चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे झारखंड से लोहरदगा निवासी दिव्यांग सुमन प्रजापति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर झारखंड के गौरव को बढ़ाया है।
सुमन प्रजापति ने पूर्व में मध्य प्रदेश में आयोजित स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित बोशिया चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल जीतकर भी झारखंड का मान बढ़ाने



का काम किया था। सुमन प्रजापति व्हीलचेयर प्लेयर है। उनका दोनों पैर और हाथ पूरी तरह काम नहीं करते हैं। सुमन प्रजापति ने बताया कि 9 जून 2016 को एक दुर्घटना के बाद उसे स्पाइन कॉर्ड इंजरी हो गया था उसी समय से वह चलने फिरने में असमर्थ है।
सुमन प्रजापति के नेशनल बोशिया चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने पर झारखंड पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सुमन प्रजापति को बहुत- बहुत बधाई दी है।

# नगर निगम ने विद्युत शाखा के 15 टीमों का किया गठन, खराब लाइटों को ठीक करने के लिए करें डायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नगर निगम रांची क्षेत्रांतर्गत सभी गली-मोहल्लो, मुख्य पथों, विभिन्न मार्गो व सामुदायिक स्थलों में अधिष्ठापित पथ बत्तियों के रख-रखाव का कार्य मेसर्स ईईएसएल प्रा0लि0 को दिया गया था, जिसकी अवधि वर्तमान में समाप्त हो गई है। इस संदर्भ में प्रशासक के निर्देशानुसार तत्कालीन व्यवस्था के रूप में विद्युत शाखा के 15 टीमों का गठन किया गया है। उक्त सभी टीम निगम क्षेत्रांतर्गत सभी खराब पड़े पथ बत्तियों की मरम्मती कर सभी बत्तियों को दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे। 15.01.2025 को उप प्रशासक के नेतृत्व में सभी 15 टीमों को निगम कार्यालय से रवाना किया गया। सभी टीम को जोनवार प्रतिनियुक्ति किया गया है, जो सभी वार्डो में गश्ती लगा कर खराब पड़े पथ बत्तियों को दुरुस्त करने तथा निगम के कनेक्ट सेंटर या अन्य ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।सभी सम्मानित नागरिक अपने क्षेत्र के खराब पड़े पथ बत्ती की शिकायत हेतु निगम के कनेक्ट सेंटर 1800-570-



1235, व्हाट्सएप 814-123-1235 कर या रांची नगर निगम के सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर कर सकते हैं। इसके अलावा जोन 1.2.3 एवं 4 के सुपरवाइजर से संपर्क करने हेतु निम्न दूरभाष संख्या में संपर्क कर सकते हैं- दूरभाष संख्या - 7257000151 जोन-01 वार्ड संख्या 01,02, 26,27, 28, 29,30, 31,32, 33,34, 35, 36 जोन-02 दूरभाष संख्या- 9304011624, वार्ड संख्या -03,04, 05,06, 07,08, 09,10, 11,12, 18,19,47, जोन-03 में दूरभाष संख्या 7779893282, वार्ड नंबर-13,14,15,16,17 ,20,21, 22,23, 24,25, 45,46, जोन-04 दूरभाष संख्या 9431798116, वार्ड नंबर-37,38, 39,40, 41,42, 43,44, 48,49, 50,51, 52,53 है।

# गांधीनगर अस्पताल सीसीएल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, काँके रोड, राँची में बृहस्पतवार, 24/01/2025 को प्रात- 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुचलाकान्ति (सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे।हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीएमडी, सीसीएल, निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

## सड़क दुघर्टना में दो युवक घायल

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी क्षेत्र के रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर बुधवार को सड़क दुघर्टना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सिल्ली प्रखंड के गढ़गांव निवासी निवास महतो उम्र लगभग 25 वर्ष एवं अनिल महतो उम्र लगभग 25 वर्ष दोनों अपने बाइक से अपने घर जा रहे थे।



अचानक बड़ा मुरी युनियन बैंक के समीप दो बाइक मे भीड़ंत हो गया। जिसमें दोनों युवक निवास महतो और अनिल महतो गंभीर रुप से घायल हो गया,एवं बाइक सवार भागने में सफल रहा।गस्ती कर रहे पुलिस द्वारा दोनों घायलों को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज किया गया।

## टुंगरी पहाड़ में माघ मेला धुमधाम से मनाया गया



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी टुंगरी पहाड़ में बुधवार को माघ मेला (टुसू मेला) धुमधाम से मनाया गया। माघ मेला के अवसर पर टुंगरी पहाड़ में ग्राम देवता का सुबह से ही पुजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगने शुरू हो गई। ग्राम देवता की पुजा के बाद मुर्गा एवं बकरे की बलि दी गई।दोपहर के समय से पहाड़ पर टुसू मेला की भीड़ जमने लगी।दुर दराज से लोग मेले का लुत्फ लेने पहुंचे। देखते ही देखते मेले में भीड़ का विशाल रुप ले लिया। गांव गांव से महिलाएं टुसू लेकर अपने पारंपारिक तरिके टुसू गीत गाते हुए टुंगरी पहाड़ पहुंचे। वहीं सिंगपुर नर्सिंग होम के संचालक डॉ रमनेश प्रसाद भी विराट टुस लेकर कांटाडीह के ग्रामीणों के साथ नाचते गाते पहाड़ पहुंचे। यह माघ मेला कई वर्षो से चला आ रहा है।मेला को सफल बनाने में टुंगरी विकास समिति की काफी योगदान रहा।

## शिक्षाविद डॉक्टर बहादुर सिंह की जयंती मनी



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी द्वारा नाइटिंगल स्कुल ऑफ नर्सिंग मिलन चौक हेसल ,अनगड़ा, रांची में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले शिक्षाविद,आजसू पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष डाक्टर बहादुर सिंह जी 86 वीं जयन्ती मनाई गई। क्षेत्र में उनके कुशल कार्य एवं लम्हों को याद कर, केक काट कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर धूमधाम से मनाई गई। मौके पर आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह,केन्द्रीय सदस्य उमेश कुमार महतो, काशीनाथ महतो,केन्द्रीय सदस्य राजू नायक, समाजसेवी सखीचन्द्र महतो,अजीत कुमार महतो,धर्मेंद्र सिंह, डॉक्टर हरीश चंद महतो,गोवर्धन महतो,धनेश्वर महतो,बैजनाथ महतो,विक्रम हजाम इत्यादि उपस्थित थे।

## कर्रा में निःशूल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया



**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सभागार में बुधवार को परी सखी मंडल कर्रा के सौजन्य से सेंटर फॉर साइट के द्वारा निःशुल्क आंख जांच शिविर लगाया गया. शिविर में 154 लोगों का निःशूल्क आंख जांच किया गया. जिसमें उतर भारत का सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट आई केयर हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने 154 लोगों आंख जांच किया गया. साथ मरीजों का दवा एवं आई ड्राप दिया गया जिसमें 30 मोतियाबिंद से मरीज को चिन्हित किया गया. इस मौके पर डॉ. राज निलनसू , ओटकटम रंजन प्रताप सिंह, तनवीर खान, आबिदा खानम के अन्य लोग मौजूद रहे।

### जिला प्रशासन खूंटी की अनोखी पहल

# आंगनबाड़ी सेविकाओं के मध्य प्रारम्भिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी किट का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला प्रशासन खूंटी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोषण के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। समाहरणालय के सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच प्रारंभिक शिक्षा के लिए विशेष आंगनबाड़ी किट का वितरण किया गया। वितरित किए गए इस किट में हिंदी और अंग्रेजी भाषा के साथ साथ मुंडारी भाषा में भी ज्ञानवर्धक, मनोरंजक व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी 75 प्रकार की किताबें शामिल है।

इस कार्यक्रम में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि, खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी




अतिथियों का स्वागत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तारपूर्वक बताया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं के मध्य प्रारम्भिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी किट वितरण को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि जिला खनिज न्यास फाउंडेशन (छ्रस्न्न्ञ्) के माध्यम से जिले के सभी 840 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा की व्यवस्था जिला प्रशासन के द्वारा की गई है। इसके अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को 75 प्रकार की शैक्षणिक पुस्तकों से सुसज्जित विशेष किट प्रदान की जा रही है। इस किट में बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए मुंडारी भाषा में कहानियाँ, वर्णमाला, कविताएँ, खेल, पशु-पक्षियों की पहचान, रंगों की जानकारी, सौर मंडल, शरीर के अंगों की जानकारी, स्वास्थ्य संबंधी पुस्तकें, रोचक कहानियाँ, नर्सरी राइम्स, पेंटिंग की किताबें एवं अन्य ज्ञानवर्धक सामग्री शामिल है। वहीं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े किताबें भी दिए जा रहे। स्थानीय भाषा मुंडारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भी यह किट मुंडारी भाषा में भी उपलब्ध कराई जा रही है। सभी आंगनबाड़ी सेविका इन किताबों को स्वयं पढ़कर बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करें। जिससे उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण के साथ शिक्षा का भी लाभ मिले।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि इस पहल से बच्चों की उपस्थिति आंगनबाड़ी केंद्रों में बढ़ेगी और उन्हें पोषण के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी प्राप्त होगी। आंगनबाड़ी सेविकाओं से अपेक्षा की गई है कि वे रोजाना के रूटीन के अनुसार इस किट का उपयोग कहानी, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने में करें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की और इसे जिले के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# अनगड़ा के जमुवारी में टुसू मेला में युवक की हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** राजधानी रांची के अनगड़ा के जमुवारी में टुसू मेला में एक युवक को चाकू से गोद दिया. बाद में इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गई. मामला त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग का है. मृतक पिठौरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था. उसका नाम संदीप महतो (30) था. संदीप को इरबा में एक कंपनी में काम करने वाली रूदिया गांव की युवती से प्रेम हो गया. वह इरबा में एक कंपनी में काम करती है. तलाकशुदा संदीप महतो के अलावा युवती का एक और प्रेमी है. युवती का दूसरा प्रेमी संगम करमाली चतरा का रहने वाला है.7 टुसू मेले में मिलने के लिए प्रेमिका ने बुलाया था संदीप महतो को घटना मंगलवार की रात को हुई. युवती ने संदीप महतो



को मिलने के लिए जमुवारी में टुसू मेले में बुलाया था. संदीप जब अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा, तो युवती के साथ रिलेशनशिप में रह रहे संगम करमाली ने उसे चाकू से गोद दिया. संदीप की पेट में संगम ने चाकू से कई बार प्रहार किये. गंभीर रूप से घायल अवस्था में संदीप को रिम्स में भर्ती कराया गया. इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गई.7 7 दोस्तों के साथ पहुंचा था प्रेमिका का दूसरा प्रेमी मंगलवार को हेसल पंचायत के जमुवारी में टुसू मेला लगा था. प्रेमिका के कहने पर संदीप अपने दो दोस्तों के साथ जमुवारी पहुंचा. इससे पहले संगम करमाली को खबर मिल गयी थी कि उसकी प्रेमिका मेला घूमने आ रही है. वह भी अपने 7 दोस्तों के साथ मेले में पहुंचा 7 रात 8 बजे प्रेमिका के दूसरे प्रेमी ने चाकू से किया हमला रात के करीब 8 बजे संदीप मेला के बगल में स्थित एक चहारदीवारी के किनारे अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा. पीछे से संगम करमाली अपने दोस्तों के साथ वहां आ गया. अपनी प्रेमिका को दूसरे के बांहों में देख वह गुस्से में आ गया. दोस्तों के साथ मिलकर उसने संदीप को पकड़ लिया और चाकू से उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिया. संदीप को मरा हुआ समझकर सभी वहां से भाग गए. संगम अपनी प्रेमिका को भी साथ ले गया 7 पुलिस ने रात में ही हमलावरों को किया गिरफ्तार अनगड़ा थाने की पुलिस को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, पुलिस सक्रिय हो गई. रात भर ताबड़तोड़ छापेमारी करके प्रेमिका, हत्या के मुख्य आरोपित संगम करमाली, कांटाटोली निवासी साहिल शाह और उनके सभी दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया. घटना में इस्तेमाल किए गए चाकू, मोबाइल और बाइक भी पुलिस ने बरामद कर लिए हैं. अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि अभी अनुसंधान चल रहा है. शाम तक इस बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी.

## ग्रामवासियों की सराहनीय पहल : अफीम की खेती का स्वैच्छिक विनष्टीकरण



**खूँटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला प्रशासन खूंटी द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहा है। मुरहू थाना अंतर्गत ग्राम बुंडू मामाईल और साइको थाना अंतर्गत गुटुहातू गांव में ग्रामीणों ने स्वेच्छा से अफीम की अवैध खेती का विनष्टीकरण करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों द्वारा की गई इस पहल से यह संदेश गया है कि अब क्षेत्र की जनता अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जागरूक और संगठित हो रही है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने ग्रामीणों के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने ग्रामीणों के इस सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य अफीम की अवैध खेती को जड़ से समाप्त कर क्षेत्र में वैकल्पिक एवं लाभकारी खेती को बढ़ावा देना है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। इस अभियान में अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और प्रशासनिक अधिकारी भी ग्रामीणों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन आगे भी ग्रामीणों के साथ मिलकर अफीम उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## लोडेड पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार



**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू पुलिस ने मंगलवार रात लोडेड पिस्टल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बुंडू थाना परिसर में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मुकेश कुमार महतो है। वह बुंडू के ताऊ ग्राम का निवासी है। डीएसपी ने बताया कि मंगलवार शाम बुंडू थाने को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में हथियार के साथ मौसीबाड़ी के आसपास घूम रहा है। उक्त सूचना पर बुंडू थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा के नेतृत्व में एसआई राहुल कुमार मेहता और सैफ जवानों के साथ एक टीम बनाई गई। मंगलवार रात लगभग 9.45 बजे टीम जब मौसी बाड़ी के पास पहुंची तो अभियुक्त पुलिस को देख भागने लगा। सशस्त्र बल ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक लोडेड देशी पिस्टल जिसके मैगजीन के अंदर दो गोली लोड के साथ बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध बुंडू थाना कांड संख्या 07/25, दिनांक 14-01-25, धारा 25(1-ए)/26(2) आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त का किसी से भूमि विवाद है। भूमि विवाद को लेकर वह किसी घटना को अंजाम देने वाला था लेकिन उससे पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रेस वार्ता में बुंडू एसडीओ किष्टो कुमार बेसरा, बुंडू थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा, एसआई राहुल कुमार मेहता भी उपस्थित थे।

# टुसू मेला बुधवार को थूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** एतिहासिक हुण्डरु फॉल में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित टुसू मेला बुधवार को थूमधाम एवं हर्षोल्लस के साथ सम्पन्न हुआ। टुसू मेला में रांची, रामगढ़, बोकारो, जमशेदपुर, पुरूलिया आदि जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं मेला देखने पहुंचे थे। मेला में अतिथि के रूप में भाजपा नेता जलैंद्र कुमार जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा,, आशीष शीतल भुवनेश्वर बेदिया नवागढ़ मुखिया, आदि उपस्थित थे। जलैंद्र कुमार ने कहा कि टुसू हमारे परम्परा एवं संस्कृति का अभिन्न



हिस्सा है टुसू हमारी सामाजिक मेलजोल को बढाने के अतिरिक्त हमारे पूर्वजों से मिली सास्कृतिक परम्परा को बढाने के लिए प्रेरित करती है। इसके पूर्व कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, मेला समिति के अध्यक्ष दसैंया बेदिया, सचिव जयदेव बेदिया, जेएलकेएम के केन्द्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर मेला का उद्घाटन किये। मेला में स्थानीय पहान गुहीराम बेदिया, कालिया बेदिया एवं फागुराम बेदिया ने 51 बकरे की बलि देकर हुण्डरु बाबा की पूजा अर्चना की। एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना किये । टुसू मेला में बदरी, खभावन, हुण्डरु, कुच्चू, मैनीछापर, हुण्डरु जारा, नवागढ़, अम्बाटुंगरी, जाराडीह आदि दर्जनों गावों से महिला- पुरूष टुसू लेकर नाचने गाते ढोल नगाड़े के साथ पहुंचे थे।। मेला में मिठाई, खिलौना, ईख आदि खूब बिक्री हुई।भाजपा नेता जलैंद्र कुमार ने टुसू लाने वाले सभी सास्कृतिक टीम को प्रोत्साहित राशि देकर सम्मानित किया। मेला के विधि व्यवस्था में स्थानीय थाना सिकिदीरी के प्रभारी दीपक कुमार सिंहा एवं एएसआई बाबुलाल टुडू ने सम्भाल रखा था मेला में काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।। मेला का संचालन बालेश्वर बेदिया ने किया। मेला के सफल आयोजन में मेला अध्यक्ष दसैंया बेदिया, शचिमोहन कुमार,, राजकिशोर प्रसाद, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया,सौहरैया बेदिया रविलाल बेदिया शफीक अंसारी, मनोज बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, जितवाहन भोगता, जयशंकर पहान पवन भोगता, चंद्र मोहन भोगता, अजय बेदिया, मोहित बेदिया मेघनाथ बेदिया, अशोक बेदिया, बुधराम बेदिया, धनीराम बेदिया, तिलकनाथ बेदिया, लगनू बेदिया, संतोष बेदिया दीपक सिंह मुण्डा, ,नकूल बेदिया सुरज बेदिया, गम्भीर मुण्डा मंगलदास हजाम फुलेन्दर करमाली प्रदीप मुण्डा, भुवनेश्वर शाही मुण्डा, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## ब्राम्बे से चोरी मोटरसाइकिल मामले में मांडर पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्राम्बे से 28 दिसंबर को हुए मोटरसाइकिल चोरी मामले में मांडर पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल ने बताया की ब्राम्बे स्थित दुकान के बाहर खड़े राजन कुमार साहू के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत थाने को प्राप्त हुई थी जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मांडर थाना क्षेत्र के तिगोई अंबाटोली निवासी 23 वर्षीय वसीम अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वही अभियुक्त के पास से चोरी किया गया पल्सर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद किया है वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व में भी युवक के द्वारा कई घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है।

## राँची में फर्जी नम्बर लगाकर घूम रहा पल्सर मोटरसाइकिल, ई चालान आने पर हुआ खुलासा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में दौड़ रहा है फर्जी नंबर प्लेट का मोटरसाइकिल स्कूटी के नंबर प्लेट को पल्सर मोटरसाइकिल पर लगाकर धड़ल्ले से घूम रहा है युवक ट्रैफिक पुलिस का ई चालान आने पर स्कूटी मलिक के उड़े होश। चान्हो थाना क्षेत्र के बालसोकरा निवासी तौफीक अख्तर ने मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि लगातार दो बार मेरे मोबाइल पर ई चालान आया आपको बता दें कि मैं कई सालों से अपने स्कूटी को रांची लेकर नहीं गया हूं फिर भी ई चालान लगातार दो बार मेरे मोबाइल पर आया है ।इसकी जांच करने पर पता चला कि मेरे स्कूटी के रजिस्ट्रेशन नंबर को अज्ञात व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल में लगाकर धड़ल्ले ले पुरे रांची में घूम रहा है इसकी शिकायत जल्दी ही रांची ट्रैफिक एसपी को दूंगा।

## रोहिणी अस्पताल को स्थानांतरित करने के विरोध में धरना आज

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोहिणी सीसीएल अस्पताल को दूसरे जगह स्थानांतरित किये जाने के विरोध में गुरुवार को रोहिणी डिस्पेंसरी के समक्ष दिन में 11 बजे से धरना दिया जायेगा.इस संबंध में धमधमिया के लोगों ने बताया कि रोहिणी अस्पताल को वर्तमान जगह से दूसरे जगह ले जाया जा रहा है जिससे कामगारों को काफी परेशानी होगी.इस मामले को लेकर धमधमिया एव रोहिणी कॉलोनी में रहने वाले कामगार और आसपास के ग्रामीण रोहिनी डिस्पेंसरी के समक्ष धरना देंगे.सभी लोगो से अपील है कि इस धरना में सभी लोग शामिल हो.

## केशा अंजुमन इस्लामियां के पूर्व सेक्रेट्री हाजी क्यूम मियां का निधन



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन इस्लामियां केशा के पूर्व सेक्रेट्री हाजी क्यूम मियां का बुधवार की सुबह 8 बजे सदर अस्पताल राँची में निधन हो गया। पूर्व शिक्षा मंत्री स्व0 करमचंद के सहयोगी थे। ये अपने पीछे छेः बेटे और दो बेटी सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गये। इनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव केशा के कब्रिस्तान में शाम 6 बजे किया गया। इनके निधन पर विधायक रामेश्वर उराँव, डॉ प्रविन चंद्रा, डॉ रविन्द्र नाथ भगत, खलील मिंया, मनान मिंया, बानी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, गोबिंद भगत, डॉ संजय भगत, बुधवा उराँव सहित कई लोगों ने दुःख व्यक्त किया।

## खलारी प्रखण्ड के लिए विधायक प्रतिनिधि बने मंतोष कुमार, लोगों ने दी बधाई



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा द्वारा कांग्रेस खलारी मंडल अध्यक्ष बाजारटांड़ निवासी मंतोष कुमार उर्फ मोनु रजक को खलारी प्रखण्ड के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है. उनके मनोनयन को लेकर बुधवार को विधायक सुरेश कुमार बैठा द्वारा पत्र जारी किया. वहीं श्री बैठा ने आशा जताया कि मंतोष कुमार खलारी प्रखण्ड क्षेत्र में सरकारी तथा गैर सरकारी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अपने कर्तव्यों का पुरी लगन एवं निष्ठा से पालन करेंगे तथा क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करेंगे. वहीं मंतोष रजक को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे बधाई दी है.बधाई देने वालों में इंदिरा देवी, अब्दुल्ला अंसारी, साबीर अंसारी, रमेश चौहान, तनवीर अंसारी, विक्की सिंह, गोपाल सिंह, जावेद अंसारी, संजय राम, अनिता पासवान, सुमन देवी, सुधा झा, अनिता देवी, लिली स्टेला, फूलों देवी, बाबू खान, राजा केसरी, बबलू, सलामत अंसारी, टुनु साव, सुरेंद्र चौहान, रुपेश मिश्रा, अशोक महतो, संजय बैठा, सहित अन्य लोग शामिल है. इधर कांग्रेस रांची जिला महामंत्री राजेश सिंह मिंटु ने भी मंतोष कुमार उर्फ मोनु रजक को खलारी प्रखण्ड के लिए विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे बधाई और शुभकामनाएं दी है.वहीं उन्होने निष्ठावान ऊर्जावान युवा मंतोष कुमार को खलारी प्रखण्ड क्षेत्र के लिए विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने के लिए विधायक सुरेश कुमार बैठा का आभार प्रकट किया. श्री सिंह ने आशा जताया कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ में लेकर वे कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों के साथ खलारी के विकास में सहयोग और योगदान देंगे.

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने आवेदन आमंत्रित किए

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्व स्तर पर प्रशंसित संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) (एसआईयू) ने सिम्बायोसिस प्रवेश परीक्षा (सेट) और सीट इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (साइटईई) 2025 के माध्यम से अपने स्नातक कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदक 12 अप्रैल, 2025 तक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। दो प्रयासों की अतिरिक्त लचीलेपन के साथ, उम्मीदवार सर्वश्रेष्ठ स्कोर पर विचार करके अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षाएँ 5 मई, 2025 और 11 मई, 2025 के लिए निर्धारित हैं, जिसके परिणाम 22 मई, 2025 को घोषित किए जाएँगे। सेट (सिम्बायोसिस प्रवेश परीक्षा) और साइटईई (सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा) एक घंटे की कंप्यूटर-आधारित प्रवेश परीक्षाएँ हैं, जिन्हें विभिन्न विषयों के लिए छात्रों की योग्यता का आकलन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## साइंस ओलंपियाड में डीएवी का जलवा, 13 छात्रों को गोल्ड मेडल

**पाकुड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के द्वारा आयोजित विज्ञान एवं गणित ओलिंपियाड में डीएवी पब्लिक स्कूल पाकुड़ के 13 छात्रों ने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन एवं सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन जीत कर विद्यालय का नाम रौशन किया। जितने वाले छात्रों में सत्या भारती, प्रज्ञा भारती, तूलिका चटर्जी, भास्कर दे, अयनांश पांडेय, आशीष राज, अनुराग साह, हर्षित दास, अद्वैता रंजन एवं गणेश कुमार शामिल है। इन छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती एवं विज्ञान तथा गणित के शिक्षकों ने किया। प्राचार्य डॉ चक्रवर्ती ने सभी विद्यार्थियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु बधाई दी। इधर बुधवार को विद्यालय के प्रातः कालीन सभा में इन सभी विद्यार्थियों को बुलाकर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## इन्दिरा आईवीएफ अब बरियातु रांची में भी शुरू, सीपी सिंह ने किया उदघाटन



**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत में निःसंतानता आज भी ऐसा विषय है जिस पर बात करने में लोग सहज महसूस नहीं करते हैं जबकि पिछले कुछ वर्षों में ये समस्या काफी बढ़ गयी है। आज के समय में जटिल समस्याओं के बावजूद आधुनिक तकनीकों से संतान सुख मिल सकता है। भारत में निःसंतानता उपचार के क्षेत्र में सबसे बड़ी चेन इन्दिरा आईवीएफ ने रांची के थर्ड फ्लोर, गिरिराज टावर, फायरिंग रेंज के पास, बरियातु में अपने नवीनतम आईवीएफ हॉस्पिटल की भव्य शुरूआत की है। हॉस्पिटल का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि इन्दिरा आईवीएफ रांची हेड व ईस्ट जोन क्लस्टर क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. श्रुति सिंह, हॉस्पिटल हेड डॉ. विनिता सिंह, विशेष अतिथि डॉ. शोभा चक्रबर्ती, डॉ. करूणा झा, डॉ. उषा रानी, डॉ. प्रीतिबाला सहाय, डॉ. सुषमा प्रिया, डॉ. कुमकुम विद्यार्थी, डॉ. एस. सिंह, डॉ. शशिबाला सिंह, डॉ. उषा नाथ, डॉ. मुक्ता नारायण, डॉ. अनुभा विद्यार्थी ने फीता एवं केक काटकर तथा दीप प्रज्जवलित कर किया।

## सोनारी थाना के पुलिस पदाधिकारी पर प्रताड़ना का आरोप



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के सोनारी थाना के दो पुलिस पदाधिकारी अमित चौधरी एवं जयंती तिर्की पर प्रताड़ित करने का आरोप सोनारी बी ब्लॉक निवासी महिला ने लगाया है। महिला रूपा देवी ने एसएसपी को लिखित रूप से बताया है कि उसके बेटे नारायण प्रसाद साहू का विवाह गाढ़ाबासा की पूजा कुमारी के साथ जनवरी 2023 में हुआ। उसे एक बेटा मितांश साहू हुआ। बहु पूजा सोनारी ससुराल में पूरे परिवार को गाली गलौज मारपीट करती है और घर से बाहर रहती है। नौकरी करने के बहाने गाढ़ाबासा निवासी अमन कुमार साहू से मोबाइल पर बात करती रहती है। 8 नवंबर 2024 में बिना जानकारी दिए गहना, कपड़ा लेकर मायके चली गई। 12 जनवरी को थाना प्रभारी के द्वारा पुत्र नारायण साहू को बुलवाया गया। रूपा साहू बेटे के साथ वहां गई तो वहां पुलिस पदाधिकारी अमित चौधरी और जयंत तिर्की ने अभद्र व्यवहार और गाली गलौज किया। पुलिस पदाधिकारी अमित चौधरी एक सप्ताह से बराबर फोन कर धमकाता रहता है। पुलिस पदाधिकारी द्वारा किसी प्रकार का नोटिस दिए बगैर थाना में बुलाकर प्रताड़ना करना एवं जबरन वीडियो बनाना सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और नए कानून का सरासर उल्लंघन करने वाले दोनों पुलिस पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग करते हुए रूपा देवी ने इसकी प्रति पुलिस महानिदेशक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, मानव अधिकार आयोग के साथी साहू समाज के अध्यक्ष कृष्णा साहू तथा सोनारी थाना प्रभारी को भेजी है।

## किसानों ने अपने खेतों में हल चलाकर मनाया अखाइन यात्रा

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़, कुकडु प्रखंड सहित कोल्हान क्षेत्र में बंगला का पहला माघ को आखाइन यात्रा के रूप में ग्रामीण मनाते हैं। किसान अपने खेतों में हल चलाकर खेती का शुभारंभ किया। आखाइन यात्रा के दिन किसान अपने खेतों में नये परिधान में नये हल चलाकर खेती का शुभारंभ करते हैं। कहीं कहीं खेती के लिए जमा किए गए गोबर को कुदाली से काट कर भी आखाइन यात्रा मनाते हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी से चले आ रहे इस रिवाज को निभाने के पीछे लोगों का मानना है कि साल का यह पहला दिन है,जब लोग आखाइन यात्रा यानी अखंड संयोग के रूप में मनाते हैं और इस दिन से खेती का शुभारंभ करते हैं। किसान नये वस्त्र धारण कर हल चलाकर घर लौटने पर उन्हें पैर धुलाकर गृह प्रवेश कराते हैं। आदिवासी समुदाय एक दुसरे के घर जाते हैं और बुड़े बुजुर्गो को प्रणाम कर आशीर्वाद लेते हैं। घर पहुंचे पड़ोसियों का पैर धुलाकर तरह तरह के पीठा खिलाकर विदा करते हैं। गांव में सभी एक दूसरे का घर जाते हैं और बुड़े बुजुर्ग व बड़ों का आशिर्वाद लेते हैं । यह प्रथा आपसी भाईचारा और आपसी प्रेम को दर्शाता है। आज के दिन घरों में तरह तरह के पकवान बनाए जाते हैं और एक दुसरे के साथ खुशी मनाते हैं।

## डेंटल स्ट्रीट क्लिनिक में निश्शुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** बजरंग टावर गम्हरिया स्थित डेंटल स्ट्रीट क्लिनिक में निश्शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने विधिवत फीता काटकर व पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर उपस्थित दंत विशेषज्ञ डॉ अरुप ओझा द्वारा मरीजों की दांतों की जांच कर आवश्यक सलाह दी। इस मौके पर दुर्गा ओझा, डॉ अपर्णा ओझा, ऊषा रानी महतो, लतिका ओझा, डॉ विवेक, डॉ अंकुर विश्वास, डॉ प्रिंस प्रजापति, डॉ कुणाल वर्मा आदि उपस्थित थे।

## तालाब में डुबने से 31 वर्षीय ग्रामीण की हुई मौत

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के चीपड़ी गांव में बुधवार को एक 31 वर्षीय ग्रामीण की तालाब में डुबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चीपड़ी निवासी करम सिंह मुण्डा के रूप में किया गया। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार करम सिंह मुण्डा दोपहर को नहाने के लिए तालाब में गया हुआ था, जहां वह तालाब में डुब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह शराब पिया हुआ था। वहीं थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि तालाब में डुबने से करम सिंह मुण्डा की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि लाश को कब्जे में लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का कारण का पता चल पाएगा । उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया पानी से डुबने से मौत हुई है। मामले की तहकीकात किया जा रहा है।

## सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी ने एसईटी और एसआईटीईई 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किये

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट (एसइटी) और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम ( एसआईटीईई) 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के ज़रिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस टेस्ट में उम्मीदवारों को दो मौके मिलते हैं, जिसमें उनके सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाता है। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट (एसइटी) और एसआईटीइइ एक घण्टे की कम्प्यूटर-आधारित प्रवेश परीक्षा है जो विभिन्न विषयों में छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन करती है। हर परीक्षा में उम्मीदवारों को दो अटेम्प्ट मिलते हैं। भारत के 80 शहरों में आयोजित होने वाली यह परीक्षा बड़ी संख्या में छात्रों के लिए सुलभ है। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम में रजिस्टर करने के लिए उम्मीदवारों को www.set-test.org के ज़रिए 12 अप्रैल 2025 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। हर परीक्षा के लिए रु 2250 का नॉन-रिफंडेबल शुल्क तथा प्रति प्रोग्राम रु 1000 का शुल्क देना होगा। पहले टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड 25 अप्रैल 2025 को तथा दूसरे टेस्ट के लिए 30 अप्रैल 2025 को डाउनलोड किए जा सकते हैं।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई विभिन्न विभाग अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा बैठक

# विकास कार्य लंबित रखने वाले संवेदकों को ब्लैकलिस्ट करने का निर्देश

- पूरी हो चुकी परियोजनाओं का जल्द दें उपयोगिता प्रमाण पत्र
- कार्यपालक अभियंता एनआरईपी को शो-कॉज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में अनाबद्ध निधि, सी.एस.आर, एम.पी, एम.एल.ए फंड, डीएमएफटी, तकनीकी विभाग अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में अधतन स्थिति की समीक्षा की गई । एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल दीपक सहाय समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिना पूर्वानुमति के बैठक से अनुपस्थित रहने पर कार्यपालक अभियंता एनआरईपी को शो कॉज किया गया । बैठक में विभिन्न विकास कार्यों के लिए तैयार की गई योजनाओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने जिले में अब तक किए गए कार्यो की जानकारी ली, उन्होंने सभी संचालित योजनाओं में गति लाने का निर्देश दिया ।

समीक्षा के क्रम में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल स्वीकृत 79 योजनाओं में 69 पूर्ण एवं 10 अपूर्ण तथा 2024-25 के कुल 99 योजनाओं में 35 पूर्ण 64 अपूर्ण पाये गए। उपायुक्त द्वारा पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया । उन्होने कहा कि संवेदक की लापरवाही से विकास कार्य लंबित होते हैं तो ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई करें।

सी.एस.आर फंड की समीक्षा में स्वास्थ्य से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही । इस मद से एंबुलेंस, यूसीआईएल खनन क्षेत्र अंतर्गत जनमानस के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, सामुदायिक भवन, हाईमास्ट लाईट, पथ का सुदृढ़ीकरण आदि का कार्य किया जा रहा है । एम.पी, एल.एल.ए फंड की स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निदेश दिया गया । वित्तीय वर्ष 2023-24 में सांसद मद से स्वीकृत 132 योजनाओं में 75 पूर्ण एवं 57 अपूर्ण, वहीं विधायक निधी से 2023-24 में 525 योजनायें स्वीकृत हुई जिनमें 251 पूर्ण व 274 अपूर्ण हैं। ज्यादातर अपूर्ण योजनाओं में कार्य प्रगति पर है, कुछ में स्थानीय विवाद तथा एनओसी संबंधी समस्या है, संबंधित अभियंता को माननीय विधायक एवं स्थानीय लोगों से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरत हो तो स्थल परिवर्तन, एनओसी को लेकर विभागों से समन्वय बनाते हुए कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

## प्रसिद्ध घोड़ाबाबा पूजनोत्सव पारम्परिक रीति रिवाज के साथ आयोजित

- हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान बलराम जिऊ की पूजा अर्चना कर मांगी मन्नतें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया ।** संक्रांति के दूसरे दिन अखान जात्रा के अवसर पर क्षेत्र का प्रसिद्ध घोड़ाबाबा पूजनोत्सव पारम्परिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से आयोजित किया गया। कुम्भकार समाज गम्हरिया की ओर से आयोजित इस पूजनोत्सव के मौके पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जूटे हजारों श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि विधान से भगवान बलराम जिऊ की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। इस मौके पर मुख्य रूप से जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चम्पाई सोरेन ने भी शामिल होकर पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना किया। मान्यता है कि विगत करीब दो सौ वर्ष पूर्व क्षेत्र में फैली भयंकर महामारी के बाद पूर्वजों ने भगवान बलराम का आह्वान किया था और यहां उनके वाहन के रूप में घोड़े की स्थापना की थी। उसके बाद क्षेत्र से महामारी समाप्त हुई थी। तब से लेकर आज तक कुंभकार समाज की ओर से इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। इस मौके पर भजन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति की गई। पूजनोत्सव के आयोजन में कुंभकार समिति गम्हरिया के अध्यक्ष मनोरंजन बेज, महासचिव बंकिम चौधरी, राखोहरि दास, सीताराम बेज, पूर्णचन्द्र बेज, रामचन्द्र दास, गोपाल चंद्र पाल, रतन बेज, किशोर बेज, प्रशांत दास, बादल पाल, प्रेमचंद्र दास, भैरव प्रमाणिक, त्रिलोचन पाल, संजय दास, आदित्य बेज समेत कमेटी के सभी सदस्यों व गम्हरिया वासियों का सहयोग रहा।

## टाटा स्टील इंटर-डिवीजनल मेंस हैंडबॉल टूर्नामेंट संपन्न, स्टील मैन्युफैक्चरिंग बना विजेता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट द्वारा 13 से 15 जनवरी के बीच इंटर-डिवीजनल मेंस हैंडबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कोक प्लांट के हेड असिम कुमार चौधरी शामिल हुए। टूर्नामेंट में टाटा स्टील की 16 इकाइयों के 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्टील मैन्युफैक्चरिंग की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, शेयर्ड सर्विसेज की टीम ने शानदार खेल दिखाकर उपविजेता रही वहीं वेस्ट बोकारो को दूसरे उपविजेता का खिताब से संतोष करना पड़ा। गौरतलब हो कि टाटा स्टील की खेलों को प्रोत्साहित करने और अपने कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग और सद्भावना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता इस टूर्नामेंट में बखूबी नजर आई।

## प्ले फॉर पीस एंड प्रोग्रेस ट्रॉफी 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट 22 जनवरी से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** बुधवार को नगर परिषद विवाह भवन में विधायक सुखराम उरांव की अध्यक्षता में चक्रधरपुर के प्रबुद्ध लोगों की एक बैठक हुई। जिसमें विगत कई सालों से बंद पड़े प्ले फॉर पीस एंड प्रोग्रेस (पीपीपी) ट्रॉफी-2025 क्रिकेट प्रतियोगिता पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान प्रतियोगिता की नियम एवं शर्तें तथा तिथि आदि का निर्धारण किया गया। सांसद व विधायक बने प्रायोजक पीपीपी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता को नये सिरे से जारी रखने के लिए एक संचालन समिति का गठन किया गया। प्रतियोगिता का प्रायोजन की जिम्मेदारी सांसद श्रीमती जोबा माझी एवं विधायक सुखराम उरांव ने लिया। शहरवासियों के सहयोग से उक्त प्रतियोगिता का आयोजन होगा। संचालन समिति में नारायण अग्रवाल, शीन अनवर, बैरम खान, बबई दा, शेष नारायण लाल, डॉ शिवपूजन सिंह, चुन्नू रहमान, निक्कु सिंह, गुड्डु सिंह, अवध खिरवाल, जय कुमार व दीपक पान को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता का उदघाटन चक्रधरपुर की अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 22 जनवरी की सुबह करेंगे। जबकि 23 जनवरी को समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम, पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सिंहभूम एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट होंगे।

## करीम सिटी कॉलेज के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी 21 जनवरी को करीम सिटी कॉलेज के स्थापना दिवस को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करने की परंपरा रही है। जिसके तहत आज प्रथम पाली में निबंध लेखन की प्रतियोगिता हुई जिसमें 54 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय करीम्स ट्रस्ट के शैक्षणिक योगदानों से जमशेदपुर का बदलता परिदृश्य था। द्वितीय पाली में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कुल 14 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसका विषय मिश्रित शिक्षा भारतीय शिक्षा के लिए उपयुक्त है, था । उपरोक्त दोनों प्रतियोगिताएं हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी तथा बंगला भाषाओं में आयोजित हुई। डॉ इफ्तिखार नबी, डॉ शाहबाज अंसारी, डॉ बसूधरा राय, डॉ नेहा तिवारी, डॉ ओम प्रकाश सिंह देव, डॉ एस सी गुप्ता एवं डॉ संध्या सिंहा ने निर्णायक की भूमिका अदा की। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार के लिए विद्यार्थियों का चयन हुआ। सभी चयनित विद्यार्थी स्थापना दिवस की सभा में पुरस्कृत किए जाएंगे। सभा का शुभारंभ प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज के मनोबल बढ़ाते हुए शब्दों से हुआ। सभा के अंत में कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ याहिया इब्राहीम ने विजेताओं के नामों की घोषणा की तथा सभी निर्णायकों एंव प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और कल की होने वाली गजल प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया।

## कुंकडु में जात्रा बूढ़ी पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** आख्यान जात्रा के अवसर पर हर साल की भांति इस साल भी बुधवार को पटमदा प्रखंड की कुंकडु गांव में जात्रा बूढ़ी पूजा का आयोजन भूमिज समुदाय के द्वारा किया गया। सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए की जाने वाले इस पूजा अर्चना में पटमदा प्रखंड के सिसदा, दुआरडीह, घोड़ाबांधा, पोकलाबेड़ा, लावा, अपो, चुड़कीनडीह व गाड़ीग्राम गांव के सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए। लाया कार्तिक सिंह एवं सहयोगी में दिलीप सिंह व सुनील सिंह ने विधिवत रूप से पूजा संपन्न कराई। लाया कार्तिक सिंह ने बताया कि जात्रा बूढ़ी पूजा में बलि देना मना है। इसलिए मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद ग्रामीणों के द्वारा लाई गई भेड़ा व मुर्गियों को हवा में उड़ा दिया जाता है। इसके बाद ग्रामीण उस मुर्गी को पकड़ कर अपने घर में ले जाते हैं। इस दौरान भूमिज समुदाय के महिलाओं ने पाता नृत्य का आयोजन भी किया। जो लोगों के बीच आकर्षक का केंद्र बना रहा।

## खेल के माध्यम से राज्य व देश का नाम रोशन करें खिलाड़ी : मंत्री दीपक बिरुवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चाईबासा :** टोंटो प्रखंड स्थित मौदा में एवरग्रीन क्लब मौदा द्वारा आयोजित खेलकूद सह फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार व परिवहन विभाग के मंत्री श्री बिरुवा शरीक हुए। खेल समिति द्वारा मंत्री श्री बिरुवा का भव्य स्वागत किया गया। वही मंत्री श्री बिरुवा ने खेल प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ रखते हैं, खेल से ही मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहते हैं। ऐसी प्रतियोगिताओं का निरंतर आयोजन होना चाहिए। खेल के माध्यम से खिलाड़ी आगे बढ़कर ही अपने राज्य व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सह झामुमो के प्रखंड सचिव राज नारायण तुबिद, दीपक तुबिद, जीतू बारी, विश्वनाथ तुबिद, जगमोहन सिंह कुंकल आदि भी उपस्थित थे।

## नई दिल्ली में कांग्रेस का नया मुख्यालय उद्घाटन में शामिल हुए जमशेदपुर के कांग्रेसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बुधवार को नई दिल्ली 9 ए कोटला मार्ग पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नए कार्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता राहुल गांधी, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। साथ ही जमशेदपुर निवासी युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव ज्योतिष कुमार यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र तिवारी, राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस राजेश सिन्हा और झारखंड युवा कांग्रेस महासचिव वेद प्रकाश तिवारी समेत अन्य नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस संबंध में युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव ज्योतिष कुमार यादव ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह नया मुख्यालय कांग्रेस के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## लाकड़ाखोंदा में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की खेडुआ पंचायत अंतर्गत लाकड़ाखोंदा गांव में आख्यान जात्रा के अवसर पर किक लाइफ क्लब लाकड़ाखोंदा की ओर से 20 वां एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता महाबीर मुर्मू व विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा शामिल हुए। फुटबॉल टूर्नामेंट में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच बेवफ़ा एफटी बनाम टूरिस्ट के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूट आउट से बेवफ़ा एफटी विजय हुए। विजेता टीम को बेवफा एफटी को मुख्य अतिथि के हाथों में 8 हजार रुपये, उप विजेता टूरिस्ट एफटी को 6 हजार रुपये, तीसरे स्थान पर रहे माणिक स्पोर्टिंग व चौथे स्थान पर रहे बाटालुका टीम को 4 - 4 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पाता नाच सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मौके विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, कालीपद महतो दुर्गा प्रसाद हांसदा, करण कालिंदी,मनोज तांती सुनील मांडी, पद मुर्मू, सुशील बेसरा, दुलुनाथ टुडू आदि उपस्थित थे।

## आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेस कंपनी में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन विभाग की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम के क्रम में बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो की ओर से कांड्रा के पदमपुर स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेस लिमिटेड कम्पनी के सभी प्रकार के वाहन चालकों एवं कर्मचारियों के बीच जागरुकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोग सड़क सुरक्षा मानकों को नहीं अपना रहे हैं, जिसे देखते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत लोगों से वाहन धीरे चलाने, नशा का सेवन कर वाहन नहीं चलाने सहित हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की गई। इस मौके पर उपस्थित साइक्लिस्ट संतोष मिश्रा द्वारा सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किए जाने के बावत बताया गया। बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में कमी लाना है। इस मौके पर इन पदाधिकारियों के अलावा मोटरयान निरीक्षक दिलीप कुमार, रवि प्रसाद, जिला सडक सुरक्षा प्रबंधक कुंदन वर्मा, रोड इंजीनियर एनालिस्ट आशुतोष कुमार सिंह, धृत कुमार आदि भी उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## 'इंडिया' का वजूद

**कमोबेश** अब यह मान लेना चाहिए कि विपक्ष का 'इंडिया' गठबंधन खत्म हो चुका है अथवा खत्म होने के कगार पर है। कुछ अवशेष बचे हैं, अलबत्ता ताश के पत्तों की तरह बिखर तो चुका है। लोकतंत्र के लिए यह सुखद खबर नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का मानना है कि गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था, लिहाजा अब उसका कोई अस्तित्व नहीं है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि यदि 'इंडिया' गठबंधन संसदीय चुनाव तक ही था, तो अब उसे खत्म कर देना चाहिए और सभी क्षेत्रीय दल अपने-अपने राज्यों में अलग-अलग काम करें। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस के ही अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला 'इंडिया' को लोकसभा चुनाव तक ही सीमित नहीं मानते। उनका मानना है कि यह गठबंधन नफरती, तानाशाही किस्म की सियासत के खिलाफ बनाया गया था और लोकसभा चुनाव में कामयाब भी रहा, लिहाजा कोई भी गठबंधन हो, वह हरेक चुनाव और हरेक क्षण के लिए होता है। 'इंडिया' का विश्लेषण इसलिए प्रासंगिक है, क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) ने केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने की घोषणा की है। अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे 'आप' का मंच साझा कर उसके पक्ष में चुनाव-प्रचार भी करेंगे, हालांकि दिल्ली में इन राजनीतिक दलों का जनाधार 'नगण्य' है, लेकिन चुनाव के दौरान 'हवा' तो बनती है। सपा, तृणमूल और शिवसेना (उद्धव) 'इंडिया' के प्रमुख घटक दल हैं और लोकसभा में इनके 75 सांसद हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव भी गठबंधन को लोकसभा चुनाव तक ही सीमित मान रहे हैं। बिहार में इसी साल अक्तूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। क्या राजद-कांग्रेस-वामदल का कथित महागठबंधन एक साथ चुनाव में नहीं उतरेगा? क्या 2029 के संसदीय चुनाव तक 'इंडिया' यूं ही बिखरा हुआ रहेगा और कांग्रेस अकेली-थकेली पड़ जाएगी? दरअसल 'इंडिया' कभी भी विपक्ष का लामबंद गठबंधन नहीं बन पाया। उसका न तो कोई सचिवालय है, न कोई समन्वय समिति है और न ही साझा न्यूनतम कार्यक्रम है। यदि ऐसी ही स्थिति रहनी है, तो फिर उसे खत्म करने में क्या दिक्कत है? गठबंधन पहले भी टूटते रहे हैं, खत्म होते रहे हैं। फिर गठबंधन बनते रहे हैं, क्योंकि यही गठबंधनों की नियति है। लोकसभा चुनाव की ही बात करें, तो कांग्रेस ने तृणमूल और केरल के वाम मोर्चा के खिलाफ चुनाव लड़े। पंजाब में कांग्रेस-आप एक-दूसरे के लिए गंभीर चुनौती बने रहे, हालांकि दिल्ली में गठबंधन जरूर था, लेकिन भितरघात भी थे। यदि लोकसभा चुनाव के बाद का परिदृश्य देखा जाए, तो हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और 'आप' एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी थे, नतीजतन कांग्रेस बहुत थोड़े अंतर के साथ सत्ता की लड़ाई हार गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और एनसीपी (शरद) ने 'महाविकास अघाड़ी' गठबंधन में चुनाव लड़ा, लेकिन अंदरूनी तनाव, विरोधाभास, बेमेल समन्वय इतने रहे कि अघाड़ी चारों खाने चित्त हो गया। अब खबरें हैं कि मुंबई नगर निगम के चुनाव शिवसेना (उद्धव) अकेले ही लडने की तैयारियां कर रही है। महाराष्ट्र के ही पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि दिल्ली में 'आप' ही चुनाव जीतेगी। कांग्रेस को 'आप' के साथ गठबंधन रखने की कोशिश करनी चाहिए थी। 'इंडिया' के प्रमुख दलों में तमिलनाडु का द्रमुक और झारखंड का झामुमो भी हैं। झारखंड में हाल ही में चुनाव सम्पन्न हुए हैं। अगले साल पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सरीखे बड़े राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। घटक दल कांग्रेस को छोडने और झटकने की मुद्रा में हैं। क्षेत्रीय दल कांग्रेस के ही वोट बैंक पर पनपे और ताकतवर हुए हैं। अब एकमात्र संभावना बची है कि 2029 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी दल फिर गठबंधन बना सकते हैं।


कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का मानना है कि गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था, लिहाजा अब उसका कोई अस्तित्व नहीं है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि यदि 'इंडिया' गठबंधन संसदीय चुनाव तक ही था, तो अब उसे खत्म कर देना चाहिए और सभी क्षेत्रीय दल अपने-अपने राज्यों में अलग-अलग काम करें। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस के ही अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला 'इंडिया' को लोकसभा चुनाव तक ही सीमित नहीं मानते। उनका मानना है कि यह गठबंधन नफरती, तानाशाही किस्म की सियासत के खिलाफ बनाया गया था और लोकसभा चुनाव में कामयाब भी रहा, लिहाजा कोई भी गठबंधन हो, वह हरेक चुनाव और हरेक क्षण के लिए होता है। 'इंडिया' का विश्लेषण इसलिए प्रासंगिक है, क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) ने केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने की घोषणा की है।


### दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन के लिये अभिशाप है और सरकारों पर एक बदनुमा दाग एवं कलंक है

# इंसानों की तस्करी की त्रासदी वाला समाज कब तक?

ललित गर्ग


मानव तस्करी लाखों लोगों की आज़ादी और सम्मान को छीनता है, समाज को अनगिनत नुकसान पहुँचाता है, कानून और सुशासन को कमज़ोर करता है और अपराध को बढ़ावा देता है। मानव तस्करी में बल, धोखाधड़ी या जबरदस्ती के इस्तेमाल के ज़रिए शोषण एवं उत्पीड़न शामिल है। मानव तस्करी कई रूपों में हो सकती है जिसमें यौन तस्करी, बाल यौन तस्करी, जबरन मज़दूरी, ऋण बंधन, जबरन बाल मज़दूरी, घरेलू दासता और बाल सैनिकों की अवैध भर्ती और उपयोग शामिल है। यह पुरुषों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और बच्चों को सीमाओं के पार और देश के अंदर दोनों जगह प्रभावित करता है। मानव तस्करी के खिलाफ़ कानून और नीतियां बनाने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रयास किए जाने अपेक्षित है।


**मानव** तस्करी और आधुनिक दासता के खिलाफ़ जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस एक ऐसे वैश्विक अपराध, त्रासदी एवं अभिशाप की ओर ध्यान आकर्षित करता है जो दुनियाभर में मानव जीवन, परिवारों और समुदायों को डरावनी, खौफनाक एवं त्रासद अंधेरी दुनिया में धकेलता है। मानव तस्करी लाखों लोगों की आज़ादी और सम्मान को छीनता है, समाज को अनगिनत नुकसान पहुँचाता है, कानून और सुशासन को कमज़ोर करता है और अपराध को बढ़ावा देता है। मानव तस्करी में बल, धोखाधड़ी या जबरदस्ती के इस्तेमाल के ज़रिए शोषण एवं उत्पीड़न शामिल है। मानव तस्करी कई रूपों में हो सकती है जिसमें यौन तस्करी, बाल यौन तस्करी, जबरन मज़दूरी, ऋण बंधन, जबरन बाल मज़दूरी, घरेलू दासता और बाल सैनिकों की अवैध भर्ती और उपयोग शामिल है। यह पुरुषों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और बच्चों को सीमाओं के पार और देश के अंदर दोनों जगह प्रभावित करता है। मानव तस्करी के खिलाफ़ कानून और नीतियां बनाने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रयास किए जाने अपेक्षित है। वैश्विक स्तर पर, मानव तस्करी के शिकार पाँच व्यक्तियों में से एक बच्चा हैं हालांकि अफ्रीका और ग्रेटर मेकांग जैसे गरीब क्षेत्रों और उप-क्षेत्रों में, तस्करी के शिकार लोगों में से अधिकांश बच्चे ही हैं। इस बीच, दुनिया भर में मानव तस्करी के शिकार लोगों में से दो तिहाई महिलाएँ हैं। मानव तस्करी एक वैश्विक समस्या है और दुनिया के सबसे शर्मनाक अपराधों में से एक है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन के लिये अभिशाप है और सरकारों पर एक बदनुमा दाग एवं कलंक है। मानव तस्कर दुनिया के सभी कोनों से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को धोखा देते हैं और उन्हें हर दिन शोषणकारी अंधेरी परिस्थितियों एवं दुनिया में धकेलते हैं। जबकि मानव तस्करी का सबसे वीभत्स रूप यौन शोषण है, हज़ारों पीड़ितों को जबरन श्रम, घरेलू दासता, बाल मजदूरी एवं भीख मांगने के लिये मजबूर किया जाता है और ऐसे पीड़ितों के अंगों को निकालने के उद्देश्य से भी तस्करी की जाती है। अंतरराष्ट्रीय एनजीओ शोध के अनुसार, पापुआ न्यू गिनी के लगभग 30 प्रतिशत यौन तस्करी के शिकार 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं, जिनमें से कुछ की उम्र 10 वर्ष से भी कम है। कथित तौर पर कतिपय परिवार या जनजाति के सदस्य यौन तस्करी या जबरन




मजदूरी करवाते हैं। कुछ माता-पिता बच्चों को सड़क पर भीख मांगने या सामान बेचने के लिए मजबूर करते हैं, और कुछ अपनी बेटियों को कर्ज चुकाने, समुदायों के बीच विवादों को सुलझाने या अपने परिवारों का समर्थन करने के लिए विवाह या बाल यौन तस्करी के लिए बेच देते हैं या मजबूर करते हैं। दुनियाभर में हर साल करीब 6 लाख से 8 लाख लोगों की तस्करी होती है। दुनियाभर में पाए गए सभी मानव तस्करी के पीड़ितों में से 51 प्रतिशत वयस्क महिलाओं की संख्या है। भारत में वर्ष 2019 में, सरकार ने 5145 मानव तस्करी के पीड़ितों और 2505 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की पहचान किए जाने की जानकारी दी, जोकि वर्ष 2018 में पहचान किए गए 3946 मानव तस्करी पीड़ितों और 1625 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की तुलना में वृद्धि थी। इसके आगे भी मानव तस्करी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में वर्ष 2010 में राष्ट्रपति की घोषणा के अनुसार, प्रत्येक जनवरी को राष्ट्रीय गुलामी और मानव तस्करी रोकथाम माह के रूप में नामित किया गया है। मानव तस्करी की बढ़ती शर्मनाक घटनाओं ने संवेदनहीन होते समाज की त्रासदी को उजागर किया है। इन घटनाओं को अभिभावकों एवं समाज की संवेदनहीनता और क्रूरता के रूप में देखा जा सकता है, वहीं आजादी के अमृत काल में भी मानव-तस्करी की घिनौनी मानसिकता के पांव पसारने की विकृति को सरकार की नाकामी माना सकता है। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के प्रति घटने वाली ऐसी संवेदनहीनता की घटनाओं पर रोक लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस देश में मानव तस्करी के जघन्य अपराध के रूप में बच्चों के साथ जो हो रहा है उसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। उन्हें खरीदने-बेचने और उनसे भीख मंगवाने का धंधा, उनके शरीर को अपंग बनाने का काम, खतरनाक आतिशबाजी निर्माण में बच्चों का उपयोग, उनके साथ अमानवीय व्यवहार, तंत्र-मंत्र के चक्कर में बलि चढ़ते मासूम बच्चे और उनका यौन शोषण। देश के भविष्य के साथ यह सब हो रहा है। लेकिन जब सरकार को ही किसी वर्ग की फिक्र नहीं तो इन मासूमों की पीड़ा को कौन सुनेगा? इस बदहाली में जीने वाले बच्चों की संख्या जहां देश में लाखों में है, वहीं जन्मते ही बच्चों को बेच देने की घटनाएं भी रह-रह कर नये बन रहे समाज पर कालिख पौतते हुए अनेक सवाल खड़े करती है। लाखों बच्चे कुपोषण का शिकार मिलेंगे, लाखों बेघर, दर-दर की ठोकर खाते हुए आधुनिकता की चकाचौंध से कोसों दूर, निरक्षर और शोषित। बच्चों को बेच देने एवं तस्करी की घटनाएं कई बार ऐसी परतों में गुंथी होती हैं जिनमें समाज, परंपरागत धारणाएं, गरीबी और विवशता से लेकर आपराधिक संजाल तक के अलग-अलग पहलू शामिल होते हैं। समाज में आज भी लड़के एवं लड़की को लेकर संकीर्ण एवं अमानवीय सोच व्याप्त है, झारखण्ड में एक दंपति को पहले से तीन बेटियां थी। सामाजिक स्तर पर मौजूद रूढ़ियों से संचालित धारणा के मुताबिक उस दंपति को एक बेटे की जरूरत थी। यानी तीन बेटियां उसकी नजर में महत्वहीन थी कि उससे बेटे की भरपाई हो सके। इसलिए उसने ऐसी सौदेबाजी कराने वाले मानव तस्कारों एवं दलालों के जरिए किसी अन्य महिला से उसका नवजात बेटा खरीद लिया। यानी मन में बेटा नहीं होने के अभाव से उपजे हीनताबोध और कुंठा की भरपाई के लिए कोई व्यक्ति पैसे के दम पर गलत रास्ता अपनाने से भी नहीं हिचकता। इसके अलावा, मानव तस्करी करने वाले गिरोह दूरदराज के इलाकों में और खासतौर पर गरीबी की पीड़ा झेल रहे लोगों के बीच अपने दलालों के जरिए बालक एवं बालिका खरीदने के अपराध में लगे रहते हैं। झारखण्ड, ओड़ीसा, बिहार जैसे राज्यों के गरीब इलाकों में ऐसे तमाम लोग होते हैं, जिन्हें महज जिंदा रहने के लिए तमाम जद्दोजहाद से गुजरना पड़ता है। विश्व की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनते भारत की सतह पर दिखने वाली अर्थव्यवस्था की चमक की मामूली रोशनी भी उन तक आखिर क्यों नहीं पहुंच पाती है? मानव तस्करी की बढ़ती घटनाओं में बच्चों एवं बालिकाओं को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है।

दृष्टि कोण

## सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ विकास का कॉकटेल

**हिंदुत्व** के रथ पर सवार होकर सत्ता के शीर्ष तक पहुंची भारतीय जनता पार्टी की इस राजनीतिक पैंतरेबाजी को आम आदमी पार्टी (आप) ने भी लपक लिया। दिल्ली विधानसभा में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए आप कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती। आप के नेताओं को लगता है कि हिंदुत्व का इस तरह समर्थन करने से भाजपा के लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों के प्रचार को कमजोर किया जा सकता है, जिसके कारण आप के कई नेता जेल में भुगत कर आए हैं। भाजपा विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल के शीशमहल, शराब घोटाले सहित अन्य मामलों को प्रचार का मुद्दा बनाए हुए है। दरअसल आप को समझ में आ गया कि इस देश में सिर्फ विकास के कार्यों से ही सत्ता हासिल नहीं की जा सकती। यही वजह है कि आप ने भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे में सेंध लगा दी। अब भाजपा की मजबूरी यह है कि चाह कर भी इस मुद्दे पर आप का विरोध नहीं कर सकती। भाजपा के सॉफ्ट हिंदुत्व का मुकाबला कांग्रेस नहीं कर सकी। जिसे कांग्रेस भुनाने में नाकामयाब रही, उसे आप ने कर दिखाया। आप ने भाजपा की दिल्ली मंदिर प्रकोष्ठ यूनिट में सेंध लगाई है। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कई धर्मगुरुओं को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलवाई और भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया। भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ के 100 से ज्यादा सदस्यों ने केजरीवाल की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आप का दावा है कि पूरी दिल्ली के पुजारी हमारा समर्थन कर रहे हैं और हमें आशीर्वाद दे रहे हैं। इससे पहले आप ने चुनाव जीतने पर पुजारी और ग्रंथियों को हर महीने 18 हजार रुपए वेतन देने की घोषणा की थी। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी जो कहती है, वो करती है। भले हम ऐलान करने में थोड़ी देरी कर दें, लेकिन अगर एक बार ऐलान कर देते हैं तो पीछे नहीं हटते हैं। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने जैसे महिला सम्मान और संजीवनी योजना को पुलिस भेजकर रोकने की कोशिश की, वैसे इसको रोकने की कोशिश न करे, पाप लगेगा। दिल्ली भाजपा ने केजरीवाल की घोषणा की आलोचना करते हुए कहा है कि केजरीवाल ने मंदिर और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके खोले और उनकी पूरी राजनीति हिंदू विरोधी रही है। भाजपा के रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से इमामों को खुश करने के लिए हर महीने 18000 वेतन देने वाली आप की सरकार को चुनावी मौसम में अब पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों की याद आई है। जब 10 साल तक मौलवियों को वेतन देने की बात कही, तब पुजारी और ग्रंथियों की याद नहीं आई। गौरतलब यह है कि भाजपा ने केजरीवाल और आप को हिंदुत्व को लेकर कटघरे में खड़ा करने का प्रयास बेशक किया हो, किन्तु योजना को गलत बताने या चुनाव जीतने पर इसे बंद करने की घोषणा का साहस नहीं दिखा सकी। मुफ्त पानी-बिजली और स्कूल जैसी लोकलुभावन घोषणाओं से आप लगातार दो बार भाजपा और कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनाव में मात देती रही है। भाजपा ने पहले नरम हिंदुत्व को चुनावी हथियार बनाया और बाद में उसे विकास की तरफ मोड़ दिया। इसके विपरीत आप ने पहले विकास और अब उसके साथ सॉफ्ट हिंदुत्व को जीत का मोहरा बनाया है। भाजपा ने अयोध्या मुद्दे को चुनाव में भुनाने में कसर नहीं छोड़ी। लंबे अर्से तक भाजपा मंदिर मुद्दे पर विपक्षी दलों को कटघरे में खड़ा करती रही। इतना ही नहीं, विपक्षी दलों को अयोध्या मंदिर के निर्माण और उद्घाटन पर नहीं आने पर हिंदुत्व विरोधी होने का आरोप लगाया। भाजपा ने हिंदुत्व के साथ ही मुस्लिमों के प्रति सद्भाव दिखाने का कई बार प्रयास किया है। यह अलग बात है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं बनाया। अंतरराष्ट्रीय संबंधों की खातिर केंद्र की भाजपा सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुस्लिम विरोधी होने का दाग धोने का प्रयास जरूर करती रही है। सोशल मीडिया पर देश में प्राचीन मंदिर-मस्जिद विवाद की तल्ख टिप्पणियों की बाढ़ के बावजूद भाजपा ने इससे दूरी बनाए रखी है। यहां तक कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी ऐसे गढ़े मुर्दे उखाड़ कर हिंदुत्व का नेता बनने का प्रयास करने वालों को लताड़ लगाई। कारण स्पष्ट है कि केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में भारत ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने में जुटा हुआ है। इसके लिए अन्य देशों के साथ खाड़ी देशों से भी रिश्ते बनाना जरूरी है, ताकि भारत पर कोई देश सांप्रदायिक आधार पर भेदभाव का आरोप नहीं लगा सके। इसके अलावा भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का कैंपेन भी चलाया हुआ है। भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और लगातार आगे बढ़ रहा है।

कुछ अलग

## नेतागिरी फ्रॉम होम...

**डिजिटल** वल्ड का जमाना है और नेताजी ने भी इस तकनीकी युग में खुद को पूरी तरह ढाल लिया है। पलंग पर लेटे-लेटे देश-प्रदेश की खबर लेते रहते हैं और पूरी तरह अपडेट रहते हैं। करवटें बदलते बदलते ही उन्होंने प्रदेश सुधारने का अभियान भी चला रखा है। सचिवालय, पार्टी कार्यालय और जनता दरबार, सब कुछ उनके घर के शयन कक्ष में फिट हो चुका है। नेताजी के समर्थकों का कहना है कि लगातार पब्लिक के बीच में रहने की वजह से उनकी रूटीन बिगड़ गई थी जिससे उनका स्वास्थ्य प्रभावित हुआ और डॉक्टरों ने अब उन्हें आराम करने की सलाह दी है। लेकिन नेता के लिए आराम हराम होता है, इसलिए डॉक्टर की सलाह पर थोड़ा बहुत अमल करने के साथ-साथ आराम से पलंग पर लेटे-लेटे तबादला आदेश जारी करना, योजनाओं को मंजूरी देना और अधिकारियों को 'इशारों' में निर्देश देना अब नेताजी का डेली रूटीन बन चुका है। वह अब पुराने जमाने के नेताओं की तरह सचिवालय में जाकर जनता से मिलने-जुलने वाले नहीं रहे। सब कुछ घर से ऑनलाइन चल रहा है। सुबह की शुरुआत आलीशान पलंग पर लेटे-लेटे चाय की चुस्कियां लेने से होती है। बगल में एक टेबल है, जिसमें फोन, लैपटॉप और सरकारी फाइलें फैली हुई हैं। लेकिन इन फाइलों का इस्तेमाल केवल सजावट के लिए है, असल काम तो मोबाइल फोन और व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से हो रहा है। नेताजी की पहली कॉल उनके निजी सचिव को होती है। आदेश देते हैं, 'फलां अधिकारी को फोन लगाओ और कहो कि फलां का तबादला शाम तक हो जाना चाहिए।' निजी सचिव उधर फोन मिलाता है और नेताजी करवट बदलकर अगले आदेश की तैयारी करते हैं। नेताजी के समर्थकों का कहना है कि उनकी करवटों में लोकतंत्र छुपा है। नेताजी के करवट बदलने का सीधा संबंध योजनाओं के पास होने से है। जैसे ही नेताजी दाईं करवट लेते हैं, किसी बड़े उद्योगपति का प्रोजेक्ट मंजूर हो जाता है। बाईं करवट में किसी ठेकेदार की किस्मत चमक उठती है। करवटें बदलते-बदलते नेताजी कभी अपने मंत्रिमंडल को डांट लगाते हैं, तो कभी एक कप सूप लाने का आदेश देते हैं। उनके पलंग के पास हमेशा 3-4 नौकर-चाकर खड़े रहते हैं। किसी का काम नेताजी का मोबाइल चार्ज पर लगाना है, तो कोई उनकी चप्पल सही जगह रखता है। फाइलें पलंग पर ही फैली होती हैं, ताकि नेताजी को ज्यादा मेहनत न करनी पड़े। कभी-कभी नेताजी अपने निजी सचिव को बुलाकर गंभीर स्वर में कहते हैं, 'देखो, पार्टी के कार्यकर्ताओं को समझाओ कि इस बार टिकट केवल उन्हीं को मिलेगा, जो पार्टी फंड में सहयोग देंगे। बाकी जनता के काम बाद में देखेंगे।' नेताजी ने जनता से संवाद के लिए एक नया तरीका अपनाया है। व्हाट्सऐप पर एक नंबर जारी किया गया है, जिसमें लोग अपनी समस्याएं लिखकर भेज सकते हैं। हर समस्या का जवाब नेताजी की तरफ से एक ही होता है- 'आपकी समस्या पर विचार किया जा रहा है। जल्द समाधान होगा।' नेताजी का दिन का बड़ा हिस्सा उद्योगपतियों, ठेकेदारों और माफिया सरगनाओं से फोन पर बात करने में बीतता है। कोई कहता है, 'साहब, मेरा प्रोजेक्ट पास करवा दीजिए।' नेताजी मुस्कुराकर जवाब देते हैं, 'हम देख लेंगे, पहले अपना योगदान याद रखना।' माफिया सरगना फोन करता है, 'साहब, इलाके में पुलिस ज्यादा परेशान कर रही है।' नेताजी पलंग पर करवट बदलते हुए कहते हैं, 'एसपी से बात करेंगे। सब ठीक हो जाएगा।' नेताजी का असली समय हाईकमान से बात करने में जाता है। हाईकमान से निर्देश मिलते ही नेताजी अगले आदेश जारी कर देते हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की बातें सुनने का तो समय ही नहीं। अगर कोई कार्यकर्ता मिलने आ भी जाए, तो उसे 5 मिनट में बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है।

देश दुनीया से

## व्यवहार और संस्कार में 'जनरेशन गैप'

**ये** क्या बात हुई? बहुत वर्षों तक प्रेम हुआ फिर 'लिव इन रिलेशनशिप' में रहे। मुश्किल से शादी हुई, लाखों रुपए आयोजन पर खर्च दिए। अभी तो शहनाई की आवाजें भी कानों में गूंज रही हैं, मेहंदी की सुर्ख लाली हाथों में चढ़ी है और अब तलाक? जी हां, बिल्कुल सही। वो जन्म-जन्म के बंधन में बंधने के जमाने गए। विचारणीय यह है कि आपके प्रेम संघर्ष की मंजिल कहां है? क्या प्रेम सम्बन्ध में आप टाइम पास कर रहे हैं? या फिर बिना कोई जिम्मेदारी लिए रूप, रस, रंग, गंध, स्पर्श और यौवन का आधुनिक भौतिकवादी आनंद ले रहे हैं? क्या सच में आप अपने मनपसंद व्यक्ति के साथ वैवाहिक जीवन में बंधकर रहना चाहते हैं? या फिर आप सफर का ही मजा लेना चाहते हैं तथा मंजिल पर पहुंचना ही नहीं चाहते? क्या आप पारिवारिक तथा सामाजिक दायित्व को निभाने के लिए तैयार नहीं हैं? क्या विवाह आपकी नजर में एक मजाक है? ये कुछ प्रश्न हैं जो एक व्यक्ति स्वयं से पूछ कर अपने ही आप उत्तर दे सकता है। वास्तव में लिव इन रिलेशनशिप प्यार है ही नहीं। यह केवल अस्थायी समायोजन है अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं तथा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए। आपके प्रेम का आधार क्या है? यह आपकी शिक्षा, पोषण, परवरिश तथा संस्कारों की पृष्ठभूमि से ही पता चल सकता है। वर्तमान भौतिकवादी युग में सभी का जीवन अपना-अपना, विचार तथा तर्क होता है जिसे कोई भी गलत साबित नहीं कर सकता। क्योंकि दुनिया में आपकी मानसिकता तथा आवश्यकता के अनुसार सब कुछ उपलब्ध है। संस्कारों की बातें अब गए जमाने की हो गई हैं। ज्ञान, विज्ञान, आचार, व्यवहार, संस्कार और सरोकार में 'जनरेशन गैप' भी आ जाता है। जो हर समय पर रहा और हमेशा रहेगा। आज आचार, व्यवहार, संस्कार तथा सोचने-विचारने के चश्मे बदल गए हैं। हम सभी अपने कृत्य, आचरण एवं व्यवहार में अपने आपको सही ठहराते हैं। वर्तमान परिवेश में पूर्व की भांति समाज में लडक़े तथा लडक़ी के लिए रिश्ते देने का रिवाज खत्म सा हो गया है। गलती से अगर कोई प्रस्ताव रख भी दें तो लडक़ी या लडक़े की अपनी पसंद होने की बात कह कर बात टाल दी जाती है। कोई किसी की जिम्मेदारी या खतरा मोल नहीं लेना चाहता। वर्तमान में युवा लडक़े और लड़कियों में आम तौर पर एक-दूसरे के लिए आकर्षण तो देखा जाता है, लेकिन प्रेम नाम की कोई वस्तु नहीं पाई जाती। आजकल युवाओं की पसंद-नापसंद तथा आकर्षण में भी यौवन, रंग, रूप, बैंक बैलेंस, नौकरी, गाड़ी, बंगला तथा अन्य संसाधन मुख्य घटक रहते हैं। जीवन साथी चुनते समय रंग-रूप, कद काठी, जाति, भाषा, धर्म, सम्प्रदाय के मानदंड तो लगभग समाप्त ही हैं। आयु, रंग, रूप, आकार को कोई महत्व नहीं दिया जाता। परिवारों, समाजों, व्यवहारों तथा संस्कारों को वरीयता नहीं दी जाती। व्यक्तिगत, पारिवारिक तथा व्यावसायिक अनुरूपता को अधिमान दिया जाता है। शादी के लिए जन्मपत्रिका तथा छत्तीस गुण मिलाने का भी रिवाज अब समाप्त हो रहा है। अब यह संकीर्ण मानसिकता तथा रूढ़िवादिता समझा जाता है। लडक़े तथा लडक़ी में व्यावसायिकता के दृष्टिगत राज्यीय, अंतरराज्यीय, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध बन रहे हैं। शिक्षा, संस्कारों तथा व्यवहारों को वरीयता नहीं दी जाती। 'खाओ पियो ऐश करो' की संस्कृति में डूबे हुए, अचेत तथा बेखबर लोगों का जब सपना टूटता है तब तक तलाक के कागज तैयार हो जाते हैं। यही कहानी है आजकल की बहुधा शादियों की। फिर लगता है कि वो लडक़ा या लडक़ी, व्यक्ति, परिवार या समाज हमारे परिवार के काबिल नहीं था। आज की सामाजिक व्यवस्था में शादी के योग्य हो जाने वाले प्रत्येक युवक तथा युवती को बंधन में बंधने से पूर्व शादी के व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक तथा वैधानिक अर्थों को भी समझ लेना चाहिए। यह बर्बादी से बचने के लिए अति आवश्यक है। वर्तमान में विभिन्न न्यायालयों में चालीस प्रतिशत से अधिक मामले शादियों से उपजे विवादों, लेन-देन, तलाक, असंतोष तथा समायोजन में आ रही परेशानियों से सम्बन्धित हैं। परिवार बिखर रहे हैं, यदि संतान है तो जिम्मेदारी के लिए कोर्ट में मुक्कदमे चल रहे हैं। बुजुर्ग माता-पिता परेशान हैं। बच्चों का जीवन तथा माता-पिता की आशाएं, आकांक्षाएं धराशायी हो रही हैं। यह समझना इसलिए भी आवश्यक है कि बिना सोचे-समझे शादी के बंधन में बंधने से प्रायश्चित ही होता है। शादी आत्माओं का एक पवित्र बंधन है जिसे पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक तथा वैधानिक मान्यता मिलती है। शादी के उपरांत दोनों लोगों का एक सम्मिलित व्यक्तिव बनता है जो एक-दूसरे की मानवीय आवश्यकताओं तथा अपूर्णताओं को पूर्ण कर विशेष अधिकारों तथा दायित्वों के लिए जिम्मेदार होते हैं। विवाह जैसा संस्कार नवदम्पत्ति को एक विशेष सम्मान तथा जिम्मेदार होने का प्रमाणपत्र देता है। आज नवयुवकों तथा युवतियों के जीवन में भी बहुत सी चुनौतियां तथा संघर्ष हैं। अच्छी से अच्छी पढ़ाई करने के बाद नौकरी या रोजगार नहीं है। विवाह की उम्र भले ही 21 वर्ष हो लेकिन अब 30 वर्ष की उम्र में ही हो रहे हैं क्योंकि इस पीढ़ी ने मान लिया है कि विवाह से ज्यादा पैसा और सफलता भी आवश्यक है। यदि आजीविका का साधन है तो रिश्ते नहीं हैं। शादी हो गई तो परिवारों की महत्वाकांक्षाएं तथा अपेक्षाएं बहुत हैं। नए सम्बन्ध बनने पर समायोजन नहीं हो पा रहा। नवदम्पत्ति संयुक्त परिवारों में रहना नहीं चाहते। मल्टीनेशनल कंपनियों में कार्यरत दम्पतियों को बच्चे नहीं चाहिए। वे बच्चों के पालन-पोषण का कष्ट नहीं भोगना चाहते। परिवारों में माता-पिता, बड़ों तथा बुजुर्गों की बहुत आशाएं, आकांक्षाएं तथा अपेक्षाएं बहुत हैं। आज के परिवेश में माता-पिता को चाहिए कि सही सोच, विचार, सही दिशा से बच्चों की शिक्षा, परवरिश तथा संस्कारों को दिया जाए।


वर्तमान भौतिकवादी युग में सभी का जीवन अपना-अपना, विचार तथा तर्क होता है जिसे कोई भी गलत साबित नहीं कर सकता। क्योंकि दुनिया में आपकी मानसिकता तथा आवश्यकता के अनुसार सब कुछ उपलब्ध है। संस्कारों की बातें अब गए जमाने की हो गई हैं। ज्ञान, विज्ञान, आचार, व्यवहार, संस्कार और सरोकार में 'जनरेशन गैप' भी आ जाता है। जो हर समय पर रहा और हमेशा रहेगा। आज आचार, व्यवहार, संस्कार तथा सोचने-विचारने के चश्मे बदल गए हैं। हम सभी अपने कृत्य, आचरण एवं व्यवहार में अपने आपको सही ठहराते हैं। वर्तमान परिवेश में पूर्व की भांति समाज में लडक़े तथा लडक़ी के लिए रिश्ते देने का रिवाज खत्म सा हो गया है।


आप का नजरीया

## शहरी द्वंद्व में हिमाचल

**चलो** एक प्रयास तो हुआ कि कुछ अलग सोचें, वरना हम तो उन्हीं गलियों में आवारा बस्ती बने हैं। धर्मशाला में दिल्ली के लोक प्रशासन संस्थान के सहयोग से शहरीकरण की उत्कंठा को नजदीक से देखा, परखा व भविष्य की संरचना के पर्याय खोजे गए। शहरीकरण की उम्मीदों में पलने लगा हिमाचल, दस-बारह शहरों या बनते नए नगर निकायों की हद तक ही सीमित नहीं, बल्कि प्रदेश की मिट्टी पर उगी प्रति व्यक्ति आय के बढ़ते ग्राफ ने शहर की तरह जीने की लालसा को समूचे प्रदेश की जीवन शैली बना दिया है। नतीजतन हिमाचल में ग्रामीण और शहरी द्वंद्व एक ही सतह पर खड़े हैं। जीवन शैली में आए परिवर्तन और प्रति व्यक्ति आय के फलते-फूलते फलक ने गांव से शहर तक कमोबेश एक जैसे नागरिक दबाव बढ़ा दिए हैं। हिमाचल की सार्वजनिक भूमि का कम होना और जंगलों का घनत्व बढऩा भी एक बड़ा कारण है कि ग्रामीण से शहरी व्यवस्था तक मानवीय जरूरतों की अफरा-तफरी बढ़ गई है। इतना ही नहीं, सरकारों की ओर से शहरी योजनाओं का प्रारूप मानवीय जरूरतों से कहीं भिन्न सियासी वकालत का जरिया बन गया। न शहरों का दायरा सही समय में बढ़ाया गया और न ही गांवों में घटते ग्रामीण संस्कारों को समझा गया। खास तौर पर सडक़ों के विस्तार और निजी परिवहन की रफ्तार ने प्रदेश की ग्रीन बैल्ट को कंक्रीट से भर दिया। ऐसे में अगर धर्मशाला की बैठक में पहाड़ के शहरी मॉडल पर सोचा गया और यह माना गया कि पर्वतीय शहर अलग फितरत से अपना भविष्य तय करेंगे, तो यह दिशा परिवर्तन का फार्मूला हो सकता है, लेकिन इससे पहले शहरी विकास के कानून, नियम व विकल्प भी समझने होंगे। हम चैन से ग्रामीण जीवन को आगे नहीं बढ़ाएंगे, तो सुकून से हमारे शहर भी नहीं बचेंगे। इसके संदर्भों में आधी सदी गुजार कर भी टीसीपी कानून अक्षम है या हमने इसके मूल उद्देश्य को भ्रमित करके मार डाला है। हिमाचल एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने शहरी और ग्रामीण जरूरतों को केवल केंद्रीय योजनाओं या बजट के अनुरूप रखते हुए केवल उपलब्ध राशि का इस्तेमाल किया, वरना अब तक कुछ उपग्रह नगर बस चुके होते। अपनी आवासीय जरूरतों को नजरअंदाज करके हिमाचल ने शहरी आर्थिकी का मजबूत पक्ष नहीं खोया, बल्कि हर शहर की बेहतरीन तस्वीर को भी कूड़ेदान में डाल दिया। अगर समय रहते दो-तीन सुनियोजित शहर बसा लिए होते, तो इसका सामाजिक, आर्थिक, शहरी व व्यावहारिक पक्ष सुदृढ़ होता। हिमाचल में शहरी प्रवृत्ति पर बढ़ती कनेक्टिविटी का असर दिखने लगा है और जैसी ही फोरलेन परियोजनाएं, कांगड़ा एयरपोर्ट तथा रेलवे विस्तार संभव होगा, गांव और शहर के बीच सिर्फ शहरी एवं ग्रामीण निकायों भर का फासला बचेगा। ऐसे में बेहतर यह होगा कि पूरे प्रदेश को ग्राम एवं नगर योजना कानून के दायरे में लाया जाए। इसके तहत कम से कम आठ-दस शहरी विकास प्राधिकरण बनाकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में समन्वित विकास की पद्धति सुनिश्चित की जाए। कुछ शहरों और अनेक गांवों की परिधि शहरी विकास प्राधिकरण के मार्फत आवासीय योजनाओं के अलावा यह भी सुनिश्चित कर सकती है कि नवनिर्माण के दायरे कहां तक रखे जाएं। जहां दो-तीन शहरों के बीच कॉमन प्लानिंग एरिया बढ़ेगा, वहीं ग्रामीण परिदृश्य में भी समन्वित विकास होगा।

संक्षिप्त खबरें

## बाइक और साइकिल में टक्कर, दो लोग घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के हंटरगंज-शेरघाटी बायपास पथ पर पत्सुगीय गांव पुल के समीप देर शाम अनियंत्रित बाइक और साइकिल में टक्कर हुई। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया वही साईकिल सवार को मामूली चोट पहुंची है। राहगीरों ने आनन फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में दोनों घायलों को भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति नाजुक देखते हुए बाइक सवार घायल युवक को गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया वही साईकिल चालक वृद्ध का ईलाज किया जा रहा है। उक्त युवक की पहचान थाना क्षेत्र के जिरहुलिया गांव के कृष्णा यादव के 30 वर्षीय पुत्र कमलारा यादव के रूप में हुई है वही दूसरे की पहचान थाना क्षेत्र के पत्सुगिया गांव के 60 वर्षीय योगेन्द्र यादव के रुप में हुई।

## एनटीपीसी, डीएवी स्कूल के दिवंगत प्रिंसिपल के सम्मान में पुष्पांजलि सभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के डीएवी स्कूल में बुधवार को पुष्पांजलि व सम्मान सभा आयोजित किया गया। एनके टंडवा समुदाय अपने दिवंगत प्रिंसिपल राजेश्वर सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुआ, जिन्होंने अपने समर्पण और विशिष्टता के साथ संस्थान की सेवा की। समारोह की शुरुआत असेंबली एरिया में पूरे स्कूली सभा के साथ की गई। जहां सर्व प्रथम गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया, जिसके बाद प्रिय प्रिंसिपल की याद में एक पल का मौन रखा गया। शिक्षकों, छात्रों और अन्य सभी कर्मचारियों ने विशेष रूप से व्यवस्थित स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना किया। सभा में विद्यालय के विकास और सफलता में श्री सिंह के अपूरणीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने स्कूल और बच्चों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। कई छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने भी दिवंगत प्रिंसिपल द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक संदेश साझा किए। समारोह का समापन छात्रों और कर्मचारियों ने राजेश्वर सिंह द्वारा पोषित मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिज्ञा के साथ किया गया। यह माहौल चिंतन और कृतज्ञता का था। क्योंकि, स्कूल समुदाय ने सामूहिक रूप से एक सच्चे नेता और गुरु की विरासत का सम्मान किया।

ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायतों की कार्यकुशलता में सुधार लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय ग़ैर आवासीय प्रशिक्षण का शुरू हुआ ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 के अन्तर्गत प्रखंड पंचायत संसाधन केंद्र एवम प्रखंड के सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दिया जाने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण ?सोमवार को शुरू हुआ. इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायतों की कार्यकुशलता में सुधार लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देना है. मास्टर ट्रेनर द्वारा सबकी योजना सबका विकास विषय पर पूरी जानकारी दी गई. इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए गरीब मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी, जल पर्याप्त, स्वच्छ और हरित, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, समाजिक रूप से सुरक्षित, सुशासन वाला गांव महिला एवं बाल हितैषी समेत नौ विषयों पर योजना चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर प्रखण्ड संसद दल से बीपीओ बिनोद प्रसाद गुप्ता बीपीआरओ योगेश शर्मा बीडीओ अरुण मुंडा ट्रेनर श्री शंकर दांगी मास्टर ट्रेनर योगेन्द्र यादव प्राखी पंचायत के जीपीएफटी के सदस्य सभी पंचायत से पी.एस.एस. पंचायत मुखिया सभी उपस्थित रहें।

## विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास विफल, चोरों की प्लानिंग में फिरा पानी



**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के डुमरीकला पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तरवन में ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोनिका कुमारी ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि ऑफिस का ताला टूटा हुआ है इसके बाद मैं स्कूल पहुंची और थाना को सूचना दी। सोमवार की रात चोरों ने स्कूल ऑफिस का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया. लेकिन ताला व कुंडी तोड़ने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जग गये. लोगों के जगने की आवाज सुनकर चोर भाग गया और चोरी की प्लानिंग में पानी फिर गया. विद्यालय प्रधानाध्यक से सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस विद्यालय पहुंची लोगों से घटना की जानकारी ली फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. बताते चले कि 6 माह पूर्व में भी इसी स्कूल में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया था जिसमें विधालय के अध्ययन सामग्री, फूल HD TV, बेट मशीन, इत्यादि में हाथ साफ कर चुका था शायद यही उद्देश्य से फिर घटना का अंजाम देना चाहा लेकिन ग्रामीणों के जाग जाने के वजह से चोरों के प्लानिंग में पानी फिर गया।

## डीटीओ द्वारा अनुमंडल कार्यालय के समीप की गई हेलमेट जांच




**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल कार्यालय के मुख्य गेट के समीप डीटीओ चतरा द्वारा हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां वगैर हेलमेट पहने मोटरसाईकिल पर सफर कर रहे चालकों से फाइन के रूप में तुरंत चलान काट कर जुर्माना लिया गया। वहीं आगे हिदायत दी गई कि यदि आप सड़क पर मोटरसाइकिल सवारी कर रहे हैं और वगैर हेलमेट के चल रहे हैं तो अनुमंडल कार्यालय के बाहर मुख्य गेट में लगे सीसीटीवी के माध्यम से जुर्माना रसीद आपके घर पोस्ट कर दिया जाएगा। इस लिए सफर करते वक्त हमेशा हेलमेट पहन कर सफर करें आप भी सुरक्षित रहें और अपने बीबी बाल बच्चे को भी भविष्य सुरक्षित रखें। आपको बता दें कि चार दिन पूर्व डीटीओ चतरा द्वारा सिमरिया चौक पर वगैर हेलमेट सफर कर रहे चालकों को गुलाब का फूल और माला पहना कर स्वागत करते हुए हिदायत दी गई थी कि अबकी बार हजार पार,नहीं होगी उधार ,नगद कटेगी चलान।

विधायक मद से बनी जलमीनार से ग्रामीणों को पानी पीने में पाबंदी, की गई है घेरा बंदी

## विधायक किसुन दास के योजना संख्या 23/24 से 7 लाख 50 हजार की लागत से बनी है जलमीनार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** जहां केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक ग्रामीणों को स्वच्छ पानी पीने के लिए करोड़ों की लागत से तरह तरह की योजनाएं चला रही है। वहीं प्रखंड के हर्षनाथ पुर में पूर्व विधायक किसुन दास के योजना संख्या 23/24 से 7 लाख 50 लाख की लागत से बजरंगी भुइंया के जमीन में ग्रामीणों को स्वच्छ पानी पीने लिए जल मीनार बनाया गया है। किंतु उक्त जल मीनार से पानी पीने के लिए रोक लगा दी गई है। जिससे लोगों को पानी पीने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब जल मीनार बनाया जा रहा था तो उस समय बोला गया था कि आप ग्रामीणों को स्वच्छ पानी पीने के लिए जमीनार बनाया गया है। किंतु पानी लेने जाते हैं तो वहां चारों तरफ घेराबंदी कर दी गई है। और बजरंगी भुइंया द्वारा बोला जाता है कि यह जल मीनार मेरा जमीन में है मेरा फसल नुकसान हो जाएगा। इस लिए हम किसी को पानी पीने के लिए खुला नहीं छोड़ सकते है। आपको बता दें कि उक्त जल मीनार के आसपास भुइंया समाज एवं अन्य समाज के लगभग 20से 30 घर की आबादी है। सभी लोग दूर में बने चापानल से पानी लाकर अपना खाने पीने में इस्तेमाल करते हैं वहीं बजरंगी भुइंया द्वारा बने जलमीनार के सड़क किनारे तार से घेराबंदी किया गया है। वैसे में जलमीनार बनाना तथा सरकार का 7 लाख 50 हजार रुपए खर्च करना बेकार साबित हो रहा है। क्या उक्त जलिमानार को कब्जामुक्त कराया जा सकता है ।या उसी तरह कब्जे में रह कर जलिमिनार धूल फांकने पर मजबूर होगा। यह एक बड़ी सवाल है।

## सिमरिया मुख्य चौक को साफ सफाई एवं स्वच्छ रखने के लिये की गई बैठक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के अध्यक्षता में चौक के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानदार, वाहन एजेंट के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पहले सिमरिया चौक को कचरा मुक्त करने का निर्देश दिया गया द्य वहींदुकान के बाहर अतिक्रमण नहीं करने, डस्टबिन रखने एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी ठेले वालों के द्वारा भी डस्टबिन रखा जाएगा एवं कचरा का निष्पादन स्वयं किया जाएगा द्य चौक चौराहों की नियमित साफ-सफाई हेतु झाड़ूकश रखने के विषय पर चर्चा किया गया ताकि निरंतर साफ सफाई रखी जा सके। इसके लिए पदाधिकारी के द्वारा आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया गया।वाहन चालकों को निर्देशित किया गया है कि चौक के समीप वाहन खड़ा नहीं करना है। सभी व्यापारी संघ के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति वर्ष भी 26 जनवरी पुरे धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी दुकानदारों को स्वयं चौक की साफ-सफाई की जाएगी। 26 जनवरी के दिन सभी दुकानदारों के द्वारा अपने दुकानों में झंडा लगाया जाएगा।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी मानव मयंक सिमरिया के सभी दुकानदार, व्यापारिक प्रतिष्ठान, व्यापारी संघ एवं वाहन एजेंट उपस्थित थे।

## लातेहार में ट्रैक्टर युनियन का हड़ताल नौवें दिन भी रहा जारी



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार ट्रैक्टर यूनियन का हड़ताल बुधवार को नौवें दिन भी जारी रहा। यूनियन के हड़ताल के कारण नगर पंचायत क्षेत्र में बालू का उठाव नहीं हो पा रहा है। इससे न सिर्फ विकास कार्य बाधित हो रहा है वरन निर्माण कार्य में लगे रहने वाले राज मिस?त्री व मजदूरों के सामने भी भूखों मरने की नौबत आ गयी है। मंगलवारीय साप्ताहिक हाट के बाद बुधवार को काफी संख?या में राज मिस्त्री व मजदूर बाइपास चौक पहुंचे थे।बता दें कि साप्ताहिक के बाद बुधवार को राज मिस?त्री व मजदूर बाइपास चौक पहुंचते हैं और यहां से काम में लगते हैं और निमार्ण कार्य स्थल जाते हैं।बुधवार को इन मजूदर व राज मिस्त्रियों को कोई काम नहीं मिला।इस संबंध में पूछे जाने पर राज मिस्त्रियों ने बताया कि ट्रैक्टर यूनियन के द्वारा बालू का उठाव नहीं किया जा रहा है।जब साईट पर बालू नहीं रहेगा तो काम कैसे होगा। उन्होने कहा कि जहां-जहां बालू था वहां काम हुआ, लेकिन अब वहां भी बालू का स्टॉक खत्म हो गया है। कुछ एक मिस्त्री व मजदूरों को ही काम मिल पाया।

**क्या कहते हैं यूनियन के अध्यक्ष**

इस संबंध में पूछे जाने पर ट्रैक्टर यूनियन के अध्यक्ष समृत पासवान ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के किसी बालु घाट का चालान कट नहीं रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के बालू घाट के चालान को नगर पंचायत में जिला खनन विभाग वैद्य नहीं मान रहा है।इस कारण आये दिन पुलिस व खनन विभाग के द्वारा बालू ट्रैक्टरो की धड़ पकड़ की जा रही हैं। ऐसे में जब तक समाधान नहीं निकलता है, तब तक ट्रैक्टर यूनियन हड़ताल पर रहेगा।

**क्या कहते हैं डीएमओ**

इस संबंध में पूछे जाने पर जिला खनन पदाधिकारी मो नदीम शफी ने कहा कि जिस ट्रैक्टर के लदे बालू का वैद्य चालान है, वैसे ट्रैक्टरों पर कोई कार्रवाई खनन विभाग के द्वारा नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि नियम संगत बालू का परिवहन करने पर कहीं कोई समस्या है, लेकिन अगर वैद्य चालान नहीं होगी तो विभाग कार्रवाई करेगी।

## पच्चीस हजार प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य : रामप्रवेश यादव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के मांको मोड़ के समीप राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में बुधवार से सदस्यता अभियान की शुरुआत किया गया। राजद प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। राष्ट्रीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राम प्रवेश यादव ने कहा कि लातेहार जिले में 25 हजार प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सदस्यता अभियान प्रखंड से लेकर बूथ स्तर पर चलाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि सदस्यता अभियान के लिए प्रखंड कमेटी का भी गठन किया गया है। इस मौके पर प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रंजीत कुमार यादव, जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश राम, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जितेंद्र यादव, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अली हसन अंसारी, मजदूर प्रकोष्ठ अध्यक्ष अध्यक्ष मनोज यादव, अब्दुल रशीद,देवबंस यादव, चंद्र मोहन यादव बबलू गिरी, रविंद्र प्रसाद, सोनी ज्योति सिंह सत्येंद्र यादव अंकित यादव मोहम्मद इमरान मोहम्मद तौफीक हीरामन राम राहुल यादव सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## मनिका विधायक ने दुंदु में पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह दिन बुधवार को वर्षो से ग्रामीणों की मांग पर पुल निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर एवं शीलापट अनावरण कर शिलान्यास किया इस अवसर पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि हम पर फिर से जनता अपना विश्वास जताया है और हम जनता के विश्वास में खड़ा उतरने का कार्य करूंगा उन्होंने कहा कि हमें स्मार्ट सिटी नहीं हमें स्मार्ट गांव चाहिए और गांव में समुचित व्यवस्था करना हमारी प्राथमिकता है गांव में इस तरह की व्यवस्था हम करेंगे कि गांव के लोगों को शहर में जाने की जरूरत ना हो मौके पर प्रदेश के प्रतिनिधि कामेश्वर प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, कमल यादव, विश्वनाथ पासवान, सुरेंद्र भारती, समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह को गुलदस्ता भेंट कर दी दावत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पर बुधवार को राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी के केन्द्रीय सचिव अलीहसन अंसारी ने गुलदस्ता भेंट कर उन्हें नव वर्ष और मकर संक्रांति की बधाई दी। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों पर अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने विधायक से अपील करते हुए बताया कि जर्जर बरवाडीह - मंडल मुख्य मार्ग ग्रामीणों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ जिसे निर्माण कार्य शुरू कराने प्रखंड के कुटमू स्थित आई टी आई भवन बनकर तैयार है लेकिन अब तक आई टी आई की पढ़ाई शुरु नही हो सकी है। इसके लेकर विशेष चर्चा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रम वनभोज में शामिल होने की दावत दिया। मौके पर सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने उक्त मुद्दे पर जल्द ही काम शुरू करने की बात कही। मौके अकरम अंसारी, संतोष सिंह, अशोक कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## फोरलेन साईट पर फायरिंग करने वाले सात अपराधी गिरफ्तार



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता कर एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पिछले 10 जनवरी को कुख्यात अपराधी राहुल सिंह के इशारे पर लेवी की मांग को लेकर लटवाग पन्नाटांड़ के पास पीआरए कंस्ट्रक्शन फोर लेन के लकड़ी टाल के पास चल रहे निर्माण कार्य में फायरिंग की गयी थी।लेकिन उन्हें लेवी नहीं मिली थी। इसके बाद वे पुनः वहां जमा हुए थे और उन्होने सूचना मिली थी कि राहुल सिंह के कुछ साथी चिरो मोड़ के पास यात्री शेड में बैठ कर राहुल सिंह के इशारे पर जान मारने की धमकी दे कर रंगदारी वसूलने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा चिन्हित जगह पर छापामारी गयी। छापामारी में कुल सात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अपराधियों मे जगदीश सिंह, चिरो, चंदवा, बबलू सिंह रूद, चंदवा, मनोज सिंह, रूद मूर्तिया, चंदवा, रॉकी कुमार साव, रखात चंदवा, दीपक कुमार सिंह, चेतर चंदवा, अशोक लोहरा, चेटर चंदवा व गणेश यादव रखात, चंदवा का नाम शामिल है। उनके पास से पुलिस ने 7.65 एमएम का एक देशी पिस्टल, 7.65 एमएम का दो जिंदा गोली, दो जिंदा गोली, पांच मोबाइल व एक मोटरसाइकिल (जेएच 01 एफडब्ल्यू-6959) बरामद किया है. छापामारी में एसडीपीओ अरविंद कुमार, पुनि सह चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, पुअनि श्रवण कुमार, सअनि सरोज कुमार सिंह व कुमार छत्रपाल तथा सशस्त्र बल सैट 44 चंदवा थाना के जवान शामिल थे।

## एसवीएम में सुवर्णप्राशन की पहली खुराक पिलाई गई

➲सुवर्णप्राशन में पंचगव्य घृत, मधु, सुवर्ण, भस्म होते हैं, जो शिशुओं को वात, पित्त और कफ जैसे? त्रिदोषो से मुक्त रखता है: प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में छोटे भैया - बहनों को सुवर्णप्राशन की पहली खुराक पिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल,प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी सह प्रांत शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित व सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। शिशुओं के शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास की दृष्टि से 15 जनवरी 2025 दिन बुधवार को पुष्प नक्षत्र में सुवर्णप्राशन की पहली खुराक सरस्वती विद्या मंदिर के छोटे भैया बहनों को पिलाई गई। वहीं सह प्रांत शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी ने बताया कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित शिशु वाटिका का एकमात्र उद्देश्य शिशुओं का सर्वांगीण विकास करना है। शिशुओं के विकास के लिए विद्या भारती नए-नए प्रयोग और उपाय करते रहती है। इसी कड़ी में सुवर्णप्राशन संस्कार भी है। साथ ही इस अवसर पर विभाग निरीक्षक नीरज लाल ने बताया कि यह संस्कार सनातन धर्म में वर्णित 16 संस्कारों में से एक है जिसे हमारे पूर्वजों ने जातकर्म संस्कार का नाम दिया है। खुराक की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि सुवर्णप्राशन में पंचगव्य घृत, मधु, सुवर्ण, भस्म होते हैं, जो शिशुओं को वात, पित्त और कफ जैसे? त्रिदोषो से मुक्त रखता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी के साथ अभिभावक उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा वाटिका के भैया बहनों की सुवर्णप्राशन की पहली खुराक दी गई।

## थल सेना दिवस पर बैंक कर्मियों ने विशेष श्रद्धांजलि समारोह का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** ऑल इंडिया एक्स सर्विस मैन बैंक एम्पलोइज फेडरेशन के तत्वावधान में भारतीय थल सेना दिवस के अवसर पर देश के सभी शहीद वीर सैनिकों को याद किया गया।लातेहार के सभी बैंक कर्मियों ने 15 जनवरी 2025 को कारगिल पार्क में एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर बैंक कर्मचारियों ने शहीद सैनिकों की वीरता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से योग आचार्य बलराम सिंह, लातेहार के सभी बैंक कर्मचारी और अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।समारोह की शुरुआत सैनिकों के स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की गई, जहां सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, सभी ने राष्ट्रीय गान गाकर देश के वीर सपूतों को सम्मानित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से केक काटकर सैनिक दिवस का उत्सव मनाया।योग आचार्य बलराम सिंह ने इस अवसर पर कहा, हमारे सैनिकों ने अपनी जान की बाजी लगाकर हमारे देश की सुरक्षा की है। उनका बलिदान और साहस अतुलनीय है। आज का दिन हम सभी को यह याद दिलाता है कि हमें उनके बलिदानों का सम्मान करते हुए अपने देश की सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। शहीद वीर सैनिकों की वीरता हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है, और हम उन्हें हमेशा याद रखेंगे।÷ समारोह के अंत में सभी ने एक दूसरे से सैनिक दिवस की शुभकामनाएँ दी और एकजुट होकर देश की सुरक्षा के प्रति अपनी निष्ठा को प्रगट किया। इस आयोजन ने शहीद सैनिकों के प्रति सम्मान और उनके संघर्ष को याद करने के उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। मौके पर मुरारी प्रसाद पंजाब नेशनल बैंक, प्रेम प्रकाश शुक्ला युनियन बैंक, अंजनी कुमार ठाकुर एसबीआई बैंक सहित कई बैंक कर्मी उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण बलराम सेवा संगठन द्वारा आयोजित सामूहिक चूड़ा दही कार्यक्रम में एकजुटता एवं समूहिकता का दिया परिचय

- संगठन का उत्थान एवं समाज का कल्याण सहित समास्याओं पर हुई विशेष वार्ता, एकता स्थापित करने का लोगों ने लिया संकल्प
- सामूहिक चूड़ा- दही कार्यक्रम को एक मंच पर उपस्थित होकर बनाया प्रभावशाली, संगठन एवं समाज को मिली एक नई ताकत एवं दिशा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री कृष्ण बलराम सेवा संगठन द्वारा बस स्टैंड स्थित सरना मैदान में लोक संस्कृति एवं परंपरा का पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर दिन बुधवार को सामूहिक चूड़ा- दही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में यादव समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एकजुटता एवं सामूहिकता का संदेश व परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राधा- कृष्ण की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर सामूहिक चूड़ा- दही कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जहां यादव समाज के सदस्यों ने बैठक कर संगठन का उत्थान एवं समाज का कल्याण सहित समाज के समास्याओं पर विशेष वार्ता की। जिसकी अध्यक्षता कमल गोप एवं संचालन हीरामन गोप ने किया। समाज से जुड़ी समस्याओं पर एकता स्थापित करने का लोगों ने संकल्प लिया। हर क्षितिज पर संगठन एंव समाज का परचम लहराने के लिए एकजुटता पर बल दिया। सामूहिक चूड़ा- दही कार्यक्रम में एक मंच पर उपस्थित होकर यादव समाज के सदस्यों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को प्रभावशाली एवं सफल बनाया। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन एवं समाज को एक नई ताकत एवं दिशा प्रदान की गई। मौके पर विशेष रूप से अरूण यादव, हरि गोप, बजरंगी गोप, गोपाल यादव, मनोज कुमार यादव, मनदीप यादव, हिरामन यादव उर्फ चरका यादव, बबलू यादव, गोविन्द यादव, नीरज यादव, रोहित यादव, महेश यादव, सुबोध गोप, मनोज कुमार यादव, विवेक यादव, राहुल यादव, करण यादव, रमेश यादव, धर्म यादव, उमेश कुमार यादव, राजेश यादव, अमित यादव, संदीप कुमार, अभिषेक यादव, बजरंगी गोप, बबलू यादव, विशाल कुमार यादव, नीरज कुमार यादव, दिलीप कुमार, रौशन कुमार यादव, संजय कुमार यादव, दिनेश यादव, दुलेश्वर यादव, अभिषेक यादव, नरेश यादव, सुरेश यादव, प्रमोद कुमार यादव एवं कुंदन कुमार यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बिरहोर समाज के लोगों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ने मनाया पिकनिक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत के ग्राम महुदी के टोला सतबहिया बिरहोर टोला स्थित बिरहोर परिवार के बीच मकर संक्रांति पर्व मनाए गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, कांडतरी पंचायत के पूर्वी पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे एवं मुखिया राजदेव महतो द्वारा पिकनिक का आयोजन किया गया। पिकनिक की शुरुआत मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर चूड़ा, दही, तिलकुट और गुड़ खाकर किया गया। उसके पश्चात बिरहोर समाज के महिला, बच्चे एवं पुरुष के साथ सभी ने मिलकर खुद खाना बनाया एवं सबके साथ बैठकर भोजन कर पिकनिक का आनंद लिया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी बड़कागांव जितेंद्र कुमार मंडल, कांडतरी पूर्वी पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे, मुखिया राजदेव महतो, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भास्कर जी, बीपीओ हीरो महतो, बीपीओ अरुण पासवान वार्ड सदस्य प्रतिनिधि कामेश्वर ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार महतो, साहबान अली, बिरहोर समाज के शनिचरा बिरहोर, मोती बिरहोर, बालकहिए बिरहोर, विनोद बिरहोर, छोटू बिरहोर सहित बिरहोर समाज के सैकड़ो महिला पुरुष और बच्चे शामिल थे।

# हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पंचशील कॉलोनी में शिव मंदिर भूमि पूजन कार्यक्रम में की शिरकत

**- मंदिर आस्था और समाज को एकजुट करने का केंद्र है, आने वाली पीढ़ियों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत बनेगा : प्रदीप प्रसाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के पंचशील कॉलोनी में शिव मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हिस्सा लिया। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें पुजारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की। भूमि पूजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने शिव की महिमा का गुणगान किया और मंदिर निर्माण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की मंदिर केवल आस्था का स्थान नहीं है, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। यह स्थल आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और शिव मंदिर के निर्माण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्य और क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग और उत्साह के कारण संभव हो पाया। विधायक ने आयोजन समिति को बधाई दी और इस पवित्र कार्य में सभी के योगदान की सराहना की।

# मकर संक्रांति के अवसर पर साई परिवार हज़ारीबाग़ के द्वारा इन्द्रपुरी साईं मन्दिर में किया गया विशाल भंडारे का आयोजन

- साईं परिवार हज़ारीबाग़ के सदस्यों के साथ साईं परिवार के महिला मण्डली के सदस्यों द्वारा विशाल भण्डारे के प्रसाद का किया वितरण
- चूड़ा, दही- तिलकुट, फ़ल व खिचड़ी का भोग के साथ किया गया प्रसाद वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** साई परिवार हज़ारीबाग़ जिसका निबंधन संख्या 8188/19 के द्वारा साई मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर इन्द्रपुरी में साई भण्डारा का कार्यक्रम किया गया। साई परिवार हज़ारीबाग के तत्वावधान में बुधवार को अहले सुबह साई मंदिर में आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी मकर संक्रांति के पर साई परिवार, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित साई मंदिर परिसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस विशाल भंडारे में चूड़ा, तिलकुट, गुड़, दही के साथ दोपहर में खिचड़ी, चोखा और चटनी का वितरण किया गया। सैकडों श्रद्धालुओं ने साई बाबा के प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के बाद साई परिवार हजारीबाग सदस्यों द्वारा बुधवार को शाम 6:00 बजे से आरती के कार्यक्रम के बाद हलवा का भोग लगेगा और प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके बाद आर्ष कन्या गुरुकुल , आर्य समाज हज़ारीबाग़ में बाबा का भोग को खिचड़ी , चिप्स , चोखा प्रसाद को विद्यालय के बच्चों के बीच पहुंचाया गया। साई परिवार, हजारीबाग साई भक्तों का एक समूह है। यह समूह सामाजिक एकता के साथ सामाजिक समरसता को बरकरार रखना हेतु कार्य करता है। साई परिवार, हजारीबाग समाज के जरूरत मंद वर्गो के बीच लगातार सेवा कार्य करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करता है, तो विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भी अपने कार्यो से सामाजिक जुड़ाव की ओर खुद को अग्रसर करता है। समाज के कई जरूरतमंदों को व्यक्तिगत रूप से भी यह समूह अपनी सक्षमता के अनुरूप सहयोग पहुंचाने का सकारात्मक कार्य करता है। इस समूह का लक्ष्य है कि साई भक्तों का एकजुट रहना और समाज हित में कार्य करना है। साई परिवार के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में सभी साई परिवार के सदस्यों के साई महिला मण्डली के सभी सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। यह जानकारी साई परिवार हज़ारीबाग़ के सदस्यों ने दी है।

## आज डीसी करेंगी प्रेस क्लब, हजारीबाग भवन जीर्णोद्धार का उद्घाटन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** उपायुक्त नैंसी सहाय बतौर मुख्य अतिथि 16 जनवरी को पूर्वाह्न 11.30 बजे झील रोड स्थित प्रेस क्लब, हजारीबाग भवन जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन करेंगी। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि एसपी अरविंद कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सह योगदा सत्संग कॉलेज रांची के प्रोफेसर प्रकाश सहाय और वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन होंगे।स्वागत भाषण सचिव मिथिलेश मिश्र और अध्यक्षीय संबोधन उमेश प्रताप करेंगे। इसमें प्रेस क्लब हजारीबाग से जुड़े सभी सदस्यों और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस आशय की जानकारी सचिव मिथिलेश मिश्र ने दी।

## माण्डू विधायक के हस्तक्षेप से विष्णुगढ़ में 11 हजार वोल्ट लाइन चालू करने की प्रक्रिया तेज



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में पूर्व में हुई बैठक में नवनिर्मित 11 हजार वोल्ट की लाइन को माण्डू विधायक निर्मल कुमार/ तिवारी महतो ने विधुत विभाग को कड़े निर्देश देकर इसे अतिशीघ्र चालू करने की बात कही थी।माण्डू विधायक के हस्तक्षेप के बाद आज 15 जनवरी 2025 को चलंत हाइड्रोलिक मशीन की सहायता से विधुत विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में बनासो पावर ग्रिड से विष्णुगढ़ तक 11 हजार की नवनिर्मित लाइन के किनारे से सटे पेड़ो की टहनियों को काटकर लाइन को क्लियर किया गया,जिस वजह से आज दिन भर विष्णुगढ़ में बिजली बाधित रही। इस कार्य में चेडरा मुखिया सह विष्णुगढ मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार ने साथ रह कर अपनी देखरेख में कार्य को पूरा करने में सहयोग दिया साथ ही इन्होंने कहा कि बनासो से विष्णुगढ़ सात मील तक सघन आबादी वाले क्षेत्रों में हाईटेंशन लाइन के नीचे वायर गार्ड लगाना अतिआवश्यक है,जिससे आने वाले समय मे दुर्घटना से बचाव हो सके।

## विद्यार्थियों के डेटा अपलोड करने में झारखंड में अव्वल रहा विनोबा भावे विश्वविद्यालय



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विनोबा भावे यूनिवर्सिटी ने नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी के तहत विद्यार्थियों के डेटा अपलोड करने में झारखंड में अव्वल रहा। इसने सभी विश्वविद्यालय को उक्त मामले में पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान पर अपने को स्थापित किया है। बताया जाता है कि डिजिटल दुनिया में यह कीर्तिमान कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार तथा डिजिटल कोषांग के निदेशक डॉ इंद्रजीत कुमार के प्रयासों से संभव हो सका है। जानकारी के अनुसार विभावि झारखंड का एकमात्र विवि है जिन्होंने 119685 विद्यार्थियों के डेटा को अपलोड कर एक लाख से ऊपर के अंकपत्र और डिग्री नेशनल एकेडमी डिपॉजिटरी में सही-सही अपलोड कर दिया है। दूसरे स्थान पर विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद है जिसने 81158 विद्यार्थियों के डेटा को अपलोड किया है। इस संबंध में कुलपति ने बताया कि विद्यार्थियों को हो रही असुविधा को देखते हुए विश्वविद्यालय ने इस दिशा में ठोस पहल किया। प्रथम चरण में वर्ष 2019 और उसके बाद के वर्षो में नामांकन लेने वाले स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के डेटा को अपलोड किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से विद्यार्थियों के अंकपत्र तथा उपाधि को शामिल किया गया है। यह विद्यार्थियों के आधार से लिंक किया गया है। अब विद्यार्थी डिजिलॉकर में जाकर भी अपने अंक पत्र और उपाधि डाउनलोड कर सकते हैं। कुलपति ने बताया कि भारत सरकार के डिजिटल अधिनियम के तहत अब ऐसे डाउनलोड किए हुए अंकपत्र और उपाधि को भी वैध माना जाएगा ।

# पंचवहिनी मंदिर बादम में विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काट कर किया मेला का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत स्थित पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण में दांगी ड्रामेटिक क्लब के द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर भव्य मेला सह आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने मेला एवं आर्केस्ट्रा का उद्घाटन विधिवत फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व सभी अतिथियों को माला और अंगवस्त्र दे कर पूजा समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने मनमोहक गीत और नृत्य प्रस्तुत कर मेला में आए ग्रामीण महिला, पुरुष और बच्चे का भरपूर मनोरंजन किया। लोग देर शाम तक झूमते रहे। 16 जनवरी को भी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा। मेला में आए लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा के आप लोग एकता बना के रखिए इस क्षेत्र की जनता ने जो भरोसा दिखाया है उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। एक प्रतिनिधि के रूप में आपके अधिकार की लड़ाई अंतिम दम तक लडूंगा ये आप सभी को विश्वाश दिलाता हूं। आपलोगों का सहयोग रहा तो क्षेत्र की जो भी मूलभूत समस्या है उसको दूर करने का काम करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन में पूजा समिति अध्यक्ष जागेश्वर महतो, सचिव अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष कन्हैया महतो, उप सचिव आनंद कुमार, कुशवाहा समाज अध्यक्ष भूदेव महतो, सचिव संतोष कुशवाहा, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो, युवा अध्यक्ष कालीचरण कुमार, प्रमोद कुमार, राजू महतो, दिलीप महतो, मुरली महतो, त्रिवेणी महतो, ज्ञानी महतो, संजय मेहता, सहेश्वर महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर मुख्य रूप से गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, पंचायत समिति सदस्य राजा खान, पूर्व मुखिया दीपक दास, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहन लाल मेहता, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, सेवानिवृत डीएसपी जगदीश चौधरी, भागीरथ ठाकुर, सुरेश महतो, उपेंद्र महतो, सहित हजारों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा माह 2025 को लेकर पतंग महोत्सव का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला परिवहन कार्यालय सडक सुरक्षा कोषांग की ओर से गांधी मैदान हज़ारीबाग मे दोपहर 12.00 बजे से पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। सडक सुरक्षा के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पतंग महोत्सव क आयोजन किया गया। इस पतंग महोत्सव मे पतंग और डोरी की व्यवस्था जिला परिवहन कार्यालय की ओर से की गयी थी। इस कार्यक्रम मे 39 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया। जिसमे विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम मे जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक आदि शामिल हुए। ज्ञात हो की जिले मे सडक सुरक्षा माह 2025 मनाया जा रहा है जिसमे 1 जनवरी से हर दिन सडक सुरक्षा जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम की जा रही है। इसी के तहत आज पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा महोत्सव को काफी सफल बताया गया एवं कार्यक्रम में लोगो को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गयी।

## मातृशक्ति स्वयंसेविका ने किया गया समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सबके सुख-दुख में समरस हो, संघ मंत्र के भाव पलें।उपरोक्त उक्ति को चरितार्थ करते हुए राष्ट सेविका समिति बरही की मातृशक्ति स्वयंसेविका द्वारा सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर शबरी नगर बाल संस्कार केन्द्र में मकरसंक्रांति उत्सव पश्चात समरसता भोज का आयोजन किया गया। रसोईया धमना आरएसएस की ओर से पुरहारा भुईयां टोली जनसमाज के बीच श्री राम खिचड़ी व समरसता भोज का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शबरी नगर में कशिश कुमारी, सुषमा तिवारी, रिंकू देवी एवं पुरहारा में इंद्रदेव गुप्ता, कामेश्वर भुईयां, तोखन साव, अंशु कुमार, सुमंत कुमार, नितेश कुमार समरसता भोज को सार्थक बनाने में विशेष रूप से सम्मिलित हुए ।

# बरही में रबी फसल पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में रबी फसल पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख मनोज रजक व संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ जयपाल महतो उपस्थित थे। बीडीओ, बीटीएम और बीएओ ने बारी बारी से कृषकों को गेहूं की एसडब्लयूआई विधि की जानकारी दी। बीज उपचारित जीरो टीलेज तरीके से खेती करने के गुर सिखाएं। साथ ही विभिन्न फसलों की घास नाशी रसायन की जानकारी दी गई। किसानों को रासायनिक खाद से बचने और जैविक खाद अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा फसल बीमा, पैक्स के माध्यम से किसानों का धान की उचित मूल्य की जानकारी दिया गया। वहीं कृषकों को बताया कि केसीसी ऋण के लिए किसान आवेदन बैंक में दें। वहीं बताया कि कुसुम योजना अभी चल रहा है। कृषि समृद्धि योजना में बरही से 149 किसानों का ऑनलाइन नाम गया, जिसमें सात को लाभ मिल पायेगा। वहीं बीडीओ ने कहा कि यदि किसान के पास कृषि क्षेत्र में एक वृहत भूमि हो, जिनमें दो तीन किसान मिलकर करीब एक से तीन एकड़ भूमि पर स्टोबेरी व ब्रोकली( फुलगोबी ) सब्जी की खेती की जा सकती है।किसानों को साइबर क्राइमर से बचने को कहा। यदि आप से कोई भी ओटीपी मांगे तो नहीं देना है। कार्यक्रम में मुखिया में मंगलदेव यादव, नारायण यादव, मनोज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, बिशेश्वर यादव व बीरेंद्र रजक एवं बीएओ समीरकांत रंजन, प्रखंड सांख्यिकी प्रवेक्षक सह जनसेवक सुरेंद्र कुमार दास, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह जनसेवक उपेंद्र कुमार दास, प्रभारी स्थापना सहायक सह जनसेवक मो इम्तियाज अंसारी, बीटीएम राकेश कुमार , दिलीप पांडेय, पौधा संरक्षक कर्मी कुंदन कुमार, विकास सिंह, पंसस बिकास सिंह, नवल किशोर सिंह उप मुखिया मनोज उपाध्याय, सभी प्रगतिशील कृषक मित्र उपस्थित थे।

# एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के द्वारा पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेलतू में एक अत्याधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया। आज हुए उद्घाटन समारोह में जगृति महिला क्लब की अध्यक्षा ताज़िन फैज़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। यह नया पुस्तकालय 150 से अधिक पुस्तकों का संग्रह प्रदान करता है, जो विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान और साहित्य जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित हैं। यह पुस्तकालय पीबी और पीबीएनडब्ल्यू खनन क्षेत्रों के आसपास के लगभग 600 छात्रों के लिए लाभकारी होगा। इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय को बच्चों के अनुकूल फर्नीचर जैसे टेबल, कुर्सियां और आलमारी से सजाया गया है, जिससे एक आरामदायक और उत्तेजक अध्ययन वातावरण तैयार किया गया है। हाई स्कूल के प्रधानाचार्य ने एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस पहल से छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी, साथ ही वे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सक्षम होंगे। समारोह के दौरान, कुछ छात्रों ने भी अपनी बात साझा की और बताया कि यह पुस्तकालय उनके दैनिक अध्ययन और आगामी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए कितनी मददगार साबित होगा। यह पहल एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना की सामाजिक विकास और गुणवत्ता शिक्षा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस तरह की पहलें स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और एक उज्जवल भविष्य के लिए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही हैं।

## दामोदर पुल बचाव संघर्ष समिति का उपवास कार्यक्रम आज

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा दामोदर पुल बचाव संघर्ष समिति के तत्वाधान में आज 10 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक उपवास कार्यक्रम होगा जिसका उद्देश्य गिद्दी दामोदर पुल की जर्जर स्थिति स्थिति को प्रशासन एवं प्रबंधन को नींद से जगाना एवं वर्तमान पुल की तात्कालिक मरम्मती एवं नए पुल का निर्माण करना है इस उपवास के कार्यक्रम में इस क्षेत्र के सभी राजनीतिक दल के नेता, सभी श्रमिक संगठन के नेता, सभी चयनित जनप्रतिनिधि एवं सभी सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता सह आम जनमानस भी उपस्थित रहेंगे।

## शगुन बैंक्विट हॉल का हुआ भव्य उद्घाटन



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा स्थित मदकमा चौक पर स्थित शगुन बैंक्विट हॉल का बुधवार को विधिवत उद्घाटन किया गया।इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव उपस्थित रहे, जिन्होंने फीता काटकर बैंक्विट हॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शगुन बैंक्विट हॉल के संचालक सुनील ने बताया कि यह बैंक्विट हॉल खासकर शादी समारोह, बर्थडे पार्टी और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए आदर्श स्थल है। हॉल में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ मेहमानों के आराम के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हॉल में कई बड़े और छोटे कमरे हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। शगुन बैंक्विट हॉल के उद्घाटन पर जिले भर से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और इस नए व्यवसायिक स्थल के लिए शुभकामनाएं दी। इस उद्घाटन में मुख्य रूप से बालदेव राम,देवानन्द प्रसाद,शिवनारायण यादव, अपित गुप्ता, बालेश्वर बेदिया,आलप मुलिप, कार्तिक महतो,देवगन्द यादव, देवानंद यादव,रंपीता करमाली,अप देवी, मुख्तार अंसारी, राजेश बेदिया, रूपा ठाकुर, रामाकांती इसके साथ ही साथ कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने रिश्तेदारों पर जताई हत्या की आशंका



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था और उसके परिवार ने रिश्तेदारों पर जमीन विवाद में हत्या करने का आरोप लगाया है। युवक की पहचान कुजू ओपी क्षेत्र के बोंगावार निवासी 18 वर्षीय सूरज मुंडा के रूप में की गई। परिजनों के अनुसार, करीब 15 दिन पहले जमीन विवाद को लेकर रिश्तेदारों के साथ झगड़ा हुआ था। सूरज को आखिरी बार रात 9 बजे घर में देखा गया था। सुबह उसका शव घर के पीछे एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सैकड़ों लोग जमा हो गए।कुजू ओपी प्रभारी मोहम्मद नौशाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## मकर संक्रान्ति सह टुसू मेला का किया गया आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कुंदरुखुर्द लोदरो बेड़ा में दामोदर नदी के समीप मकर संक्रान्ति सह टुसू मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी साथ ही



सर्वप्रथम कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही विधायक ने कहा की टुसू पर्व अगहन माह से पौष माह के अंतिम दिन यानी मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाला एक लोक उत्सव है। यह फसलों की कटाई के आनंद में कृषि समाज के विश्वास का एक एकीकृत रूप है। उत्सव के अंत में, टुसू देवी की छवि का विसर्जन टुसू गीतों के साथ विशद रूप से किया जाता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन निरंजन बेदिया झलकू बेदिया जितेंद्र बेदिया हीरालाल महतो मिठकू रविदास गंगोत्री देवी यशोदा देवी शांति देवी निशा देवी शामिल थे।

## मकर संक्रांति पर्व पर बसरिया साधु कुटिया में भव्य मेला का आयोजन

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रैलीगढ़ा बसरिया प्राचीन शिव मंदिर साधु कुटिया में मकर संक्रान्ति पर्व पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। साथ ही कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो व बतौर विशिष्ट अतिथि रैलीगढ़ा पीओ एएन सिंह, जिप सदस्य पिंकू देवी, मुखिया रिंकी देवी, गुंजन साव, पूर्व मुखिया पच्चू भुइयां, प्रदीप रजक ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना के साथ फीता काटकर मेला का शुभारंभ किया। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इसके पूर्व मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने रैलीगढ़ा चांदनी चौक में धरम दा ढाबा का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर मांडू विधायक ने कहा कि यहां पर विशिष्ट भोजन का उत्तम प्रबंध है। उन्होंने लोगों से सहयोग करने की बात कही। मेला में गिद्दी, रैलीगढ़ा, बुंडू, बसरिया, बसकुदरा, टोंगी, सुइयाडीह गांव के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कहा कि प्राचीन शिव मंदिर साधु कुटिया का सुंदरीकरण किया जाएगा। यहां पर कई वर्षों से मकर संक्रांति पर्व पर भव्य मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम कमेटी के द्वारा आयोजित की जाती है। जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि गांव के हर क्षेत्र में विकास योजना धरातल पर दिखेगी। जिप सदस्य पिंकू देवी, टोंगी मुखिया रिंकी देवी, रैलीगढ़ा मुखिया गुंजन साव, पूर्व हेसालोंग मुखिया पच्चू भुइया ने लोगों को संबोधित करते हुए प्राचीन शिव मंदिर साधु कुटिया आने-जाने के लिए सड़क बनवाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि सड़क, बिजली, पेयजल का समुचित व्यवस्था करने के लिए हमलोग तत्परता से कार्य करेंगे। वहीं रैलीगढ़ा पीओ एएन सिंह ने प्राचीन शिव मंदिर साधु कुटिया परिसर के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। मेला में सरय बैंड म्यूजिकल ग्रुप रांची के कलाकारों ने नागपुरी गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष काली मांझी, रवि मांझी, सचिव मनीष किस्कू, कोषाध्यक्ष शिवनारायण हेम्ब्रम, रामेश्वर किस्कू, उपाध्यक्ष रवि मांझी, सहसचिव मनु किस्कू, विनोद किस्कू, बबलू चौड़े, सुनील किस्कू, समीर मुर्मू, रमेश किस्कू, दीपक किस्कू, रामेश्वर किस्कू, गुड्डू मरांडी, लालदेव किस्कू, रामसेवक करमाली, राजेश सहित कई सदस्य का नाम शामिल है। मौके पर उत्तम वर्मा, धर्म उरांव, जगदीश, प्रदीप रजक ,प्रेमचंद शर्मा, जगदीप प्रसाद, बिरजू साव, नंदकिशोर मुंडा, राजेश सिंह, चंदन सिंह, दीपक झा, आनंद कुमार, रवि वर्मा, मोनू अग्रवाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





# पंजाब रेजिमेंटल सेन्टर रामगढ़ से हार्दिक मिलन दल 3.0 को फ्लेग आफ करके किया गया रवाना





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सेना दिवस के उपलक्ष्य पर जे एवं बी सब एरिया की देखरेख में पंजाब रेजिमेंटल सेन्टर रामगढ़ कैंट के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, वीरनारियों के कल्याण व उनके आश्रितों के लिए हार्दिक मिलन दल 3.0 के रूप में नामित टीम जम्मू और कठुआ जिलों में तथा हिमाचल प्रदेश के चम्बा, नूरपुर और बिलासपुर जिलों में एवं पंजाब के पठानकोट, तरंतारण, फिरोजपुर, मुक्तसार साहिब और भटिंडा जिलों के भूतपूर्व सैनिकों तक पहुंचेगी। इस दल को ब्रिगेडियर संजय चंद्र काण्डपाल, कमांडेंट, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, द्वारा 15 जनवरी 2025 को 10 बजे फ्लेग आफ करके रवाना किया। इस मुहिम की शुरुआत वर्ष 2023 में की गयी थी जो कि वर्ष 2025 में यह हार्दिक मिलन 3.0 का तीसरा सफल प्रयास है। इस दल के द्वारा इन तीनों राज्यों के सभी भूतपूर्व सैनिक और वीरनारियों की शिकायतों एवं समस्याओं का निवारण किया जाएगा तथा इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिकों और वीरनारियों के लिए सेवानिवृत्त होने के बाद मिलने वाली सुविधाएं और पेंशन संबन्धित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## लक्ष्य कोल कंपनी के डायरेक्टर के आरा सारूबेड़ा कालोनी स्थित आवास सह कार्यालय में जीएसटी जमशेदपुर की टीम ने मारा छापा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत आरा -सारूबेड़ा स्थित लक्ष्य कोल कंपनी डायरेक्टर संदीप साहू के आवास सह कार्यालय में बुधवार सुबह 8 बजे जीएसटी जमशेदपुर की टीम ने छापामारी की। छापामारी का नेतृत्व जीएसटी के संयुक्त निदेशक सार्थक सक्सेना कर रहे थे। छापामारी दल ने कंपनी के रेलवे साइडिंग स्थित डीपो में भी छापा मारा।इस दौरान संदीप साहू फरार मिला।दल ने संदीप साहू के पिता डालेश्वर साहू से मामले को लेकर सघन पुछताछ कर रही है। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्य कोल कंपनी डायरेक्टर संदीप साहू शातिराना अंदाज में अपने घर परिवार के सदस्यों सहित नौकरों के नाम से लगभग 25--30 अलग अलग कंपनी बनाकर करीब सौ करोड़ रूपए जीएसटी टैक्स की चोरी की है। मामले को लेकर छापामारी दल दल कार्यालय एवं आवास में मिले संबंधित कागजातों को अपने कब्जे में कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। सक्सेना ने बताया कि फिलहाल संदीप साहू फरार है। उसे जल्द हीं गिरफ्तार कर लिया जाएगा।छापामारी में विभाग के आरके टोप्पो, राजीव रंजन, सतीश कुमार, राजेश कुमार, बबलु सिंह, आशुतोष सहित सदलबल के जवान शामिल हैं।

# गंधौनिया में दो दिवसीय मेला संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड के कनकी पंचायत के गंधौनिया में दो दिवसीय मेला का संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक तिवारी महतो,डाड़ी भाग वन के ज़िप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह,डाड़ी बीडीओ सह सीइओ कमल कांत वर्मा, थाना प्रभारी और मुखिया लक्ष्मी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया गया था मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल ने कहा कि झारखंड में टुसू पर्व पूरे धुमधाम से मनाया जाता है और मैं मंच से घोषणा करता हूं कि इस मंदिर में शिवलिंग दुंगा और नंदी पर करने के लिए एक पुल का निर्माण करूंगा। विशिष्ट अतिथि तिवारी महतो ने कहा कि पुल का निर्माण कार्य हम और सांसद मिलकर करूंगा और गंधौनिया को पर्यटक स्थल के रूप में बनाने का कार्य करूंगा। विशिष्ट अतिथि ज़िप सदस्य सह भाजपा नेता सर्वेश कुमार सिंह ने मेला में संबोधित करते हुए कहा कि इस बार बहुत ही सुन्दर तरीके से मेला का आयोजन किया गया है जो समिति के सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद देता हूं और इस पर्यटक स्थल को हम सबों को मिलकर एक अच्छा पर्यटक स्थल बनाने का कार्य करेंगे।इस ऐतिहासिक मौके पर मुखिया लक्ष्मी देवी, भाजपा नेता पुरुषोत्तम पांडेय, बीडीओ सह सीईओ कमल कांत वर्मा,



थाना प्रभारी और पंचायत समिति सदस्य गणेश महतो और सुमित्रा देवी ने संबोधित किया।पर्यवेक्षक बालेश्वर पटेल ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर मेला ऐतिहासिक रूप से टुसू प्रतियोगिता आयोजित किया गया।जिसमें प्रथम रोयांग की टीम रहा, द्वितीय स्थान बलसगरा और तृतीय स्थान होसीर की टीम रहा जबकि सेनेगढ़ा और पूरनाडीह की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।मुख्य रूप बालेश्वर पटेल, राजेश महतो,कुमेश्वर महतो, प्रमोद कुमार महतो, तुफानी राम, खेमलाल यादव,राजू महतो, धनराज यादव, पिंटू साव गुलशन साव,देवासी महतो, वकील महतो, मंगलदेव महतो, कपिल देव महतो, बसंत प्रजापति, अनिल महतो, जयलाल महतो, तुलसी महतो, बिहारी महतो, गुलचंद महतो, कौशल महतो,लालधन महतो,केतर मुंडा और काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा गिद्दी में कंबल वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** भाजपा नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय की आवास पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल जी ने जरूरतमंदों के बीच में 100 कंबल का वितरण किया जिसमें सभी जरूरतमंद गरीब महिलाएं बुजुर्ग ने बहुत सारा आशीर्वाद दिया। इस उपलक्ष्य में सांसद महोदय ने कहा कि हमारा और हमारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का प्रयास समाज के उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनके दुखों को कम करना है और कोई भी योजना बनानी है तो इसकी चिंता करनी है कि समाज की अंतिम अंतिम व्यक्ति पर किसी तरह का दुष्प्रभाव ना पड़े इस सोच के साथ में शुरू से काम करता रहा हूं और आगे भी करने का संकल्प है। मैं इसी सोच के तहत 2 फरवरी को हजारीबाग में 100 जोड़े गरीब बच्चे बच्चियों की शादी पूरे धूमधाम से करने का कार्य कर रहा हूं जिसमें भारतीय जनता पार्टी का पूरा संगठन साथ में लगा हुआ है और एक कार्यक्रम इतना भव्य कार्यक्रम होगा कि हम उन 100 बच्चे बच्चियों की बारात निकालेंगे उनके सारे सामान भी जो एक बच्ची का बाप लड़के को देता है वह सारा सामान भी मुहैया करेंगे ।साथ ही साथ एक भव्य तरीके से शादी ताकि उन गरीब बच्चियों को यह एहसास नहीं हो कि पैसे की कमी की वजह से मेरी



शादी की भव्यता में कहीं कोई कमी रही हर वह विधि विधान पूरे सनातन धर्म के नियम के अनुसार किए जाएंगे । जिसके लिए बाहर से कर्मकांडी ब्राह्मण को भी बुलाया जा रहा है । इस कार्यक्रम का उद्देश्य भी यही है हम ज्यादा से ज्यादा कार्य इस जीवन में गरीबों को दे सकें और आम जनमानस तक इसका लाभ मिले सके। इस अवसर पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल, भाजपा नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय , जिप सदस्य सर्वेश सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत प्रजापति ,पूर्व अध्यक्ष वकील महतो, बृज किशोर पाठक, चंदन सिंह, गिरिजा सिंह सियाराम सिंह मुकेश चंद्रवंशी , ठाकुरदास महतो, सांवरमल शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, सुनील दुबे, मनोज सिंह, अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय में वायु सेना भर्ती संबंधी जानकारी के लिए सेमिनार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में आज सेना दिवस के अवसर पर वायु सेना के अधिकारियों के सहयोग से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि अनुशासित जीवन ही कामयाब जीवन है। और अनुशासन का सर्व श्रेष्ठ उदाहरण सेना है। सेना हमारे देश को बाहरी आक्रमण और आंतरिक खतरों से बचाता है। सेना की सेवा और रिस्क लेने की वजह से ही हम चैन की सांस लेते है। सेमिनार को वायु सेना के भर्ती अधिकारी श्री चिन्मय महापात्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि एयर फोर्स में महिला पुरुष दोनों आवेदन कर सकते है जिसमें साढ़े सत्रह वर्ष से इक्कीस वर्ष तक के युवा युवती उम्मीदवार हो सकते है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटर पास होता है उम्मीदवार को मैट्रिक या इंटर में अंग्रेजी में 50% से अधिक अंक प्राप्त होना आवश्यक है। भर्ती के दौरान अंग्रेजी में जवाब देना आवश्यक होता है अतः बच्चों को अंग्रेजी में बात करने की योग्यता रखनी चाहिए तब वायु सेना में जा सकते है। उन्होंने अपनी बात बताने के साथ एयर फोर्स से संबंधित कुछ प्रश्न भी किया जिसके जवाब विद्यार्थियों ने देने की कोशिश की। सबसे अच्छा जवाब देने का काम बी लिव साइंस की सृष्टि सिंह ने किया। सेमिनार को वायु सेना के भर्ती अधिकारी प्रवीण द्विवेदी, प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय, डॉ बख्शी ओम प्रकाश सिन्हा, डॉ राजेश कुमार उपाध्याय ने भी संबोधित किया। सेमिनार के प्रारंभ में डॉ मालिनी डीन ने अतिथियों का परिचय कराते हुए विषय परिचय कराया और अंत में प्रो मोहित जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सेमिनार में मुख्य रूप से प्रो रोज उरांव, डॉ बलवंती मिंज, प्रो बीरबल महतो, प्रो साजिद हुसैन, डॉ शाहनवाज खान, मनोज नायक, उस्मानुद्दीन उपस्थित थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एस आर शिक्षण समिति वाराणसी और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 03 दिवसीय 13 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ।अंतिम दिन कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य वक्ता अजय कुमार राणा एवं विश्वविद्यालय के सम्मानित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया । उसके बाद मुख्य वक्ता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता की हार्दिक बधाई दी और उन्होंने कहा की देश के विकास में ग्रामीण किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है।सचिव प्रियंका कुमारी ने ग्रामीण किसानों को नई तकनीकी पर आधारित कृषि करने की सलाह दी।मुख्य वक्ता अजय कुमार राणा ने किसानों को प्रशिक्षण के माध्यम से एफपीओ तथा विभिन्न मार्केटिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए किसानों को आत्मनिर्भर होने की सलाह दी।प्रशिक्षण के अंतिम दिन में विभाग के व्याख्याता वीरेंद्र अग्रवाल के द्वारा कृषि मार्केटिंग के ढ़क्कविभिन्न प्रकार से रूबरू कराते हुए किसानों को मार्केटिंग सिस्टम को समृद्ध करने के बारे में बताया गया।मौके पर विश्वविद्यालय प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने कार्यक्रम सफलता की हार्दिक बधाई दी।

## जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं का उप विकास आयुक्त ने किया समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय रामगढ़ द्वारा संचालित योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ इन्दु प्रभा खालखो ने उप विकास आयुक्त को पीपीटी के माध्यम से जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।बैठक के दौरान श्री टोप्पो ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों का सत प्रतिशत आधार सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथी उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में बच्चों के वजन माप का डाटा ससमय अपलोड करने का निर्देश सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को दिया। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की समीक्षा के दौरान माह दिसंबर तक प्राप्त लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं फर्स्ट चाइल्ड के तहत लंबीत आवेदनों का सत्यापन यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के सभी चिन्हित बच्चों को एमटीसी सेंटर में रखने एवं उनका उचित उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी चिन्हित बच्चों की सूची उनके माता/पिता के मोबाइल नंबर के साथ जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बल विकास परियोजना पदाधिकारी को दिया। वहीं उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की चयन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा के क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 1042 आंगनबाड़ी स्वीकृत है जिनमें 447 किराए के भवन में संचालित है एवं अन्य सरकारी भवनों में संचालित किया जा रहे हैं। अभी किराए के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सरकारी भवन में स्थानांतरित करने के लिए 21 सरकारी विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। जिस पर श्री टोप्पो ने अगले माह तक चिन्हित विद्यालय में आंगनबाड़ी को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया।

## भदानीनगर महुआटोला में नाबालिग ने अपने घर में फंदे से झूलकर किया आत्महत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ के भदानीनगर ओपी अंतर्गत महुआटोला में नाबालिग ने अपने घर में फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पर पहुंची भदानीनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार महुआटोला निवासी राजेश एक्का का 17 वर्षीय पुत्र अनमोल एक्का रोजाना की तरह मंगलवार की रात अपने कमरे में सोने गया। सुबह उसके पिता ने कमरा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।इसके बाद मृतक के पिता राजेश एक्का ने खिड़की से अंदर झांका तो अनमोल को पंखे पर फंदे के सहारे झूलता पाया। इसके बाद मामले की जानकारी पर स्थानीय लोग जुट गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस घटना स्थल पहुंच कर शव का पंचनामा करते हुए कब्जे में ले लिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।फिलहाल आत्महत्या के पीछे कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस जांच में लगी है।

## गोला प्रखंड कार्यालय में विधायक कार्यालय का उद्घाटन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड कार्यालय परिसर में विधायक कार्यालय का उद्घाटन विधायक ममता देवी ने विधिवत रूप से फीता काट कर किया। साथ ही सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी डा सुधा वर्मा व अंचल अधिकारी समरेश भंडारी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किए साथ ही माननीय विधायक जी ने कहा की ब्लॉक में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जाएगा आम लोगो को वृद्धा पेंशन मईया सम्मान योजना अबुवा आवास पीएम आवास मोटेसन सभी तरह की समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे।



## विधायक ने रजरप्पा स्थित मां भागवती की पुजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी बुधवार को रजरप्पा स्थित मां भागवती की पुजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए । साथ ही क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना किए मौके पर रामगढ़ विधानसभा पुर्व प्रत्याशी श्री बजरंग महतो जी अमित महतो जी परमेश्वर महथा कमलेश महतो यशोदा देवी गंगोत्री देवी अनीता देवी शांति देवी माणिक पटेल प्रदीप महतो परवेज लतीफ मुख्य रूप से शामिल थे।



# प्रभावित होने वाले गांवों की समस्याओ, केंद्र को अवगत कराया जायेगा : जयराम महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत पतरातू टोकिसुद (छह्र.7.2) के बीच रेल ओवर रेल (आरओआर) लाइन का निर्माण से प्रभावित होने वाले ग्रामवासी समस्या को लेकर जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो तथा सुरेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व मे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष व डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो से प्रभावित लोग मिले ।टाइगर जयराम महतो ने लोगों को सकारात्मक आश्वासन दिये। इस रेलवे निर्माण से होने वाले समस्या को केंद्र को भी अवगत कराने की बात कही । प्रभावित लोगों ने कहा की परियोजना हेतु ग्राम किरीगड़ा ,टोकीसुद, टेरपा एवं सांकुल के जमीन को सरकार के द्वारा अधिग्रहन की जाने वाली भूमि का प्लानिंग नक्शा देखने से पता चला कि नक्शा के अनुसार यदि हम लोगों का जमीन सरकार के द्वारा अधिग्रहण किया जाता है तो हम सभी ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा! एक गांव से दूसरे गांव का आवागमन बाधित के साथ साथ खेती-बाड़ी बाधित हो जाएगा । गांव के चारों तरफ रेलवे लाइन बिछने से गांव के लोगों को काफी नुकसान तथा रैयतों की आवश्यकता से अधिक जमीन अधिग्रहण में चला जाएगा ।

# कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के निर्देश पर हुआ कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ठंड के प्रकोप को देखते हुए कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के निर्देश पर बच्चों एवं वृद्धों को कंबल व भोजन मुहैया कराया गया। इस अवसर पर स्थानीय अनिल सिंह ने बताया कि कहीं से कोई भी सरकारी मदद न मिलने के कारण कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह से अनुरोध किया था जिसका उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए कंबल देने का काम किया जो कि सेवा के साथ-साथ सराहनीय कार्य भी है। इसके लिए संस्था उनके प्रति सदा आभारी रहेगी। ठंड में बच्चों को काफी राहत मिलेगी बच्चे भी कंबल पाकर उत्साहित हैं।मौके पर कंबल वितरण का कार्य कर रहे सतपाल सिंह ब्रोका ने बताया कि जीवन संस्था में रह रहे सभी 32 जनों को कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के दिशा निर्देश पर कंबल वितरण किया गया। कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह सेवा भाव से लगातार इस ठंड में अपने गाड़ियों में कंबल रख कर चल रही हैं और कंबल वितरण कर रही हैं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार खान, कांग्रेस नेत्री गायत्री पासवान सतपाल सिंह ब्रोका, भोलानाथ सिंह, प्रमोद टंडवंशी, विक्की कुमार, राकेश पासवान आदि मौजूद थे।

## गोलीबारी व बमबाजी मामले में कुल 14 लोगों की हुई गिरफ्तारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धर्माबांध ओपी एवं मधुबन थाना क्षेत्र में 9 जनवरी को गोलीबारी, बमबाजी और आगजनी की घटना में संलिप्त 7 और अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अब तक कुल 14 गिरफ्तारियां हो चुकी है। अलग अलग कुल 9 एफआईआर दर्ज हुए हैं और 100 से ज्यादा नामजद अभियुक्त है। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुख्य अभियुक्त कारू यादव का भाई वीरेंद्र यादव उर्फ़ बिल्लू भी शामिल है। 6 की गिरफ्तारी बोकारो एवं 1 अभियुक्त को धनबाद से पकड़ा गया है। इनके पास से एक देसी पिस्टल, पांच जिन्दा गोली, एक सुतली बम और तीन मोबाइल भी बरामद किया गया है।


# सैकड़ो जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल वितरित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** महावीर मंदिर बाबा दक्षिणेश्वर नाथ भूली डी ब्लॉक के प्रांगण में सैकड़ो जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल वितरण का कार्य हुआ। अपने देव सेना संघ के समर्थकों के साथ धनबाद के उद्योगपति सह समाजसेवी कुंभनाथ सिंह उपस्थित हुए। वहीं इस कार्यक्रम में अपना योगदान देने बीजेपी नेत्री बॉबी पांडेय भी मौजूद थी। कम्बल पा कर सभी माताओं और बहनों के चेहरों पर खुशी थी। सभी ने कुंभनाथ सिंह को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर और माला पहना कर उनका अभिनंदन किया और अपना आशीर्वाद दिया। वहीं कुंभनाथ सिंह ने 24 घंटा जरूरतमंदों के बीच सेवा देने की बात कही। माताओं और बहनों को कम्बल दिलवाने का कार्य जूही शर्मा ने किया।

# मुसलमान अपना घरेलु और धार्मिक मसाइल को दारुलकजा से हल करवायें : मुफ्ती रिजवान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मुफ्ती रिजवान अहमद रिजवी खादिम दारुलकजा एदारा ए शरिया धनबाद झारखंड प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुसलमानों को ये संदेश दिया की अल्लाह का एहसान है कि हमको उसने अपना बंदा बनाया है और सबसे अच्छी मखलूक बनाया। आए दिन घरेलु मामलात में इंसानो से गलतियां होती रहती है और मामला यहां तक पहुंच जाता है कि थाना कोर्ट का चक्कर काटते है। थक हार कर निर्णय कुछ नहीं आता सिर्फ जान माल का नुकसान होता है। आगे मुफ्ती साहब ने कहा कि जब हमने कलमा पढ़ कर दिल से इस्लाम को कबूल कर लिया है तो हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम इस्लाम और पैगम्बर की बातों पर अमल करें और हमारे आका ने फरमाया की जब तुम्हारे घरेलु मामलात मे अन बन हो जाए जैसे निकाह, तलाक, खोला, विरासत (जायदाद में वारिस का हिस्सा) और मैरेज सर्टिफिकेट, तो अपने धर्म गुरुओं से राबता करें और ईन मसाइल के हल के लिए हमारे पास एक मजबूत संस्था दारुलकजा एदारा ऐ शरिया बिहार व झारखंड का ब्रांच मदरसा अहले सुन्नत आलिया कादरिया शमशेर नगर वासेपुर धनबाद झारखंड में कायम है। जहां से पिछले कई सालों से आपके उलझे हुए मसाइल को हल करने मे लगे मुसलमानों से अपील है कि अपने घरेलु या धार्मिक मसाइल के हल के लिए दारुलकजा एदारा शरिया शमशेर नगर वासेपुर धनबाद से राबता करें ताकि परेशानियों से बचे रहें।

# सुचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन धनबाद जिला के सचिव बने कमलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** कमलेश सिंह को सुचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन का धनबाद जिला सचिव बनाने के बाद पूरे धनबाद में खुशी की लहर दौर पड़ी। कई लोगों ने फोन से तो कई ने घर पहुच कर बधाई दी। सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने कहा है की कमलेश सिंह से हमे काफी उम्मीद है। सूचना का अधिकार के माध्यम से कोयलांचल की धरती पर भ्रष्टाचारियो को उजागर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उनसे जुड़ने से धनबाद की जनता को काफी फायदा होगा और कई लंबित कार्य पूरे होंगे। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए कमलेश सिंह ने कहा की सूचना का अधिकार एक एसा अधिकार है जो अधिकारी को बिना घुस लिए काम करने पर मजबूर करता है। भर्ष्टाचार की पोल खोलने वाला एवं विकास के कार्य में तेज़ी लाने वाला हथियार है। सूचना का अधिकार के तहत में जनता के कई रुके कार्य को पूरा करने की कोशिश करूंगा। वहीं धनबाद जिलाध्यक्ष सैयद अरमान ने कमलेश सिंह को बधाई देते हुए कहा की पत्रकार के साथ साथ एक समाजसेवी भी हैं जो लोगो के बीच हमेशा रहते हैं। सुचना का अधिकार के माध्यम से आम जनता की समस्या को सुलझाने में इन्हें काफी मदद मिलेगी।

## जांच के लिए स्कूल पहुंची राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्मेल स्कूल डिगवाडीह में दसवीं की छात्राओं से शर्ट उतरवाने के आरोपों की जांच करने राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम बुधवार को स्कूल पहुची। आयोग के सदस्य डॉ आभा वीरेंद्र अंकोंचन, रूचि कुजूर, विकास दोद राजका, अनिता कुजूर, झरिया सीओ मनोज कुमार, थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा शामिल है। उन्होंने छात्राओ अभिभावकों एवं स्कूल प्रबंधन से बारी बारी से पूछताछ किया। पूर्व में भी जांच की गई थी जिसका अवलोकन किया है। उन्होंने कहा है की दोनों पक्ष एवम शिक्षकाओ से पूछताछ किया गया। कहा की एक दिन में जांच का परिणाम नही दिया जा सकता है। जरूरत पड़ी तो दुबारा जांच करेंगे। हर पहलू की जांच होगी ताकि कही से भी त्रुटि नही रहे। उन्होंने सीसी टीवी फुटेज की जांच की और कहा की जांच में किसी तरह की आपत्तिजनक नही दिख रहा है। ज्ञात हो की 9 जनवरी को पेन डे के अवसर पर छात्राओं ने एक दूसरे के शर्ट पर बधाई लेख दिया था। इसके बाद छात्राओ एवम अभिभावकों ने आरोप लगाया है की स्कूल प्रबंधन ने 80 छात्राओं के शर्ट को उतरवा दिया था।

## कार्यालयः– प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा, सिमडेगा

पत्रांकः– 25./कोलेबिरा, दिनांकः–.13/01/2025

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वा0 उपकेन्द्रो के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के लिए उच्च गुणवता के दवा आदि, जीवन रक्षक दवादि, उपचार सामग्री, रसायन एवं Other Consumables And Disposable Items के आपूर्ति हेतु मूल्य निर्धारण / क्रय हेतु निबंधित प्रतिष्ठित निर्माताओं या उनके अधिकृत आपूर्तिकर्ता / विक्रेताओं /प्रतिष्ठान / प्राधिकृत एजेंसियों ( जिनका झारखण्ड राज्य से जी0एस0टी0 निर्गत हो) से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| Sl.No | Details | Timelines/Other Particulars. |
|---|---|---|
| 1 | Tender Document Fee ( Non-Refundable) | Rs.500/- ( Rupees Five Hundred Only) In the Form of Crossed Demand Draft in Favour of **"MEDICAL OFFICER INCHARGE, KOLEBIRA"** Payble at kolebira should be attached With Hard copy of Tender. |
| 2 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.5000/- ( Rupees Five Thousend Only) In the Form of Crossed Demand Draft in Favour of **"MEDICAL OFFICER INCHARGE, KOLEBIRA"** Payble at kolebira should be attached With Hard copy of Tender. |
| 3 | Last Date and Time for Submission of Bids | 22-01-2025 at 4PM |
| 4 | Opening Date and Time of Technical Bids | 24-01-2025 at 3PM |
| 5 | Opening Date and Time of Financial Bids | 25-01-2025 at 3PM |
| 6 | Name & Address of Officer Inviting Tenter ( Procurement Officer) | Medica Officer Incharge, Communty Health Center Kolebira. |

नोट–1. निविदा की शर्ते की सूची www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।
2. निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगा। निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जायेगा।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
PR 344263 (Simdega) 24-25 (D) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा।

# मानव अधिकार प्रोटेक्शन की टीम ने बांटे कम्बल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मकर संक्रांति के अवसर पर मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड प्रदेश के महासचिव मुख्तार अहमद एवं धनबाद जिला के सचिव हाजी जमीर आरिफ के द्वारा सैकड़ों ज़रुरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरित किया गया। इन लोगों ने शहर के कई स्थानों पर जाकर असहाय लोगों को कम्बल ओढ़ाया ताकि उन्हें ठंड से थोड़ी राहत मिल सके। विशेष कर फुटपाथ पर जीवन व्यतीत करने को विवश लोगों को कम्बल दिए गए। कम्बल प्राप्ति के पश्चात लाभुकों ने कम्बल दाताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं मीडिया के माध्यम से मानव अधिकार प्रोटेक्शन की टीम ने समस्त देश वासियों को मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शादाब आलम, नुमान खान, रजत अधिकारी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रगणकों को दिया निबंधन प्रणाली का प्रशिक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को मिश्रित भवन स्थित जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डी.आ.डी.ए.) के सभागार में न्यादर्श निबंधन प्रणाली के अन्तर्गत धनबाद, देवघर एवं जामताड़ा जिले के सभी अंशकालिक प्रगणकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची से उप निदेशक भुपने वोरपुजारी एवं सहायक निदेशक राम भास्कर द्विवेदी की ओर से सभी प्रगणनकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी उमेश लोहरा, प्रमोद कुमार, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार सिंह एवं जिला सांख्यिकी कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## कार्यालय जिला परिषद, गुमला

<u>नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना</u>

एतद् द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि जशपुर रोड स्थित बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में खराब पड़े सामग्रियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर नीलामी किया जाना है जिसके आलोक में डाकवक्ताओं से दिनांक 22.01.2025 के अप0 5:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। सामग्री का अवलोकन बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में एवं न्यूनतम निर्धारित मूल्य एवं अन्य विस्तृत शर्त्तों का अवलोकन जिला परिषद गुमला के सूचना पट्ट पर किया जा सकता है।

सचिव,
जिला परिषद, गुमला

PR 344333 (Rural Development)24-25*D

## जिला पशुपालन कार्यालय, राँची।

वित्तीय वर्ष **2024-25** में दिनांक – **17.01.2025** से सभी प्रखण्डों के विभिन्न पंचायतों में द्वितीय चरण के विशेष पशुचिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है जिसमें पशुओं का निःशुल्क जाँच एवं रोग से संबंधित जानकारी, टीकाकरण, गर्भ जाँच, बांझपन जाँच एवं विभिन्न प्रकार के सैंपल जैसे – खून, गोबर, मूत्र जमा किये जायेंगे। सभी किसानों से आग्रह है ज्यादा से ज्यादा पशुओं को शिविर स्थल पर लाएँ एवं इसका लाभ उठायें।

राँची जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष **2024-25** में दिनांक – **17.01.2025** से आयोजित होने वाली दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की सूची :–

| क्र०सं० | प्रखण्ड | प्रखण्ड/पंचायत का नाम | ग्राम | शिविर आयोजन की तिथि | प्रभारी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम/मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | घाघरा | कोकड़े | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० राकेश रंजन प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, 8789230345 |
| 2. | | मुरतो | डाड़पण्डरिया | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 3. | बेड़ो | तुतलो | बलरामपुर | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 4. | | टेरो | कुदारखो | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 5. | | पुरियो | पुरियो | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 6. | | बलसोकरा | बिडरा | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० चुमनू तिर्की प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चान्हो 7541931058 |
| 7. | | चामा | चोड़ा | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 8. | | मुरतो | मुरतो | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 9. | | लुण्डरी | लुण्डरी | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 10. | चान्हो | तरंगा | हर्रा | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 11. | | पण्डरी | होनहे | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० विश्वरंजन भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चान्हो 9934143638 |
| 12. | | पतरातू | बेतलांगी | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 13. | | चटवल | पकरियो | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 14. | | सौंस | पाटूक | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 15. | | ताला | बरवाटोली | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 16. | | राजाउलातु | बलीकट | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० स्नेहलता कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, नामकुम 9608509633 |
| 17. | | सिदरोल | बड़ा कवाली | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 18. | | कुटियातू | डहूटोली | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 19. | | बरगांवा | गुरूटोली | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 20. | | चंदाघासी | लोधमा | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० अरूण कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तुंबागुटु 8809589737 |
| 21. | | हरदाग | तुन्जू | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 22. | | सोदाग | सोदाग | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 23. | | सीठियो | पिण्डारकोम | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 24. | | डुंगरी | डुंगरी | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 25. | नामकुम | टाटी पूर्वी | टाटी बस्ती | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० किंकर महतो भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टाटीसिल्वे 9431325590 |
| 26. | | टाटी पश्चिमी | हरिनगर | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 27. | | सिलवे | मानकीढीपा | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 28. | | महिलौंग | सरईटोली | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 29. | | आरा | टंगराटोली | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 30. | | बंधुवा | बंधुवा | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० पूजा दिव्या बारला भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हुआंगहातु 9031001981 |
| 31. | | हुआंगहातु | हुआंगहातु | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 32. | | रामपुर | जामचुंआ | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 33. | | हाहाप | हाहाप | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 34. | | सुकुरहुटू उतरी | मुरलीटुंगरी | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० एन्थोनी कोनगाड़ी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सुकुरहुटु 9955581823 |
| 35. | | सुकुरहुटू दक्षिणी | सरनाटोली | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 36. | | जयपुर | गारू | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 37. | | मनातू | मनातू | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 38. | | गागी | गागी | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 39. | | हुन्दूर | चारी | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० शशिभूषण प्रसाद सिन्हा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, विकास 9955094431 |
| 40. | काँके | नेवरी | केंदवाटोली | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 41. | | चुट्टू | रेन्डो | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 42. | | मेसरा पूर्वी | पंचौली | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 43. | | मेसरा पश्चिमी | नयाटोली | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 44. | | बोड़ेया | संग्रामपुर | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० सुदीप्ता बरियार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, काँके 9430348184 |
| 45. | | होचर | मुरूम | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 46. | | हुसीर | हुसीर | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 47. | | कांके उत्तरी | पतराटोली | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 48. | | काँके दक्षिणी | मिल्लत कॉलोनी | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 49. | | उरूगुटू | बगदा | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० तनवीर अख्तर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, उरुगुटू |
| 50. | | मालश्रृंग | मालश्रृंग | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 51. | काँके | कटमकुली | कटमकुली | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 52. | | उलातु | उलातु | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 53. | | ईचापीड़ी | ईचापीढ़ी | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 54. | | पिठोरिया | पिठोरिया | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० निन्दर कौर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पिठोरिया 9031816502 |
| 55. | | राहडा | कोंबाटोंगरी | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 56. | | कोकदोरो | कोकदोरो (इस्लामपुर) | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 57. | | बाढू | पतगाई | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 58. | | सतकनादु | कुम्हरिया (मायापुर) | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 59. | | बिसहा खटंगा | ओसले | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० महेन्द्र राम (प्रभारी) भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, माण्डर 8789254750 |
| 60. | | कंजिया | सोसई | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 61. | माण्डर | नगड़ा | गोरे | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 62. | | झिंझरी | झिंझरी | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 63. | | तिगोई अम्बाटोली | हेसमी | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 64. | | उलीलोहार | बारेडीह | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० राम प्रवेश राम भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तमाड़ 9661618880 |
| 65. | | डिम्बुजर्दा | नवाडीह | 19.01.2025 एवं 20.01.2025 | |
| 66. | तमाड़ | कुरकुट्टा | जिलिंगसेरेंग | 21.01.2025 एवं 22.01.2025 | |
| 67. | | पुण्डीदिरी | टिमपुर | 23.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 68. | | वीरगाँव | जोजोडीह | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 69. | | रगड़ाबड़ांग | चलाडीह | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 70. | | लुपुंग | लुपुंग | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० विनोद कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, अनगड़ा 9572857515 |
| 71. | | गेतलसूद | रेशम | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 72. | | बीसा | बीसा | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 73. | | नोवागड़ | रांगामाटी | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 74. | | चिलदाग | चिलदाग सोसो | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 75. | अनगड़ा | सिरका | रामदगा | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० सेवा पालित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, अनगड़ा 9472729822 |
| 76. | | हेसल | बहेया | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 77. | | चतरा | चतरा | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 78. | | हरातु | बक्सीडीह | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 79. | | हेसातु | मलघोंसा | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 80. | | जोन्हा | लेप्सर | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० अमित गुप्ता भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोन्हामोड़ 9631463191 |
| 81. | | गुड़ीड़ीह | गौतमधारा | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 82. | | टाटी | गुटीडीह | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 83. | | सुरसू | बन्धुवाडीह | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 84. | | बरवादाग | पहाड़सिंह | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 85. | | पतराहातू | घाघरा | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० अमित कुमार |
| 86. | | दोवाडू | टुनकू | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतराहातु 7004468687 |
| 87. | | बडा चांगडू | अडाल | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 88. | सिल्ली | बंता दक्षिणी | हजाम | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 89. | | बंता उत्तरी | बंता | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 90. | | हाकेदाग | बनुवाडीह | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० संजय कुमार TVO सिल्ली 9955966781 |
| 91. | | नागेडीह | नागेडीह | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 92. | | गोड़ाडीह | नवाडीह | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 93. | | लोटा | लोटा | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 94. | | लोवादाग | डोमनडीह | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 95. | | बिसरिया | जामटोला | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० जेनीआभा मेलगांडी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मूरी 8056450684 |
| 96. | | बासारूली | कोलुआडीह | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 97. | | मूरी पूर्वी | छोटा मूरी | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 98. | | मूरी पश्चिमी | बड़ा मूरी | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 99. | | उमेडण्डा | एरूद | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० राजीव कुमार प्र०प०पदा०, बुढ़मू 9431577440 |
| 100. | | सारले | कोठा | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 101. | | चकमे | चकमे | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 102. | | मक्का | कनाडीह | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 103. | | चैनगड़ा | सालहन | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 104. | | बिंजा–छापर | बिंजा | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० बुद्धदेव नाग भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बेरवारी 89697255048 |
| 105. | | हेसलपीड़ी | सुरिद | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 106. | बुढ़मू | गुरूगाई | खिजुरटोला | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 107. | | गिंजो ठाकुरगांव | करूंजुवा टोला | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 108. | | खाखरा | हिसरी (काशी टोला) | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 109. | | ओझासाड़म | नवाटोली | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० मनोज राम भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बुढ़मू 9430159769 |
| 110. | | मुरूपीढ़ी | मुरगी | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 111. | | बाड़े | नाऊज | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 112. | | ईचादाग | डुण्डे | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० कमलेश कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ओरमाँझी 9431357493 |
| 113. | | चुटुपालू | मनातु | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 114. | | जयडीहा | जयडीहा | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 115. | | करमा | रूक्का | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 116. | | ईरबा | कोयलारी | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 117. | ओरमांझी | कुच्चू | कूल्हे | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० विश्वनाथ टोप्पो प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, ओरमाँझी 9835132409 |
| 118. | | बरवे | बरवे | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 119. | | चन्दरा | मायापुर | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 120. | | सदमा | सदमा | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 121. | | गगारी | खटंगा | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 122. | | लपरा | चट्टी नदी | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | डॉ० मनोज राम प्र० भ्र०प०चि०पदा०, मैकलुस्कीगंज 9430159769 |
| 123. | | मायापुर | मायापुर | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 124. | | बमने | बमने | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० प्रतिमा कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खेलारी 9431563821 |
| 125. | खेलारी | चुरी पश्चिमी | भूतनगर | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 126. | | राय | पुरानीराय | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 127. | | चुरी दक्षिणी | चुरी बस्ती | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 128. | | चुरी पुर्वी | मानकी बस्ती | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 129. | | लतरातु | नवाटोली | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डा० ज्ञानचन्द्र कुमार आर्य भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, लापुंग 7033782248 |
| 130. | | देवगांव | देवगांव | 19.01.2025 एवं 20.01.2025 | |
| 131. | लापुंग | काकरिया | उड़ीकेल | 21.01.2025 एवं 22.01.2025 | |
| 132. | | डारी | राजाटोली | 23.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 133. | | दोलाईचा | अरमा लटदाग | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 134. | | महुगांव | महुगांव | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 135. | | रातू उतरी | संजय नगर | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० विजय कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, रातु 7004102740 |
| 136. | | रातू पूर्वी | काठीटांड़ | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 137. | | रातू दक्षिणी | कुंबाटोली | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 138. | | सिमलिया | नवाटोली | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 139. | | लहना | एकागुड़ी | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 140. | | तारूप | कनौज | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० अजय कुमार गुप्ता भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रातु 8789387957 |
| 141. | रातू | वानापीड़ी | जाड़ी | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 142. | | पुरियो | परहेपाट | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 143. | | पाली | चितरकोटा | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 144. | | तिगरा | नदीटोला | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 145. | | एदेलहातु | अरीडीह | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ0 सुभाष चन्द्र, प्र०प०पा०पदा० बुण्डू 9431767519 |
| 146. | | बारूहातु | रेहा | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 147. | बुण्डू | तुंजु | अमजोरा | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 148. | | हुमटा | बारूहातु | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ0 सजल कुमार भ्र०प०चि०पदा० बुण्डू 9431751860 |
| 149. | | काँची | ऊपर काँची | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 150. | | रोलाडीह | खुदी मधुकम | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 151. | | सुमनडीह | बुढ़ाडीह | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 152. | | लान्दुपडीह | ओड़ेदारू | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | डॉ० सजल कुमार (प्रभारी BAHO सोनाहातु) 9431751860 |
| 153. | सोनाहातु | तेलवाडीह | तेलवाडीह | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | डॉ0 सुभाष चन्द्र, प्रभारी TVO सोनाहातु 9431767519 |
| 154. | | बारूहातु | गाड़ाडीह | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 155. | | ईटकी पश्चिमी | दरहाटांड | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० शिवानन्द कांशी भ्र०प०चि०पदा०, ईटकी 7779885555 |
| 156. | ईटकी | मल्टी | मोरो पोखरटोला | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 157. | | कुन्दी | बारेडीह | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 158. | | रानीखटंगा | टुरूगुरू | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 159. | | गढ़गाँव | चचकुरा | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |
| 160. | | होटलो | कटेयाडीह | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | डॉ० प्रफुल कुमार सिंह भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, राहे 9471369754 |
| 161. | | अम्बाझरिया | सुअरमारा | 20.01.2025 एवं 21.01.2025 | |
| 162. | राहे | सताकी | कोन्ताटोली | 22.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 163. | | बसंतपुर | बसतपुर | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 | |
| 164. | | बनसिया | बनसिया | 29.01.2025 एवं 30.01.2025 | |

PR 344331 Animal Husbandry(24-25)D

निवेदक जिला पशुपालन पदाधिकारी राँची

सांसद सुखदेव भगत दक्षिण पूर्व रेलवे डिविजनल की बैठक में दर्जनों मामला को उठाया

## गुमला में नई रेलवे लाइन बनाने, रांची टोरी भाया लोहरदगा लाइन को दोहरीकरण सहित कई ट्रेनों को लोहरदगा से चलने की मांग सांसद ने किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जमशेदपुर में दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के रांची एवं चक्रधरपुर डिवीजनल रेलवे कमेटी की एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में दोनों डिविजनल के अंतर्गत पढ़ने वाले सांसद को आमंत्रित किया गया था। साथ ही साथ दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के महाप्रबंधक,रांची एवं चक्रधरपुर के डीआरएम सहित अनेक रेलवे विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।बैठक प्रारंभ होने से पूर्व दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के महाप्रबंधक अनिल मिश्रा द्वारा लोहरदगा सांसद श्री सुखदेव भगत को शॉल एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। बैठक में सांसद सुखदेव भगत ने लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अनेक मांगों को रखते हुए इसका निदान जल्द से जल्द करने की मांग किये। सांसद ने रांची से लोहरदगा होते हुए गुमला कोरबा तक एवं रांची से लोहरदगा होते हुए गुमला बानो रेलवे स्टेशन तक नई रेल बनाने, रांची से टोरी भाया लोहरदगा तक दोहरी रेलवे लाइन बनाने, इटकी रेलवे स्टेशन में पूर्व की भांति आवागमन यथावत रखने, रांची से दिल्ली वाया लोहरदगा गरीब रथ सप्ताह में एक दिन चलाने, रांची सासाराम एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नगजुआ स्टेशन में कराया जाए, (कोरोना काल में पहले नगजुआ स्टेशन में ट्रेन रूकता था) यहां से तीन विधानसभा एवं तीन जिला के यात्रियों का आगमन होता है, रात्रि में रांची से लोहरदगा जाने वाले मेमो ट्रेन का ठहराव आकाशी स्टेशन में कराने, लोहरदगा रांची मेमो ट्रेन में तीन बोगी बढ़ाने, रांची सासाराम एक्सप्रेस में चार बोगी बढ़ाने, रांची स्टेशन में लोहरदगा गेट खोला जाए क्योंकि कोरोना काल में ये बंद कर दिया गया था, झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन भाया लोहरदगा चलाने, संबलपुर बनारस एक्सप्रेस भाया लोहरदगा चलाने, रांची सासाराम इंटरसिटी ट्रेन मुगलसराय स्टेशन तक चलाया जाए, रांची एलटीटी को भाया लोहरदगा सप्ताह में एक दिन परिचालन कराया जाए, पोकला स्टेशन में गाड़ी संबलपुर जम्मूतवी ट्रेन का ठहराव किया जाए, पोकला स्टेशन में संबलपुर गोरखपुर एक्सप्रेस एवं धनबाद अलप्पूजा एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए, चोपन एक्सप्रेस भाया लोहरदगा का परिचालन प्रतिदिन किया जाए, रांची से लोहरदगा होकर अजमेर तक नई ट्रेन चलाई जाए, रांची से लोहरदगा होकर अयोध्या भाया बनारस तक नया ट्रेन चलाया जाए इसके साथ सांसद ने बैठक में रेलवे सुरक्षा का मामला को उठाया साथ ही अंडरपासके लिए जो ब्रिज बनता है उसमें दोनों तरफ से ढलान रहता है पानी की निकासी नहीं होती है। वर्षा के मौसम में लोगों का आवागमन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है भविष्य में जो अंडरपास बनाया जाएगा उसमें सुधार किया जाए।



ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला स्थल पर उमड़ा श्रद्धलुओं की भीड़

## आयोजित मेला के दौरान श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा सूर्यदेव व शंकर भोले नाथ के मंदिर में माथा टेका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 15 जनवरी को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोउल्लाष के साथ मेला का आयोजन समिति के द्वारा आयोजित हुआ ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला जहां सनातनी श्रद्धालुओ की जनसैलाब उमड़ पड़ा। विदित हो कि झारखंड राज्य के लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित दक्षणी कोयल नदी तट पर आज के दिन 15 जनवरी को भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। जहां राज्य के विभिन्न जिला लोहरदगा के अलावे रांची, गुमला, लातेहार सहित कई जिलों से श्रद्धालु काफी संख्या में देव की आराधना के लिए आते है। और श्रद्धालु गण कोयल नदी में आस्था की डुबकी लगा कर सूर्यदेव एवं भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना करते है। इन्ही तथ्यों के अनुसार 15 जनवरी 2025 को मेला परिसर में



स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम में मेला आयोजन हुआ। जहां सेन्हा प्रखंड प्रशासन के सौजन्य से मेडिकल टीम व बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए थे। इसके अलावे सुबह से ही श्रद्धालुओं की यातायात आरम्भ हो गया और भक्ति भाव में लीन देखा गया। जिसमें मेला आयोजन समिति का अहम योगदान रहा। मेला स्थल पर पुलिस प्रशासन विधि व्यवस्था का कमान संभाले हुए थे। मकर सक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले घाघ मेला में स्थानीय श्रधालुओं के साथ-साथ दूसरे जिले के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। मेला स्थल की विशेषता की बात करें तो इस स्थान पर नदी में स्तिथ भिन्न-भिन्न आकृति के चट्टानों की खूबसूरती देखते ही बनती है। सूर्योदय के साथ ही मेला स्थल पर श्रधालुओं का जुटान होने लगता है यह क्रम दिन भर चलता है। वहीं मेला स्थल पर पहुंचे लोग अपने परिजनों के साथ पिकनिक का भी लुत्फ उठाते हैं। कोयल नदी में स्नान कर श्रद्धालु नदी के पार स्थित मंदिर में पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं। वहीं नदी में चट्टानों के बीच स्थित पिंड की पूजा भी की जाती है। अनहोनी घटना मेला स्थल पर पर न हो इसको लेकर पूर्व से ही प्रखंड प्रशासन की ओर से गाइड लाइन श्रद्धालुओं के लिए जारी किया गया था। जहां गहरे पानी होने की संभावना है वैसे स्थानों पर आयोजन समिति एवं प्रखंड प्रशासन की ओर से घेरा बंदी किया गया था। पूर्व की घटना को लेकर इस वर्ष सभी बिंदुओं पर प्रशासन भी कड़ी नजर बनाए हुए थे।

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रारम्भ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में बुधवार से प्रखंड क्षेत्र के अरु, उगरा, अलौदी और सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। वही प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर वंदना कच्छप प्रखंड समन्वयक नवलीन कौर,प्रदान संस्था के रामस्वारथ महतो द्वारा ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को ग्राम विकास योजना निर्माण प्रक्रिया, सहजकर्ता दल के सदस्यों का कार्य, तीन दिन का ग्राम सभा और विशेष ग्राम सभा आयोजन करने के संबंध में पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही गांव के विकास के लिये सरकार द्वारा संचालित संबंधित विकास योजनाओं का चयन प्रक्रिया के बारे में भी मुख्य रूप से बताया गया। तथा सामाजिक मानचित्र, संसाधन, ग्राम विकास मानचित्र की प्लानिंग प्रक्रिया की जानकारी दि गई। मौके पर प्रशिक्षक वंदना कच्छा, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज सलोनी रानी, रामस्वारथ महतो, परमिंदर कुमार पंचायत सचिव माही कुमारी, नागमणि उरांव के अलावे सुजीता देवी, पूनम देवी, सुशांती कुजूर, सीता देवी, शिला उरांव, पूर्णिमा देवी, ललिता देवी, अमृता देवी समेत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के अन्य लोग उपस्थित थे।



## सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता को लेकर हेमंत कुमार सिन्हा, मो नसीम अंसारी को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के दो मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा और मो नसीम अंसारी को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थथता को लेकर विशेष प्रमाण पत्र दिया गया है। वहीं बुधवार को दोनों मध्यस्थ को सर्वोच्च न्यायल के वरिष्ठ न्यायाधीश सह अध्यक्ष भारतीय सर्वोच्च न्यायालय मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति जस्टिस बीआर गवाई द्वारा हस्ताक्षरित विशेष प्रमाण पत्र को पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा के हाथों प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र दोनों मध्यस्थों द्वारा मध्यस्थता को लेकर विशेष कार्य करने हेतु प्रदान गया है। वर्तमान में हेमंत कुमार सिन्हा अधिवक्ता सह वरिष्ठ मध्यस्थ के रूप में व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में कार्यरत हैं। वहीं नसीम अंसारी पूर्व में मध्यस्थ थे, किन्तु वर्तमान में एलएडीसी चीफ के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा में अपना योगदान दे रहे हैं। वहीं पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष ने मध्यस्थ सह अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा और एलएडीसी चीफ नसीम अंसारी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से दो युवक हुए घायल



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर गौसिया मस्जिद समीप स्थित होटल के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बूटी ग्राम निवासी सुशील उरांव और अनिल उरांव दोनों युवक घायल हो गये। वही घायल युवकों को सेन्हा थाना पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया। वही ट्रक की चपेट में आने से अनिल उरांव को हल्की चोटें लगी है। जब की सुशील उरांव को का स्थिति गंभीर था। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि खाली बॉक्साइड ट्रक और मोटरसाइकिल संख्या जे एच 08ई 6857 में सवार सुशील उरांव एव अनिल उरांव एक ही दिशा से लोहरदगा की ओर से कंडरा के तरफ़ जा रहे थे। तभी मोटर साइकिल सवार युवकों ने ट्रक के पीछे धक्का मार दिया। जिसे धक्का मारने पर बाइक चालक युवक रास्ता में गिर कर अचेत हो गया। जिसे ग्रामीणों ने स्थानीय थाना और 108 एंबुलेंस को सूचना दिया वही सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस घायल दोनों युवकों को सदर अस्पताल भेज दिया। जहां पर अनिल उरांव और सुशील उरांव का इलाज चल रहा है। ट्रक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

## जिला परिषद अध्यक्ष रीना कमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की हुई बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में आज बुधवार को जिला परिषद की बैठक जिला परिषद लोहरदगा के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सितंबर माह 2024 में हुई बैठक में विभिन्न विभागों को दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इसमें 15वें वित्त आयोग से विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु लाभुक समिति का चयन अंतर्गत सभी योजनाओं में लाभुक समिति को निर्गत कार्यादेश की जानकारी दी गई। जिला परिषद कार्यालय में दैनिक मजदूरी पर कार्यरत पांच कर्मियों के मासिक मजदूरी दर में वृद्धि, जिला परिषद में दैनिक मजदूरी पर आंशिक रूप से कार्यरत चार कर्मियों के मजदूरी दर में वृद्धि करने की जानकारी दी गई। जिला में जल-नल योजना में अनियमितता के उपर माननीय सदस्यों द्वारा उठाये सवाल पर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश उप विकास आयुक्त द्वारा दिये गये। किस्को स्थित प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय को पुराने प्रखण्ड भवन में शिफ्ट करने के जिला परिषद सदस्य किस्को के प्रस्ताव पर उप विकास आयुक्त द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लोहरदगा को आवश्यक निर्देश दिये गये। प्रखण्ड कार्यालय भण्डरा से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के मुख्य गेट तक पीसीसी पथ निर्माण कराने के बिंदु पर पंचायत समिति के लाभुक समिति द्वारा कार्य कराने का निर्णय लिये जाने की जानकारी दी गई। बालू की कमी को लेकर उठाये गये सवाल पर जिला खनन पदाधिकारी को जिला में प्रारंभ हुए कैटेगरी-1 की सूची सभी सदस्यों को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। कैरो प्रखण्ड में बैंक ऑफ इंडिया शाखा में एटीएम मशीन और पासबुक प्रिंट करनेवाली मशीन लगवाने का निर्देश अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा को दिया गया।

## डीसी सिमडेगा ने किया बनो प्रखंड का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने बानो प्रखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम पर्यटन स्थल डाडिंग का भ्रमण किया। निरीक्षण कर उपायुक्त महोदय ने विस्तृत रूप से पर्यटन क्षेत्र में विकसित करने हेतु संभावनाओं को तलाश। तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी मो0 नईम उद्दीन अंसारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं स्थानीय आमजनों के द्वारा डाडिंग पर्यटन स्थल का विभिन्न बिंदुओं पर विकसित करने से संबंधित मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया। इसके पश्चात् उपायुक्त महोदय द्वारा बानो प्रखंड के बांकी पंचायत में बिरसा हरित ग्राम के तहत क्रियान्वित पांच बागवानी योजना का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने बागवानी में लगे पौधों का जायजा लिया। इस दौरान देखा कि कई सारे आम के पौधों पर दीमक लगे थे। उन्होंने लाभुक से पेड़ की की बेहतर देखभाल करने की बात कहीं। दीमक से पौंधा को बचाने के लिए तनाह का पेन्ट करने बात कहीं। तथा उपायुक्त महोदय ने रोजगार सेवक को जेएसएलपीएस से बागवानी सखी को टैग करने का निर्देश दिया जिससे कि सभी पौधों का बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सके। वहीं उपायुक्त ने लाभुक को इंटर क्रॉपिंग करते हुए खाली स्थानों पर सब्जी सहित फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। मौके पर परियोजना पदाधिकारी श्री अमरेन्द्र कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री ज्ञान कुमार एवं रोजगार सेवक थे।

## चर्च बनने से प्रभु यीशु मसीह की कृपा बरसेगी और क्षेत्र में खुशहाली और तरक्की आयेगी : बिशप मुरेल बिलुंग

### जीईएल चर्च का हुआ पवित्र संस्कार सह उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड के अरानी स्थित जीईएल चर्च लेगोमटोली गिरजाघर का पवित्र संस्कार सह उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अनुष्ठाता के रुप में बिशप मुरेल बिलुंग उपस्थित थे। मौके पर कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर बिशप मुरेल बिलुंग ने विधिवत पवित्र संस्कार की अराधना संपन्न कराते हुए नए चर्च में आशीष जल का छिड़काव किया। बिशप मुरेल बिलुंग ने कहा कि गिरजाघर का पवित्र संस?कार प्रभु यीशु मसीह की कृपा से ही हो पाया है। आज से क्षेत्र में परम पिता परमेश?वर की कृपा लोगों में बरसेगी। साथ ही क्षेत्र विकास के पथ पर आगे आएगा। इसके अलावे क्षेत्र में खुशहाली और तरक्की आएगी। बिशप का सहयोग पादरी लॉरेंस डुंगडुंग, पादरी जेम्स जोजो, पादरी सिमोन हेरेंज, पादरी ज्योति तबिता बिलुंग, पादरी इमानी बुढ़, पादरी एभामनी किंडो, पादरी संगीता पुपेन मिंज, पादरी सुसारेम डुंगडुंग, पादरी जातोम टेटे, कंडीदत्त अयय डुंगडुंग, कंडीदत्त प्रतिमा डुंगडुंग आदि उपस्थित थे। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, नवनीत प्रेमचंद माड़की, उर्मिला केरकेट्टा,नीला नाग, जुली लुगुन, सोभेन तिग्गा विजय किंडो, पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान लुगुन सहित काफी संख्या में जीईएल धर्मावलंबी उपस्थित थे।



**चर्च में प्रार्थना करने से परम शांति का होता है अनुभव : विधायक भूषण बाड़ा**

मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज खुशी और आनंद का दिन है। ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रकट करने का दिन है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से आज अरानी के लेगोमटोली में जीईएल चर्च का पवित्र संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि गिरजाघर में प्रार्थना करने से परम शांति की अनुभूति होती है। यहां धर्म निवास करेगा। लोग आस्था से प्रभु की प्रार्थना करेंगे। उन्होंने लोगों को समाज में पनप रही बुराईयों को भी दूर करने एवं एकजूट रहने का आह्वान किया।

**चर्च बनने से लोगों में धर्म के प्रति बढ़ेगी आस्था : विधायक विक्सल कोंगाड़ी**

विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि चर्च की अराधाना होने से क्षेत्र में खुशहाली और तरक्की आएगी। लोग चर्च आकर शांति का अनुभव करेंगे। धर्म के प्रति लोगों की आस्था बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रभु की आराधना से जीवन सफल होगा। चर्च बनने के बाद समाज को मजबूत बनाने की शक्ति मिलेगी। इस चर्च के निर्माण से लोगों में श्रद्धा उत्पन्न होगी। लोग प्रभु यीशु के वचनों को सुनेंगे और उसे अपने जीवन में आत्मसात करेंगे। इससे क्षेत्र में बुराई भी दूर होगी।

16 से 25 मई को विराट रुद्र महायज्ञ सह मंदिर निर्माण को लेकर समिति गठित, अध्यक्ष बने विपिन कुमार सिंह

## 18 जनवरी को नगर भ्रमण के साथ कैरो उतका शिव मंदिर मे महायज्ञ को लेकर होगा ध्वजारोहण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखण्ड के उतका गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में बुधवार को रुद्र महायज्ञ आयोजन को लेकर शरत कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर श्री श्री 108 श्री कल्याण जी महाराज उपस्थित थे। इसमें रुद्र महायज्ञ का आयोजन भव्य रूप से करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन भी की गई। मंदिर के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर प्राण प्रतिष्ठा के साथ महायज्ञ की आयोजन होगी। यज्ञ के लिए 18 फरवरी को ध्वजारोहण का मुहूर्त रखी गई। इसके साथ महायज्ञ के लिए 16 मई से 25 मई की तिथि निर्धारित की गई है। इस अनुष्ठान का सफल आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष विपिन सिंह को चुना गया। वहीं सचिव भोला प्रसाद, सह सचिव बजरंग सोनी चुने गए। कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह, सह कोषाध्यक्ष नागेन्द्र सोनी बनाए गए। उपाध्यक्ष श्याम सुंदर उरांव, रामबुझावन गुप्ता, शरत कुमार, राजेन्द्र महतो, लहुरन साहू चुने गए। वहीं संरक्षक की जिम्मेवारी ब्रजकिशोर साहु, रामप्रसाद यादव, बानेश्वर राम, गंगा प्रसाद, अनिल पांडेय, बालेश्वर साहु, धनन्जय वर्मा, विजय भगत, आनंद साहु, बिहारी साहू को दी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दिलीप सिंह, लखन उरांव, जगदीश यादव, परमानंद साहु, सुकर सुधाकर, सुरेंद्र साहु,प्रसाद, सूरज मोहन साहु, रौशन सिंह, संग्राम यादव, सुनील सिंह, विवेक प्रजापति चुने गए। यज्ञ के यज्ञाधीश श्री श्री 108 श्री कल्याण जी महाराज होंगे। यज्ञाचार्य कौशल त्रिपाठी, दीपक मिश्रा और आशीष वैध होंगे।



## नगर महिला समिति द्वारा लगाया गया स्टॉल, जरुरतमंद लोगों के लिए किया गया वस्तु संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड के लोहरदगा नगर समिति तथा नगर महिला समिति के द्वारा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हिंदू समाज के दान पुण्य करने का परंपरा को निर्वहन करते हुए वनवासी कल्याण केंद्र के प्रकल्प तथा जरूरतमंद लोगों के लिए दान ग्रहण हेतु वस्तु संग्रह का स्टॉल लगाया गया। लोहरदगा नगर महिला समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती रीता अग्रवाल जी का आवास के सम्मुख में लगाया गया है। नगर के दानदाताओं तथा वनवासी कल्याण केंद्र के शुभचिंतकों के द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए दान नहीं दायित्व की भावना से वस्तु एकत्रित किए हैं जिसमें चावल, कंबल, स्वेटर, पानी के लिए फिल्टर, ग्लास, तथा अन्य आवश्यक सामग्री स्टॉल में एकत्रित किए हैं, स्टॉल का उद्घाटन करने में नगर समिति के अध्यक्ष अरुण राम, उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो, जिला समिति के सदस्य विनोद राय, वनवासी कल्याण केंद्र के सक्रिय शुभचिंतक नवल अग्रवाल, सक्रिय कार्यकर्ता तथा शुभचिंतक अनिल अग्रवाल, नगर महिला समिति के अध्यक्ष सुमन राय, उपाध्यक्ष रीता अग्रवाल, सचिव संगीता मित्तल, सहसचिव लक्ष्मी गोयल, शीतल कर्मकार, कनक अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पदमा कुमारी, सरस्वती कुमारी, दीपक कर्मकार, शहर के प्रतिष्ठित पत्रकार तथा वनवासी कल्याण केंद्र के शुभचिंतक दीपक मुखर्जी, जिला संगठन मंत्री, मंगल उराव, प्रांत के नगरीय कार्य प्रमुख, प्रमोथ नाथ, वनवासी कल्याण आश्रम के वरिष्ठ कार्यकर्ता कृपा प्रसाद सिंह जी सहित नगर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। जनजाति समाज का सर्वांगीण विकास का लक्ष्य लेकर बनवासी कल्याण केंद्र झारखंड द्वारा प्रांत में लगभग 2200 छोटे बड़े प्रकल्प संचालित किया जा रहा है। यह सब प्रकल्प संचालित करने के लिए अनेकों दैनिक उपयोगी तथा वस्तुओं के आवश्यकता होती है। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर वनवासी कल्याण केंद्र के शुभचिंतक तथा दानदाताओं द्वारा यह सब वस्तु संग्रह किया जाता है इसी क्रम में लोहरदगा में भी इस बार यह कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्यकर्ताओं का सक्रिय सहभागिता द्वारा यह सब प्रकल्प का संचालन संभव हो पा रहा है। लोहरदगा नगर में इस तरह का यह पहला कार्यक्रम था। नगर के दानदाता एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहित होकर प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर स्टाल लगाने का संकल्प लिए हैं।



## चलते चलते एक नजर

### सदर मेदिनीनगर के भूमि सुधार उप समाहर्ता के भ्रष्ट रवैया से पलामू के वकीलों में आक्रोश

## लैंड सीलिंग केस में दोनों पक्षों से करते हैं रिश्वत की मांग : रुचिर तिवारी



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने पलामू उपायुक्त युक्त को पत्र लिखकर पलामू जिला अंतर्गत सदर मेदिनीनगर के भूमि सुधार उप समाहर्ता भूमि सुधार पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहकर काम करने का आरोप लगाते हुए बर्खास्त करने की मांग किया है। जिला सचिव श्री तिवारी ने पत्र के माध्यम से लिखा कि उप समाहर्ता भूमि सुधार मेदिनीनगर के द्वारा सुनवाई के दरमियान मामले को लंबित रखते हैं। केस के दोनों पक्षकारों का इंतजार करते हैं कि कौन व्यक्ति इस मामले में ज्यादा पैसा देगा और उसी के पक्ष में फैसला देते हैं। इस कार्य में भूमि सुधार उपसमाहर्ता के पेस्कार भी संलिप्त हैं, जो बिचौलिया के रूप में काम कर रहा है। इस संदर्भ में वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यपत सिंह, नंदलाल सिंहजेड शौकत अली खान, सच्चिदानंद सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, सोहेल अख्तर सहित सैकड़ो अधिवक्ता ने भी उप समाहर्ता भूमि सुधार मेदिनीनगर के भ्रष्ट रवैया पर आक्रोश व्यक्त किया है। इन अधिवक्ताओं ने कहा कि सिलिंग एवं अन्य केस के मामले में उपसमाहर्ता भूमि सुधार मेदिनीनगर केस का फैसला मेरिट से नहीं बल्कि पैसे की बोली लगाकर तय करते है।

## लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर मंत्री संतोष सिंह को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**पटना :** लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह से रंगदारी मांगने धमकी देने वाले अपराधी को पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पटना पुलिस ने आरोपी संजय यादव को यूपी के आजमगढ़ से दबोचा कर पटना ले आयी. बताया जा रहा है कि गिरफ्तार 24 वर्षीय संजय यादव बेरोजगार युवक है. वह करीब तीन महीने पहले मुंबई से यूपी अपने घर लौटा था. गिरफ्तार संजय यादव ने अंडरवर्ल्ड डॉन लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर फोन पर 30 लाख की रंगदारी मांगी थी और बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सिंह को मैसेज भेजा था कि अगर रंगदारी नहीं दी गई तो 24 घंटे के अंदर अंजाम भुगतना होगा. फिलहाल इस मामले में गिरफ्तार संजय यादव से पुलिस पूछताछ जारी है. आपको बता दें कि मंत्री संतोष कुमार सिंह के पास जिस नंबर से कॉल आया था वह भारत से बाहर का था. कॉल करने वाले ने कहा कि तुम बहुत ज्यादा दबंग बन रहे हो, 30 लाख दो वरना अच्छा नहीं होगा. उसकी बात सुनने के बाद मंत्री ने भी कहा कि जो करना है करो, मैं किसी से नहीं डरता. मैं तुम्हें कोई पैसा नहीं दूंगा, जिसके बाद मंत्री ने कॉल काट दिया. व्हाट्सएप पर धमकी भरा मैसेज दिया गया जिसमें कहा गया कि अगर जान बचाना है तो 30 लाख रुपये भेज दो.

# समाचार पत्रों ने की न्यूज प्रिंट पर से जीएसटी हटाने की मांग

### समाचार पत्रों के समक्ष अस्तित्व के संकट को लेकर नई दिल्ली में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूरे देश में समाचार पत्रों के समक्ष गहराते संकट और मौजूदा समस्याओं को दूर करने के लिए नवगठित अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक-संपादक संघ की यहां रांची प्रेस क्लब में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) को पूरी तरह जीएसटी से मुक्त करने की मांग की गई। इस मांग को लेकर संघ आगामी फरवरी माह में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन आयोजित करेगा और केन्द्र सरकार से इस समस्या का हल निकालने का आग्रह करेगा।

बैठक में उपस्थित बिहार, झारखंड,नई दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों के चार दर्जन से अधिक समाचार पत्र के प्रकाशकों-संपादकों ने कहा कि आज देश के समाचार पत्र कई कठिनाइयों के दौर से गुजर रहे हैं। इन्हें दूर करने के लिए संघ निरंतर प्रयास करेगा। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समाचार पत्र प्रकाशक-संपादक संघ की ओर से समाचार पत्रों खासकर अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) को जीएसटी से मुक्त करने और प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों पर लगने वाले जीएसटी को पूरी तरह समाप्त करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। संघ की बैठक में इस मुद्दे पर सर्वसम्मति बनी कि यदि अखबारी कागज पर जीएसटी को तत्काल वापस नहीं लिया जाता है तब तक प्रसार जांच की नई पॉलिसी को स्थगित रखने के साथ-साथ सरकार इसकी समीक्षा के लिए



एक आयोग का गठन करे और आयोग समाचार पत्रों के समक्ष सरकार के स्तर पर उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में गहन अध्ययन कर एक प्रतिवेदन केंद्र सरकार को समर्पित करे। बैठक में प्रकाशकों ने एक स्वर से कहा कि आज हिंदी समेत सभी भाषाई अखबारों के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है। इससे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा खतरा दिख रहा है। उन्होंने कहा कि यदि देश में बड़े पैमाने पर समाचार पत्रों के समक्ष बंदी की स्थिति उत्पन्न हुई तो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाचार पत्रों से जुड़े एक करोड़ परिवार यानि करीब 5 करोड़ लोग प्रभावित तथा बेरोजगार हो जाएंगे। बेरोजगार होने वाले में प्रखंड, अनुमंडल, जिला तथा राज्य स्तर पर कार्यरत पत्रकारों के अलावा अखबार के वितरण कार्य में लगे हॉकर तथा एजेंट भी शामिल होंगे। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। बैठक में 6 वर्षों से विज्ञापन दर को संशोधित करने के मामले को लंबित रखे जाने के समाधान किए जाने पर जोर दिया गया। संघ की ओर से कहा गया है कि अखबारी कागज, स्याही, मुद्रण में प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्रियों पर जीएसटी लागू किए जाने से अखबार प्रकाशन की लागत में काफी वृद्धि हुई है।जबकि डीएवीपी का विज्ञापन दर पिछले 6 वर्षों से संशोधित नहीं किया गया है। गौरतलब है कि डीएवीपी (अब केंद्रीय संचार ब्यूरो) की ओर से प्रत्येक 3 वर्ष पर विज्ञापन दर संशोधित करने की परंपरा रही है। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 10 फरवरी को नई दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया या कांस्टीट्यूशन क्लब में समाचार पत्र प्रकाशकों-संपादकों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सिलसिले में समस्याओं के समाधान के लिए संघ का शिष्टमंडल प्रधानमंत्री, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, सूचना एवं प्रसारण सचिव, केंद्रीय संचार ब्यूरो और प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो के महानिदेशक तथा भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक से मिलकर समाचार पत्र उद्योग के समक्ष उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए विचार-विमर्श और आग्रह करेगा। बैठक में कमल किशोर, जसीम रिजवी, शारिब खान, रजत गुप्ता, अशोक कुमार, प्रेम शंकर, विनय कुमार, श्रीराम अम्बष्ट, विनय वर्मा, राहुल सिंह, रोहित दत, देवन राय, संजय पोद्दार, नित्यानंद शुक्ला, सम्पूर्णानंद भारती, सौरभ सिंह, मो रहमतुल्लाह, संतोष पाठक, अनश रहनुमा मो0 खुर्शीद समेत बड़ी संख्या में प्रकाशक-सम्पादक उपस्थित थे।

# सामाजिक समरसता का पर्व है मकर संक्रांति : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारत विविधताओं में एकता का सटीक उदाहरण है। यहां मनाये जान वाले पर्व-त्योहार हमारी समृद्धि, समरसता और एकजुटता को दर्शाते हैं, इन्हीं पर्वों में से एक है मकर संक्रांति जो पूरे देश भर में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह उत्सव की छवि नवा टोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में भी देखने को मिली जहां लगभग 700 छात्रवासी बच्चों ने एक साथ इस त्यौहार को मनाया, वहीं विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव व अन्य कर्मचारियों ने बच्चों को दही चुरा व तिलकुट के स्वाद चखा कर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दिया। मौके पर चेयरमैन श्री देव ने मकर संक्रांति त्योहार के धार्मिक मान्यताओं व खगोल विज्ञान से जुड़ी बातों को बताते हुए कहा कि यह पर्व समाज में प्रेम , भाईचारे और आपसी सौहार्द को प्रोत्साहित करता है, यह केवल त्योहार नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी है। यह हमें सिखाता है कि जैसे सूर्य अपनी किरणों से सभी को समान रूप से प्रकाश और ऊर्जा प्रदान करता है, वैसे ही हमें भी समाज में सभी के प्रति समानता, सहानुभूति और प्रेम का भाव रखना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जो जीवन में नयी ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है साथ ही भागदौड़ भरी जिंदगी में ठहराव के पल देकर परिवार व समाज को एकजुट करता है।

# एसपीडी कॉलेज के प्रो. अखिलेश पाठक बने महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा में शिक्षक प्रतिनिधि पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अखिलेश कुमार पाठक ने निवर्तमान शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. विवेकानन्द उपाध्याय को 13 मतों के मुकाबले 17 मत प्राप्त कर महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव 4 मतों के अन्तर से इस चुनाव को जीत कर महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि बने। इस संबंध में जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रो. निकलेश चैबे ने बताया कि इस महाविद्यालय



में शिक्षक प्रतिनिधि पद के चुनाव के लिए विगत 3 जनवरी को अधिसूचना जारी की गयी थी। नामांकन हेतु सूचना की तिथि 8 जनवरी, नाम वापसी 10 जनवरी, वैध नामांकन की घोषणा 10 जनवरी, निर्वाचन, मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की तिथि 15 जनवरी निर्धारित की गयी थी। चुनाव में पर्यवेक्षक के रुप में विश्वविद्यालय से डा. जगदीश्वर पाण्डेय उपस्थित थे। निर्धारित समयानुसार आज चुनाव संपन्न हुआ जिसमें प्रो. अखिलेश कुमार पाठक महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि चुने गए।

### उत्तराखंड निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

# भाजपा का संकल्प पत्र विकास की गारंटी : मुख्यमंत्री धामी

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड में नगर निकाय चुनावों के लिए भाजपा ने संकल्प पत्र जारी कर दिया है। देहरादून में बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी मुख्यालय में 11 नगर निगमों के लिए संकल्पपत्र को जारी किया।इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र विकास की गारंटी है। मुख्यमंत्री धामी ने पार्टी के विकासात्मक दृष्टिकोण और आगामी पांच वर्षों के लिए निर्धारित कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र न केवल शहरी विकास के प्रति ट्रिपल इंजन सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है, बल्कि आने वाले पांच वर्षों के लिए भाजपा की ठोस और



**सीएम धामी ने कहा कि यह संकल्प पत्र न केवल शहरी विकास के प्रति ट्रिपल इंजन सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है, बल्कि आने वाले पांच वर्षों के लिए भाजपा की ठोस और भरोसेमंद गारंटी भी है।**

भरोसेमंद गारंटी भी है। इस संकल्प पत्र में जिन महत्वपूर्ण और दूरगामी विषयों को शामिल किया गया है, वे निश्चित रूप से लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता सिर्फ घोषणाएं करना नहीं है, बल्कि उन घोषणाओं को वास्तविकता में बदलना है। नगर निकाय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद्र उनियाल, सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, विधायक सविता कपूर, बृजभूषण गैरोला, सहदेव पुंडीर, आदित्य कोठारी, कुंवर प्रणव चैंपियन, मीरा, कुलदीप कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## ठंड को लेकर डीएम का आदेश, 18 जनवरी दिन तक फिर बंद हुए आठवीं तक के स्कूल

**पटना :** पटना में ठंड को देखते हुए डीएम ने एक बार फिर से कक्षा 8 तक के सभी निजी एवं सरकारी स्कूल को बंद रखने का आदेश दिया है. पटना के डीएम चंद्रशेखर ने पटना में ठंड को देखते हुए यह निर्देश दिया है. 18 जनवरी तक अब स्कूल बंद करने का निर्देश दिया है. आठवीं कक्षा से ऊपर के क्लास सुबह 9:00 बजे से 3:30 बजे तक चलेगा. डीएम ने कहा कि अत्यधिक ठंड और गिरते तापमान के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है. इसलिए बढ़ते ठंड को देखते हुए अगले दो दिनों तक और स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया गया है.



# भारतीय महिला टीम ने एकदिवसीय क्रिकेट में बनाया सबसे बड़ा स्कोर

एजेंसी

**राजकोट :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आयरलैंड के खिलाफ राजकोट में खेले जा रहे तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार एकदिवसीय क्रिकेट में 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 435 रनों का विशाल स्कोर बनाया। यह भारतीय महिला टीम का एकदिवसीय में सर्वोच्च स्कोर है। ओवरऑल महिला एकदिवसीय में यह चौथा सर्वोच्च स्कोर है। महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड महिला टीम के नाम है। यह रिकॉर्ड उसने आयरलैंड के खिलाफ ही साल 2018 में बनाया था। न्यूजीलैंड महिला टीम ने 4 विकेट के नुकसान




पर 491 रन बनाए थे। 12 जनवरी को आयरलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम ने 370 रन बनाए थे जो कि टीम का एकदिवसीय में सबसे बड़ा स्कोर था लेकिन तीसरे मैच में टीम ने ये रिकॉर्ड तोड़ डाला। भारतीय महिला टीम को इस एतिहासिक स्कोर तक पहुंचाने में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल का अहम योगदान रहा। प्रतिका ने जहां 129 गेंदों में 154 रनों की पारी खेली, वहीं मंधाना ने महज 80 गेंदों में 135 रन बनाए।आयरलैंड के खिलाफ इस सीरीज में हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी कर रहीं मंधाना ने मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। भारतीय महिला टीम को सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल और कप्तान स्मृति मंधाना ने दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में ही टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचा दिया।

# संगठित अपराध से निपटने के लिए विशेष कार्य बल गठित करेगी प्रदेश सरकार : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश सरकार ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग और संगठित अपराध के उन्मूलन के लिए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) गठित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अथवा पुलिस महानिरीक्षक पद का अधिकारी करेगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक वैश्विक चुनौती बन गया है जिसके विरूद्ध सख्त उपायों को अपनाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कडे प्रावधान लागू किए हैं, जिससे नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का प्रावधान भी शामिल हैं।एसटीएफ को विशेष प्रशिक्षण और समर्पित कमांडो बल के साथ तैयार किया जाएगा, जिसमें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ प्रशिक्षण भी शामिल होगा। एसटीएफ के लिए कुछ कर्मी पुलिस विभाग से लिए जाएंगे और बाकी अन्य बलों से शामिल किए जाएंगे। टास्क फोर्स समन्वित छापेमारी करेगी, नशीली दवाओं के व्यापार से जुड़ी अवैध संपत्तियों को जब्त करेगी और नशा करने वालों को पुनर्वास सुनिश्चित करेगी और पुनर्वास केंद्रों की स्थापना को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, सरकार का लक्ष्य नशे के शिकार लोगों के उपचार और पुनर्वास कार्यक्रमों तक पहुंच का विस्तार प्रदान करना है। स्कूलों और कॉलेजों में राज्यव्यापी जागरूकता अभियानों के साथ-साथ 'हिम वीर' और 'हिम दोस्त' जैसी पहलों के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ाया जाएगा।

## मंईयां योजना की राशि बढ़ते ही राशन कार्ड बनवाने की मची होड़


**रांची :** मंईयां सम्मान योजना की राशि आने के बाद से ही राशन कार्ड बनाने वालों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है. हर दिन रांची समाहरणालय स्थित आपूर्ति कार्यालय में राशन कार्ड का आवेदन लेकर सौ से अधिक लोग पहुंच रहे हैं. इसके अलावा प्रज्ञा केंद्रों पर भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है. जानकारी के अनुसार, एक सप्ताह में 1500 लोगों ने राशन कार्ड के लिए आवेदन रांची स्थित आपूर्ति कार्यायल में दिया है. लगातार लोग गरीबी और बीमारी का हवाला देकर कार्ड बनाने के लिए आवेदन दे रहे हैं. आपको बता दें कि अभी सिर्फ हरा कार्ड बनाया जा रहा है. रांची में चार लाख 16 हजार नौ सौ 38 गुलाबी और एक लाख 19 हजार 34 पीला कार्डधारी हैं. जिले में अबतक 56 हजार 185 हरा राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं. खाद्य आपूर्ति विभाग के आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में नये राशन कार्ड बनाने के लिए 41 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं.

# मप्र के हर जिले में होगी पुलिस बैण्ड की स्थापना

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। मंत्रि-परिषद ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड की स्थापना होगी। इसके लिए 932 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, प्रदेश को वर्ष 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने का महत्वाकांक्षी निर्णायक कदम उठाते हुए मंत्रि-परिषद ने गरीब कल्याण मिशन के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी।

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि गरीब कल्याण मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुये उनकी



आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है। गरीब कल्याण मिशन संयुक्त रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि गरीब कल्याण मिशन मुख्यतः तीन घटकों यथा बहु-आयामी गरीबी इण्डेक्स में सुधार, आजीविका सुदृढ़ीकरण और विद्यमान संगठनों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। बहु आयामी गरीबी इण्डेक्स के मुख्य बिन्दु महिलाओं और बच्चों का पोषण सुनिश्चित करना, शिशु मृत्यु दर कम करना, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य सुनिश्चित करना, माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करना, माध्यमिक कक्षा तक के छात्रों की स्कूल में उपस्थिति, भोजन पकाने के लिए समुचित ईंधन उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, आवास निर्माण, परिवारों के पास संसाधन उपलब्धता, बैंक खाता की उपलब्धता के साथ वित्तीय समावेश में सुधार किया जायेगा।